RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 107
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



प्रगानंदा ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया

स्पोर्ट्स-12

# कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या, हिंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** शिवमोगा (कर्नाटक)



शिवमोगा में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने कई वाहनों में आग लगा दी

- दुकानों में तोड़फोड़ घरों पर पथराव और कई वाहनों में लगाई आग
- शहर में धारा 144 लागू, सभी स्कूल, कॉलेज बंद करने के आदेश

**कर्नाटक** के शिवमोगा में बजरंग दल के 28 वर्षीय कार्यकर्ता की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार को मृतक के अंतिम संस्कार के दौरान हिंसा भड़क उठी, जिसमें एक फोटो पत्रकार और महिला पुलिसकर्मी समेत तीन लोग घायल हो गए। कई वाहनों को आग लगा दी गई और जमकर पथराव हुआ। यह घटना उस समय हुई, जब मारे गए कार्यकर्ता हर्षा का शव अस्पताल से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बीच उपद्रवियों ने पथराव किया, कुछ वाहनों को जला दिया या तोड़ दिया। कई दुकानों में भी तोड़फोड़ कर दी।


शिवमोगा कस्बा राज्य की राजधानी बेंगलुरू से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। यहां हाल ही में कुछ कॉलेजों में हिजाब को लेकर बवाल हुआ था। ताजा घटना से पूरे कस्बे में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने कहा कि हत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हालात को काबू में करने का प्रयास किया और शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाने का रास्ता साफ किया। पुलिस ने बताया कि भारती कॉलोनी की रवि वर्मा गली में रविवार रात अज्ञात हमलावरों ने हर्षा नामक व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू से वार कर हत्या कर दी।

ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री एवं शिवमोगा से विधायक के.एस. ईश्वरप्पा ने कहा कि समुदाय विशेष से संबंधित गुंडों ने हत्याकांड को अंजाम दिया है। ईश्वरप्पा ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार पर भी आरोप लगाया कि उनके बयान ने अल्पसंख्यक समुदाय में असामाजिक तत्वों को उकसाया। उन्होंने आरोप लगाया कि डी के शिवकुमार ने हाल में एक भड़काऊ बयान दिया था कि एक सरकारी स्कूल परिसर से राष्ट्रीय ध्वज हटाकर भगवा झंडा फहराया गया है और सूरत से वाहनों में भरकर 50 लाख भगवा झंडे लाए गए और छात्रों को बांटे गए। इससे दूसरे समुदाय में तनाव पैदा हुआ। वहीं, शिवकुमार ने मंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि ईश्वरप्पा को उनका नाम लिए बिना नींद नहीं आ सकती। शिवमोगा के उपायुक्त आर सेल्वामणि ने पत्रकारों को बताया कि शहर में दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सभी स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। (शेष पेज 9)

## हिजाब पर कोर्ट का फैसला सभी को मानना होगा: शाह

- गृहमंत्री ने कहा-सभी धर्मों के लोग करें स्कूल ड्रेस कोड का पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कर्नाटक** समेत पूरे देश व विदेश तक बहस का मुद्दा बने हिजाब विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनका मानना है कि सभी धर्मों को स्कूल ड्रेस कोड का पालन करना चाहिए। शीर्ष भाजपा नेता ने कहा कि हम पंजाब में गठबंधन सरकार बनाएंगे और उत्तर प्रदेश में पार्टी को पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी। सीएनएन 18 से बातचीत में शाह ने कहा कि यह मेरा व्यक्तिगत विश्वास है कि सभी धर्मों के लोगों को स्कूल के ड्रेस कोड को स्वीकार करना चाहिए और यह मामला अब अदालत में है और अदालत इस मामले पर अपनी सुनवाई कर रही है। कोर्ट जो भी फैसला करता है, उसका सभी को पालन करना चाहिए। शाह ने कहा कि आखिरकार, यह तय किया जाना चाहिए कि देश संविधान के अनुसार काम करेगा या किसी की सनक के आधार पर। (शेष पेज 9)

## अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें: सीएम

**मुख्यमंत्री** बसवराज बोम्मई ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि घटना में शामिल लोगों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बोम्मई ने बेंगलुरू में पत्रकारों से कहा कि जांच शुरू हो गई है और कुछ पुख्ता सबूत मिले हैं। हमें उम्मीद है कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को यह सुनिश्चित करने को कहा कि अन्य स्थान पर कोई अप्रिय घटना न हो। बोम्मई ने कहा कि मैं शिवमोगा के लोगों से कहना चाहूंगा कि हमने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कदम उठाए हैं। अफवाहों पर ध्यान ना दें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखें। विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस नेता सिद्धरमैया के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र के इस्तीफे की मांग करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धरमैया इसमें भी राजनीति कर रहे हैं और अतार्किक बातें कर रहे हैं। (शेष पेज 9)

## केरल में माकपा कार्यकर्ता की हत्या, संघ के लोगों पर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** कन्नूर (केरल)

**केरल** के कन्नूर जिले में रविवार देर रात मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्ता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पेशे से मछुआरे हरिदासन पर रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे हमलावरों ने न्यू माहे के निकट पुन्नोल में उसके घर के सामने तब हमला किया जब वह काम से लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि 54 वर्षीय हरिदासन को पड़ोसी तलास्सेरी के अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। माकपा ने आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ता की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस)-भाजपा के लोगों ने हत्या की है। (शेष पेज 9)

# लालू यादव को पांच साल कठोर कारावास की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची



- चारा घोटाले में डोरंडा कोषागार गबन मामले में आया फैसला
- अन्याय, असमानता से तानाशाही जुल्मी सत्ता से लड़ा हूं, लड़ता रहूंगा: लालू यादव

**सीबीआई** की विशेष अदालत ने सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को पांच साल के कठोर कारावास और 60 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। यह सजा चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित मामले में दी गई है। चारा घोटाले के पांच मामलों में अब तक लालू प्रसाद को दोषी ठहराया जा चुका है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी करार दिए गए अन्य अभियुक्तों को कैद के अलावा दो करोड़ रुपए तक जुर्माने की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद राजद सुप्रीमो के वकील प्रभात कुमार ने कहा कि हम इस फैसले को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। साथ ही लालू प्रसाद की ओर से जमानत याचिका भी दाखिल की जाएगी। प्रभात कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद इस मामले में तीन साल और 19 दिन बिताए हैं, इसलिए उन्हें जमानत मिल सकती है। हालांकि, सीबीआई सूत्रों ने इस दावे का खंडन किया और कहा कि लालू प्रसाद ने जेल में ज्यादा समय नहीं बिताया है।

अपने खिलाफ फैसला आने पर लालू प्रसाद ने ट्वीट कर हुंकार भरी और कहा कि अन्याय, असमानता से तानाशाही जुल्मी सत्ता से लड़ा हूं, लड़ता रहूंगा। आंखों में आंखे डाल कर, सच जिसकी ताकत है, साथ है जिसके जनता, उसके हौसले क्या तोड़ेंगी सलाखें। लालू प्रसाद के बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके पिता को इसलिए दोषी ठहराया गया क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि अगर लालू यादव बीजेपी से हाथ मिलाते तो उन्हें राजा हरिश्चंद्र कहा जाता, लेकिन आज वह आरएसएस-बीजेपी के खिलाफ लड़ रहे हैं, इसलिए उन्हें कारावास का सामना करना पड़ रहा है। हम इससे नहीं डरेंगे। (शेष पेज 9)

## उप्र में चौथे चरण के मतदान के लिए थमा चुनावी शोर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- लखनऊ समेत नौ जिलों की 59 सीटों पर कल पड़ेंगे वोट

**यूपी** विधानसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए सोमवार शाम को चुनावी शोर थम गया है। मतदान 23 फरवरी बुधवार को होगा। इस चरण में 9 जिलों की 59 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मंगलवार की शाम तक सभी पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच जाएंगी। चौथे चरण में पीलीभीत, खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बांदा और फतेहपुर में मतदान होगा। भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा, बसपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस चरण में धुंआधार प्रचार किया। प्रचार के अंतिम दिन गृहमंत्री अमित शाह पीलीभीत, महोली और बाराबंकी में रैली की। सीएम योगी ने रायबरेली समेत कई सीटों पर सभा की और लखनऊ में रोड शो भी किया। चौथे चरण में योगी सरकार के दो मंत्रियों के अलावा दो केन्द्रीय मंत्रियों की भी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। इनमें लखनऊ से सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लखीमपुर से सांसद एवं गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी शामिल हैं। इस चरण में योगी सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ कैंट सीट पर और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन लखनऊ पूर्व सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर सपा के अनुराग भदौरिया उन्हें चुनौती दे रहे हैं। लखनऊ की सरोजनी नगर सीट से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राजेश्वर सिंह भाजपा के उम्मीदवार हैं। (शेष पेज 9)

## 15 मार्च से नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू होने की संभावना

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकारी सूत्रों ने सोमवार को कहा कि नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 मार्च से फिर से शुरू हो सकती हैं और इसके लिए भारतीय हवाई अड्डों पर प्रभावी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामलों में लगातार गिरावट को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के परामर्श के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने के निर्णय पर लगभग पहुंच चुका है। हालांकि, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 मार्च से फिर से शुरू होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए 14 फरवरी से प्रभावी दिशानिर्देशों का पालन इन उड़ानों के यात्रियों के लिए हवाई अड्डों पर किया जाएगा। भारत में निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर 28 फरवरी तक प्रतिबंध लागू है। देश में ऐसी उड़ानें 23 मार्च, 2020 से कोविड-19 महामारी के कारण निलंबित हैं।

## दिव्यांग किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दुकान में छुपाया शव एक आरोप गिरफ्तार

**नरेला** इलाके के सन्नोठ गांव में दिमागी रूप से कमजोर किशोरी से गैंग रेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपियों ने शव को एक दुकान में छुपा दिया और फरार हो गए। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल दूसरा आरोपी अभी फरार है।

नरेला औद्योगिक थाना क्षेत्र की पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त बीके यादव ने बताया कि 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार के साथ गांव में रहती थी। वह 12 फरवरी की शाम से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर तीन दिन बाद पुलिस ने अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज कर लिया लेकिन किशोरी का पता नहीं चल पाया। इस बीच 19 फरवरी को सन्नोठ गांव में बोतल का ढक्कन बनाने की छोटी सी फैक्ट्री संचालित करने वाले राहुल राय ने बताया कि उनकी दुकान से बदबू आ रही है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में कार्यरत सुनील भी गायब है। जब एसएचओ सतीश कुमार की टीम ने जब दुकान की छानबीन की तो उपले के ढेर में सड़ा गला शव मिला जिसकी पहचान लापता किशोरी के रूप में हुई। शुरुआती जांच में गैंग रेप की पुष्टि हुई थी इसलिए पुलिस ने अपहरण की प्राथमिकी में हत्या एवं दुष्कर्म की धाराएं जोड़ दी है। साथ ही एसीपी रिद्धिमा सेठ की देखरेख में एसएचओ सतीश कुमार की टीम ने मामले की जांच शुरू की। चूंकि घटना के सयय राहुल राय झांसी गये हुए थे इसलिए शक की सुई फरार नौकर सुनील और उसके दोस्त सचिन पर थी। टीम ने सुनील की तलाश में हरदोई छापेमारी की लेकिन वहां पता चला कि वह दस साल से घर नहीं आया था। इस बीच मेट्रो विहार चौकी प्रभारी मनोज कुमार मीणा की टीम को सूचना मिली कि सचिन सन्नोठ गांव के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। (शेष पेज 9)

## पेगासस जासूसी मामले में 23 को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय पेगासस मामले संबंधी याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करेगा। इससे पहले, न्यायालय ने पिछले साल अक्टूबर में इस मामले पर सुनवाई की थी। उस समय न्यायालय ने भारत में कुछ लोगों की निगरानी के लिए इजराइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों का तीन सदस्ईय एक पैनल गठित करने का आदेश दिया था। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने 12 जनहित याचिकाओं को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इनमें एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया , पत्रकारों-एन राम और शशि कुमार की याचिकाएं भी शामिल हैं। इस दौरान उस रिपोर्ट की समीक्षा भी की जा सकती है, जिसे शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त पैनल को दाखिल करने को कहा गया था।

## केंद्र ने सीमा प्रबंधन योजना के लिए 13,020 करोड़ की राशि मंजूर की

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों पर 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि के लिए सीमा अवसंरचना और प्रबंधन (बीआईएम) योजना को जारी रखने के लिए 13,020 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इस संबंध में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस फैसले से सीमा प्रबंधन, पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। बयान में कहा गया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों पर 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि के लिए बीआईएम योजना को जारी रखने के लिए 13,020 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इसमें कहा गया कि गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय सीमा के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। बीआईएम योजना पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन, नेपाल, भूटान और म्यांमा से लगती भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए सीमा पर बाड़बंदी करने और फ्लड लाइट लगाने, तकनीकी समाधान, सीमावर्ती सड़कों और सीमा चौकियों (बीओपी) जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करेगी। पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा 3,323 किलोमीटर लंबी है, जिसमें लगभग 775 किलोमीटर का नियंत्रण रेखा क्षेत्र शामिल है। वहीं, बांग्लादेश के साथ भारत की सीमा की लंबाई 4,096 किमी, चीन के साथ 3,488 किमी, नेपाल के साथ 1,751 किमी, भूटान के साथ 699 किमी और म्यांमा के साथ भारत की सीमा 1,643 किमी लंबी है। अधिकारियों ने कहा कि सीमाओं को सुरक्षित करने और देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा बनाने की रणनीति के तहत सरकार कई पहल कर रही है, जिनमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और म्यांमा से लगतीं सीमाओं पर तेजी से बाड़बंदी करने, फ्लडलाइट लगाने और सड़क बनाने तथा चीन, नेपाल और भूटान से लगतीं सीमाओं पर रणनीतिक सड़कों का निर्माण शामिल है।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,684 | ↓ | 149 | |
| निफ्टी | 17,207 | ↓ | 70 | |
| सोना | 59,827 | ↓ | 212 | /10g |
| चांदी | 63,329 | ↓ | 480 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### शराब पीने से तीन की मौत कई अस्पताल में भर्ती

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले की फूलपुर तहसील के माहुल नगर पंचायत इलाके मे शराब पीने से तीन लोगो की मौत हो गई तथा लगभग एक दर्जन लोगो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। इन सभी लोगों ने एक देशी शराब की सरकारी दुकान से शराब ली थी। आजमगढ़ के जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी के अनुसार अहरौला थाना के माहुल नगर पंचायत मे सरकारी देशी शराब की दुकान से रविवार की शाम को शराब पीने से तीन लोगो की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मरने वालों में झब्बू सोनकर (52), राम करन सोनकर (55) तथा रामप्रीत (55) शामिल है। उन्होंने बताया कि करीब एक दर्जन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अपराध साबित करने के लिए घूस का प्रमाण आवश्यक: सुप्रीम कोर्ट


**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार-रोधी कानून के प्रावधान के तहत किसी सरकारी कर्मचारी के रिश्वत मांगने और उसे स्वीकार करने के अपराध को साबित करने के लिए सबूत का होना जरूरी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि भ्रष्टाचार रोकथाम (पीसी) अधिनियम की धारा 7 के तहत लोक सेवकों द्वारा रिश्वत मांगने से संबंधित अपराध के लिए गैर-कानूनी मांग और उसे स्वीकार करना अनिवार्य कारक होते हैं। यह धारा सरकारी अधिनियम के संबंध में कानूनी पारिश्रमिक के अलावा अवैध पारितोषिक लेने वाले लोक सेवकों के अपराध से संबंधित है।

न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द करते हुए यह कहा। उच्च न्यायालय ने एक महिला लोक सेवक की सजा को बरकरार रखा था। सिकंदराबाद में एक वाणिज्यिक कर अधिकारी के रूप में कार्यरत महिला अधिकारी को भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 7 के तहत कथित अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। पीठ ने अपने 17 पन्नों के फैसले में कहा, भ्रष्टाचार रोकथाम(पीसी) अधिनियम की धारा 7 के तहत लोक सेवकों द्वारा रिश्वत मांगने से संबंधित अपराध के लिए गैर-कानूनी मांग और उसे स्वीकार करना अनिवार्य कारक होते हैं। भ्रष्टाचार-रोधी कानून की धारा 7 के प्रावधान के तहत सरकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने और उसे स्वीकार करने के अपराध को साबित करने के लिए सबूत का होना जरूरी है। शीर्ष न्यायालय ने आरोपी महिला अधिकारी द्वारा तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका पर यह फैसला सुनाया।

# कोविड के जोखिम को कम नहीं करता सप्लीमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले विटामिन सी, डी और जिंक से नहीं मरता वायरस

**यदि** आप कोविड -19 के जोखिम को कम करने के लिए प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले सप्लीमेंट (पूरक) की अपनी दैनिक खुराक पर भरोसा कर रहे हैं, तो यह दोबारा सोचने का समय है। एक नए अध्ययन के अनुसार, इस तरह के सप्लीमेंट से कोई मदद नहीं मिल सकती है। कोविड -19 के खिलाफ विटामिन की प्रभावकारिता का दावा करने वाले कई अध्ययनों के मद्देनजर, एक नए शोध में कहा गया है कि विटामिन सी, डी और जिंक जैसे प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले सप्लीमेंट लेने से आपके वायरस से मरने की संभावना कम नहीं होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिसिन व लाइफ साइंस में इंटर्नल मेडिसिन रेजीडेंट डॉ. अज़ीज़ुल्लाह बेरन ने कहा कि बहुत से लोगों में यह गलत धारणा है कि यदि आप जिंक, विटामिन डी या सी लेते हैं तो यह कोविड -19 के क्लीनिकल परिणामों में मदद कर सकता है। बेरन ने साथ यह भी जोड़ा कि नतीजों में ऐसा नहीं पाया गया है। क्लिनिकल न्यूट्रिशन ईएसपीईएन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में, टीम के 26 सहकर्मियों ने अध्ययनों की समीक्षा की जिसमें 5,600 से अधिक अस्पताल में भर्ती कोविड रोगी शामिल थे। विश्लेषण में उन रोगियों की तुलना में विटामिन डी, सी या जिंक के साथ इलाज करने वालों की मृत्यु दर में कोई कमी नहीं पाई गई, जिन्होंने इन तीन सप्लीमेंट में से एक भी नहीं लिया था

शोधकर्ताओं ने कहा कि विटामिन डी के साथ उपचार सांस की कम दरों और कम अस्पताल में रहने के साथ जुड़ा हो सकता है, उस खोज को मान्य करने के लिए व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है। विटामिन सी और जिंक अस्पताल में कम रहने या किसी मरीज को वेंटिलेटर पर रखे जाने की संभावना को कम करने से जुड़े नहीं थे। शोधकर्ताओं ने उन व्यक्तियों के एक छोटे समूह का भी विश्लेषण किया जो वायरस संक्रमित होने से पहले विटामिन डी ले रहे थे और मृत्यु दर में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अध्ययन की व्याख्या यह नहीं की जानी चाहिए कि विटामिन और मिनरल्स सप्लीमेंट खराब हैं या इससे बचा जाना चाहिए, बल्कि यह स्पष्ट किया कि वे कोविड के कारण होने वाली मौतों को रोकने में प्रभावी नहीं हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह संभव है कि कुछ कोविड रोगी जो कुपोषित हैं या जिनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी है, वे सप्लीमेंट लेने से लाभान्वित हो सकते हैं, (शेष पेज 9)

## 12 से 18 वर्ष के किशोरों के लिए कोर्बेवैक्स टीके को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 12 से 18 साल के आयु वर्ग के लिए बायोलॉजिकल ई के कोविड-19 टीके कोर्बेवैक्स को सीमित आपात इस्तेमाल के वास्ते मंजूरी (ईयूए) दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सरकार ने अभी तक 15 साल से कम उम्र वालों को टीका लगाने पर कोई फैसला नहीं लिया है। डीसीजीआई की ओर से 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए मंजूरी हासिल करने वाला कोर्बेवैक्स तीसरा टीका बन गया है। इससे पहले जाइडस कैडिला के जायकोव-डी और भारत बायोटेक के कोवैक्सीन को मंजूरी दी गई थी। इस समय भारत 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के किशोरों का टीकाकरण करने के लिए कोवैक्सीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। (शेष पेज 9)

# ग्रेनो के सेक्टर व गांव 75 हजार लाइटों से होंगे रोशन

## अभी तक शहर के 21 हजार स्ट्रीट लाइटों को एलईडी में बदला

### ● प्राधिकरण का खर्च भी हुआ घटकर आधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा के 43 गांवों और 25 सेक्टरों में रहने वाले करीब 5 लाख निवासियों को बड़ा लाभ मिला है। इन सभी गांवों और सेक्टरों में सड़कें गुलजार कर दी गईं। रात में यहां सड़के सोडियम की जगह एलईडी स्ट्रीट लाइट से रोशन हो रही हैं।

ग्रेटर नोएडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि अब तक करीब 21 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं। अगले एक साल में कुल 54 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट लगा दी जाएंगी। इस प्रोजेक्ट से बिजली की खपत आधी हो जाएगी। अभी सालाना 30 करोड़ रुपये स्ट्रीट लाइटों पर खर्च हो रहे हैं। यह खर्च भी घटकर 15 करोड़ रुपये रह जाएगा। आपको बता दें कि ठीक 5 साल पहले उत्तर प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा का दौरा किया था। मुख्यमंत्री ने शहर में लगी सारी स्ट्रीट लाइटों को एलईडी में बदलने का आदेश दिया था। जिस पर अमल करते हुए इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसीईओ अमनदीप डुली ने प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी सेल के अधिकारियों और सूर्या कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें बताया गया कि ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग गांवों और सेक्टरों को मिलाकर पहले फेज में करीब 21 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाकर शुरुआत कर दी गई है।

### अगले एक साल में 54,000 स्ट्रीट लाइट लगेंगी

एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा में सभी 54 हजार स्ट्रीट लाइटें तय समय पर लगाने के निर्देश दिये हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की सभी स्ट्रीट लाइटें बदलने के लिए एक साल का समय दिया गया है, लेकिन इससे भी कम समय में सभी जगह स्ट्रीट लाइटें लगाने की कोशिश की जा रही है।

बता दें कि सूर्या कंपनी को बीते साल सितंबर में ग्रेटर नोएडा में एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने का जिम्मा दिया गया है। एलईडी लाइटों के लगने से सड़कों पर रोशनी बेहतर होगी। निवासियों के लिए भी सुविधाजनक रहेंगी। प्राधिकरण के डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि एलईडी स्ट्रीट लाइटें ऑटोमेशन सिस्टम पर लग रही हैं। स्ट्रीट लाइटों को सुबह-शाम जलाने-बुझाने के लिए एक नियंत्रण कक्ष जल्दी बनेगा। स्ट्रीट लाइटें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीआईएस से जुड़ी होंगी। जिससे स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की सूचना खुद-ब-खुद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तक पहुंच जाएगी।

ऐसे में अगर कहीं पर स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है तो सूचना मिलते ही कंपनी उसे रिपेयर कर देगी। प्राधिकरण ने रिपेयर करने के लिए ठेके में समय सीमा तय कर दी है। अगर रिपेयर करने में देरी हुई तो पेनल्टी का प्रावधान है।

# जापानी उद्यमियों को लुभा रहा ग्रेटर नोएडा

## इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टीमॉडल टांसपोर्ट हब ने निवेशकों का ध्यान खींचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


फाइल फोटो

इंडिया-जापान के संयुक्त फोरम पर ग्रेटर नोएडा ने अपनी चमक बिखेरी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और आईआईटी जीएनएल के एमडी नरेंद्र भूषण ने शहर के इंफ्र इस्ट्रक्चर, एयर.रोड कनेक्टीविटी और औद्योगिक निवेश के माकूल माहौल को पेश करते हुए जापान के निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है।

दरअसल, रविवार को आईआईटी एल्युमनी एसोसिएशन जापान की पहल पर जापान में भारतीय दूतावास की तरफ से इंडिया-जापान फ इनेंस हाइटेक एचआर फ ोरम पर वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जापानी उद्यमी, अफ सर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण शामिल हुए।


नरेंद्र भूषण ने सेमिनार में ग्रेटर नोएडा और आईआईटी जीएनएल के इंफ्र इस्ट्रक्चर का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। ग्रेटर नोएडा और आईआईटी जीएनएल में औद्योगिक निवेश के लिए जापान के निवेशकों का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि मुंबई और कोलकाता को दिल्ली से जोड़ने वाले ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रे ट कॉरिडोर का केंद्र ग्रेटर नोएडा है। इसके जरिए दिल्ली से मुंबई और कोलकाता तक औद्योगिक माल की ढुलाई बहुत आसान होगी।

सीईओ ने बताया कि दिल्ली से 30 मिनट की दूरी पर स्थित ग्रेटर नोएडा में कई और वर्ल्ड क्लास प्रोजेक्ट आ रहे हैं। सीईओ ने उद्यमियों को बताया कि ग्रेटर नोएडा और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कार्पोरेशन के संयुक्त प्रयास से नई दादरी रेलवे स्टेशन के पास मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनाया जा रहा है। मल्टीमॉडल टांसपोर्ट हब करीब 145 हेक्टेयर में बनेगा। यहां से रेल, रोड, बस और मेट्रो की बेहतर कनेक्टीविटी होगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह करीब 334 हेक्टेयर में बन रहे मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब से औद्योगिक मॉल ढुलाई को नई गति मिलेगी।

# आवारा कुत्तों का आतंक जारी, दहशत में लोग

## जनपद में रोजाना कई लोग कुत्तों के हमले से हो रहे घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर में लगातार चल रहा आवारा कुत्तों का हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी और जेवर समेत आसपास के गांवों में किसी ना किसी पर कुत्ते हमला कर रहे हैं। लोग स्थानीय प्रशासन और विकास प्राधिकरणों को शिकायत दे रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के आकंड़ों बताते हैं कि केवल नोएडा शहर में कुत्ते रोजाना एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर रहे हैं। नोएडा शहर में तो अब चलते फिरते कुत्तों का झुंड हमला करता है। प्राधिकरण की तरफ से कुत्तों का टीकाकरण, नसबंदी और पंजीकरण का दावा केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया है। जनप्रतिनिधियों और प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आए दिन कुत्ते महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को घायल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुत्तों के काटने से घायल हुए लोगों की तस्वीर वायरल हो रही हैं। जिले में कुत्तों का झुंड आए दिन लोगों पर हमला कर देता है।

इसके अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर के कई हिस्सों में कुत्ते दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने लग जाते हैं। कई बार वाहन चालक या बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति पर हमला कर देते हैं। बाइक के पीछे भागने पर चालक हड़बड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोग सोशल मीडिया के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। प्रशासन के तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम आवारा कुत्तों को लेकर उठाया नहीं गया है।

# ट्विन्स टॉवर गिराने पहुंची विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम

### ● पारंगत 500 श्रमिक भी बुलाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सुपरटेक बिल्डर के अवैध ट्विंस टावर को ध्वस्त करने का वक्त नजदीक आता जा रहा है। इसके लिए नोएडा विकास प्राधिकरण और ध्वस्तीकरण करने के लिए चुनी गई कंपनी तेजी से काम कर रहे हैं।

सोमवार को विस्फोटक लगाने वाली और ध्वस्तीकरण करने वाली टीम मौके पर पहुंच गई है। इनमें कई तरह के इंजीनियर और तकनीकी ज्ञान रखने वाले लोग शामिल हैं। ऐसे कामों में शामिल रहे श्रमिकों को भी बुलाया गया है। तकनीशियन और श्रमिकों की भारी-भरकम टीम सोमवार को ट्विंस टावर पर पहुंची है।

आपको बता दें कि नोएडा शहर के सेक्टर 93-बी में सुपरटेक बिल्डर ने अवैध रूप से दो ऊंचे आवासीय टावरों का निर्माण किया था। जिनके खिलाफ हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने पहले प्राधिकरण और फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

प्राधिकरण ने तो निवासियों की समस्या पर कोई सुनवाई नहीं की, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन दोनों अवैध टावरों को गिराने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के खिलाफ बिल्डर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

कई साल लंबी चली सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को जायज ठहराया और दोनों अवैध टावरों को गिराने का आदेश सुना दिया। अब इन दोनों टावरों को गिराने की प्रक्रिया रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की निगरानी में चल रही है। इसी सिलसिले में सोमवार को इंजीनियरों, तकनीशियन और श्रमिकों की टीम सुपरटेक ट्विंस टावर पहुंच गई है।

### 22 मई तक दोनों टावर गिराए जाएंगे

आपको बता दें कि 7 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि ट्विन टावर ध्वस्तीकरण मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट तीन सप्ताह में पेश करें। 9 फरवरी को प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में ट्विन टावर गिराने की तारीख पर 22 मई की मुहर लगा दी गई थी। टावर तोड़ने के बाद 22 अगस्त तक मलबा हटाने का काम होगा। आपको बता दे कि लगभग 17.50 करोड़ की लागत से दोनों टावर ध्वस्त किए जाएंगे। 40 मंजिला दोनों टावरों से 13.35 करोड़ रुपये का मलबा निकलेगा। प्राधिकरण ने मालवा हटाने के लिए भी पूरी तैयारियां कर ली हैं।

# मेरठ से नोएडा और दिल्ली 20 मिनट में पहुंचेंगे गंभीर मरीज

### ● मई से एक्प्रेसवे पर मिलेंगी एयर एम्बुलेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मई से एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलने लगेगी। एयर एंबुलेंस के लिए मेरठ के नजदीक हेलीपैड बनाया जा रहा है। यहां से गंभीर रूप से बीमार लोगों को महज 15 से 20 मिनट में नोएडा, दिल्ली और गुड़गांव के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक एक्सप्रेसवे के किनारे पेट्रोल पम्प, सीएनजी सटेशन और इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन भी बनकर तैयार हो जाएंगे। वैसे तो यह सारी सुविधाएं अब तक एक्सप्रेसवे के किनारे उपलब्ध हो जानी चाहिए थीं। करीब 6 महीने से एक्सप्रेसवे पर यातायात हो रहा है लेकिन सुविधाओं का भारी अभाव है। इस मसले पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से बताया गया है कि स्थानीय स्तर पर कुछ एनओसी मिलने में देरी हुई है। तकनीकी कारणों के चलते काम पिछड़ा है। प्राधिकरण अफसरों का कहना है कि अब तेजी से काम चल रहा है।


**kotak — KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL), for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
| --- | --- |
| ALL THAT the piece and parcel of commercial property Being Ground Floor/UGF admeasuring 1780 sq.fts. (approx.) carpet area of the building situated and located at Plot no.-E-27, Sector-27, Noida-201301 | MRS. RAJNI AGARWAL<br>MR. RAJINDER KUMAR AGARWAL<br>**Resident of:**<br>House no.-21, Sector-27, NOIDA-UP- 201301. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि, मैसर्स सुपरटेक लिमिटेड महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा 2014 की लाइसेंस संख्या 124 के प्रावधान के अंतर्गत सोहना के सेक्टर-2 में सोहना और मोहम्मदपुर गुज्जर की राजस्व संपदा में 100.36875 एकड़ में एक आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी को विकसित करने की प्रक्रिया में है।

और जबकि, कई व्यक्तियों ने उक्त कॉलोनी में भूखंड / संपत्ति के आवंटन के लिए बुकिंग की है / खरीद समझौते में प्रवेश किया है (बाद में आवंटियों के रूप में संदर्भित)।

और जबकि, उक्त कॉलोनी के लिए लाइसेंस प्रदान करते समय पहले अनुमोदित लेआउट योजना को अब एक सस्ती आवासीय प्लॉटिड कॉलोनी में 5.14785 एकड़ लाइसेंस प्राप्त भूमि के प्रवसन के कारण संशोधित करने का प्रस्ताव है

और जबकि कार्यालय महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा लेआउट योजना में इस तरह के संशोधन की अनुमति देने के लिए पूर्व-शर्त के रूप में लेआउट योजना के संशोधन के विरुद्ध आपत्ति मांगने की आवश्यकता है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, उक्त कॉलोनी के लेआउट योजना के प्रस्तावित संशोधन पर उक्त कॉलोनी में किसी भी आवंटियों से आपत्तियां आमंत्रित की जाती है। पहले अनुमोदित लेआउट योजना की एक प्रति जिसमें डीआरजी संख्या. डीजीटीसीपी-4789, दिनांक 11/8/2014 और लेआउट योजना अब संशोधित करने के लिए प्रस्तावित है, जिसमें ड्राइंग नंबर 8160, दिनांक 15/2/2022 को अवलोकन के लिए वेबसाइट (www.supertechlimited.com) पर उपलब्ध है। उक्त लेआउट योजना का उपयोग अधोहस्ताक्षरी (सुपरटेक हाउस सेल्स ऑफिस, बादशाहपुर-टिकली रोड, सेक्टर-68, गुरुग्राम) गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित तीसरी मंजिल, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-14 स्थित सीनियर टाउन प्लानेर के कार्यालय में किया जा सकता है।

कोई भी आवंटी जिसे संशोधित लेआउट योजना पर कोई आपत्ति है, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सीनियर टाउन प्लानेर, गुरुग्राम के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, ऐसा नहीं करने पर यह माना जाएगा कि लेआउट प्लान में प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : गुरुग्राम दिनांक : 22 फरवरी, 2022


# लटककर खिड़की साफ कर रही महिला, वीडियो वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



शहर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में चौथी मंजिल की रेलिंग के सहारे लटकर एक महिला खिड़की साफ करती दिख रही है। बड़ी बात यह है कि महिला के पास सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह वीडियो गाजियाबाद शहर की पॉश हाउसिंग सोसायटी शिप्रा रिवेरा का है। यह महिला सोसायटी के इस फ्लैट में काम करती है। लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, स्त्री है, कुछ भी कर सकती है। बता दें कि फरीदाबाद शहर से भी पिछले सप्ताह एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति हाईराइज हाउसिंग सोसायटी में अपने फ्लैट के बाहर बालकनी पर लटक गया था। वह व्यक्ति बालकनी से लटककर एक्सरसाइज कर रहा था। थोड़ी देर बाद ही परिवार के लोग आए और उसे किसी तरह पकड़ कर भीतर ले गए थे। अब गाजियाबाद का यह वीडियो लोगों को परेशान कर रहा है। इस वीडियो में एक महिला को टावर की चौथी मंजिल पर बाहर निकलकर खिड़की के शीशे साफ करते हुए देखा जा सकता है। जिस लापरवाही से महिला काम कर रही है, उसे देखकर लोग हैरान और परेशान हैं।

दिल्ली-एनसीआर की हाउसिंग सोसाइटीज में आत्महत्याओं के मामले बढ़ रहे हैं। सुसाइड करने वालों में महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा है। खासतौर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन और ग्रेटर फ रीदाबाद से इस तरह की घटनाएं बहुत ज्यादा सामने आ रही हैं। हाउसिंग सोसाइटीज में रहने वाले लोग फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा देते हैं।

# दुर्घटना में दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोग घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

जिले के कुशलिया गांव के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद शादी के घरों में कोहराम मच गया है।

पुलिस ने बताया कि मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद के कुशलिया गांव के पास एक सड़क दुर्घटना हुई है। वाहन में दुल्हा-दुल्हन सवार थे। चालक को झपकी आने के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दरार में धंस गई, जिसके बाद पीछे से आ रहे छोटा हाथी ने उसमें टक्कर मार दी।

हादसे में कार चालक, दूल्हा.दुल्हन समेत चार लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद स्थानीय लोगों उन्हें गाड़ी से सुरक्षित निकालकर गाजियाबाद के ही मनीपाल नर्सिंग अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में लगी आग

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसाइटी के एक फ्लैट में रविवार देर रात आग लग गई और देखते-देखते ही आग ने नजदीक के कुछ अन्य फ्लैट को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, इस दौरान किसी की जान नहीं गई है और आग पर काबू पा लिया गया है।

मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गैलेक्सी मेगा नामक सोसायटी के टावर-डी की 17वीं मंजिल पर मौजूद एक बंद फ्लैट में रात करीब दो बजे आग लगने की जानकारी मिली।

## संक्षिप्त समाचार



### अगवा डॉगी को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**नोएडा।** 14 फरवरी को थाना बीटा-2 क्षेत्र की यूनिटेक हाइट सोसाइटी के सामने से फीमेल डॉगी का अपहरण कर लिया गया था। डॉगी को कुछ व्यक्तियों ने पकड़कर वैन में डाल लिया और फरार हो गए थे। मालिक ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। थाना बीटा-2 पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज निकाली। छानबीन करते हुए पुलिस ने डॉगी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को फीमेल डॉगी पिंकू उसके मालिक को सौंप दी है।थाना बीटा.2 के एसएचओ ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से हासिल की गई वीडियो फुटेज के आधार पर एक ईको वैन को ट्रेस किया गया। जानकारी की गई तो गाड़ी मालिक नरेन्द्र पुत्र प्रकाश का पता लगा। वह ग्रेटर नोएडा में सलेमपुर गुर्जर थाना कासना का रहने वाला बताया गया। नरेंद्र शहर में दूध बेचने का कार्य करता है।

### तस्कर से डेढ किलो गांजा बरामद

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा सेक्टर-63 थाना पुलिस ने सोमवार को एक कथित गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से करीब डेढ किलोग्राम गांजा भी बरामद किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेक्टर-63 के थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार दोपहर को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने मोहम्मद खलील को चोटपुर कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि खलील के पास से करीब डेढ़ किलोग्राम गांजा मिला है। शुक्ला के मुताबिक जांच के दौरान पता चला कि खलील लंबे से गांजा तस्करी में संलिप्त है। उन्होंने बताया कि पुलिस खलील से पूछताछ कर गिरोह में शामिल और लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# ओखला पक्षी विहार में परिवार संग पहुंच रहे पर्यटक

## इस सीजन में नॉर्दर्न शॉवलर, यूरेशियन कूट, नॉर्दर्न पिंटल, ग्रेलेग गूज जैसे 15 हजार से अधिक विदेशी पक्षी आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा पक्षी विहार में मौसम के बदलाव और सुंदरता विदेशी पक्षियों को खूब रास आ रही थी। अब सर्दियां कम होते ही ओखला पक्षी विहार से विदेशी पक्षियों का लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। लिहाजा, आपके लिए यह वक्त खास है। धूप खिल रही है, मौसम साफ है। तापमान सुहावना है। काफी संख्या में एनसीआर के लोग ओखला पक्षी विहार में अपने परिवार के साथ घूमने पहुंच रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि एनसीआर के लोग अपने परिजनों और दोस्तों के साथ ओखला पक्षी विहार में घूमने आ रहे हैं। मौसम में बदलाव के बाद पर्यटक बड़ी संख्या आने लगे हैं। विदेशी पक्षियों का जाना शुरू हो गया है। इस ठंड के मौसम में बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी यहां पहुंचे हैं। तकरीबन 15 हजार से अधिक प्रवासी पक्षी आए हैं। उन्होंने बताया, रविवार को लगभग 1 हजार लोग पक्षी विहार में पहुंचे थे। शनिवार और रविवार को दफ्तरों की छुट्टी रहती है, इस दिन लोग मनोरंजन के लिए यहां आते हैं। पक्षी विहार पिकनिक स्पॉट बन चुका है।

इस साल नॉर्दर्न शॉवलर, यूरेशियन कूट, नॉर्दर्न पिंटल, ग्रेलेग गूज, यूरेशियन स्पूनबिल, ग्रेटर फ्लेमिंगो, विस्कर्ड टर्न, कॉमन किंगफिशर, ब्लू टेल्ड बी इटर, लार्ज इग्रेट जैसे अन्य विदेशी पक्षी आए हैं।

यहां जलीय पक्षी कॉमनटिल, रफ , वुड सेंडपाइपर, पश्चिमी मार्श हैरियर की संख्या अच्छी खासी है। अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से प्रवासी पक्षियों का यहां आना शुरू हो जाता है। ओखला पक्षी विहार जलीय पक्षियों की पसंदीदा जगह बन चुकी है। पिछले साल के मुकाबले इस साल अधिक संख्या में पक्षी यहां पहुंचे हैं। बताते चलें कि ओखला पक्षी अभयारण्य 400 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह नोएडा और दिल्ली की सीमा पर यमुना नदी के किनारे के हिस्से को कवर करता है।

# खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोपी पति गिरफ्तार

### ● 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने एक महिला को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर मजबूर करने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी पति को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया। नोएडा सेक्टर-20 थाना के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-10 में रहने वाली कांति (33 वर्ष) की 30 जुलाई 2021 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतका के ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या का मामला बताया जबकि महिला के पिता गाजा अहिरवाल ने बेटी की हत्या का दावा करते हुए नोएडा सेक्टर-20 में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि यह आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला है। सिंह ने बताया कि रविवार की रात पीड़िता के पति पवनेश उर्फ कुंज बिहारी को गिरफ्तार किया गया और अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कारोबारी मांग रहे पाबंदियों में और ढील

**संजय राय।** नई दिल्ली




कनाट प्लेस के कारोबारी संगठन नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) ने कहा है कि जिस तरह राजधानी दिल्ली में रेस्त्रां खोलने की अवधि में बढ़ोतरी की गई है। उसी तरह दुकानों को खोलने की अवधि को बढ़ाया जाए। एनडीटीए ने इसे बढ़ाकर रात्रि दस बजे तक करने का अनुरोध किया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के दिशानिर्देशों के मुताबिक रात्रि आठ बजे तक ही दुकानों को खोलने की अनुमति है।

इस संबंध में उपराज्यपाल व डीडीएमए के अध्यक्ष अनिल बैजल को भेजे पत्र में कनाट प्लेस के कारोबारी संगठन नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) ने कहा है कि जिस तरह रेस्त्रां खोलने की अवधि में बढ़ोत्तरी की गई है। उसी तरह दुकानों को खोलने की अवधि को बढ़ाया जाएं। क्योंकि रात्रि आठ बजे के प्रतिबंध के चलते शाम सात बजे से ही दुकानों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। जबकि उस समय तक लोगों के बाजार आने का समय होता है। कामकाजी लोग शाम को ही खरीदारी के साथ खाने-पीने के लिए घरों से बाहर निकलते हैं लेकिन प्रतिबंध के चलते दुकानें जल्द बंद करनी पड़ रही है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।

एनडीटीए के अध्यक्ष अतुल भार्गव ने कहा कि यह प्रतिबंध व्यवहारिक नहीं है। क्योंकि सभी कार्यालय खुल गए हैं। लोगों अब आफिस जाने हैं। ऐसे में उन्हें खरीदारी के लिए शाम को ही वक्त मिलता है, लेकिन शाम को बाजार जल्द बंद हो जा रही है। वैसे, भी यह दिल्ली का प्रमुख बाजार है, जहां से दिल्ली के विभिन्न भागों के साथ ही एनसीआर के शहरों से लोग खरीदारी करने आते हैं। पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश और हरियाणा में नाइट कर्फ्यू समेत सभी तरह के प्रतिबंध हटा लिए है। वहीं दिल्ली में अभी भी रात 8 बजे तक ही दुकानें खोलने की अनुमति है। इसके चलते कारोबारियों को भारी नुकसान हो रहा है।

# निगम के 16346 सफाईकर्मियों को करेंगे नियमित : भाजपा

● एमसीडी चुनाव से पहले दिल्ली भाजपा का बड़ा चुनावी दांव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

एमसीडी चुनाव से पहले दिल्ली भाजपा ने बड़ा चुनावी दांव खेला है। भाजपा शासित तीनों निगम अपने 16346 सफाई कर्मियों को नियमित कर उनको बड़ी सौगात देगा। निगमों ने यह फैसला किया है कि वह आने वाले समय में सफाईकर्मियों को नियमित करेगा और आने वाले समय में एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

एमसीडी की सभी 272 सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। इससे पहले निगम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड में भारी तादाद में अस्थाई कर्मचारियों को पक्का किया है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को साफ-सुथरा रखने में सबसे बड़ा योगदान सफाईकर्मियों का होता है। भगवा पार्टी हमेशा से ही उनके स्वास्थ एवं जीवनशैली का विशेष ध्यान रखती है। उत्तरी निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पूर्वी निगम महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति अध्यक्ष लेफ्ट करनल बी के ओबरॉय की मौजूदगी में गुप्ता तीनों निगमों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने निगम को फंड नहीं दिया तो उस समय भी सफाईकर्मियों की चिंता की गई और आज यह बेहद खुशी की बात है कि तीनों निगमों ने सफाईकर्मियों को नियमित करने का काम शुरु भी कर दिया है। उत्तरी निगम द्वारा 975 सफाईकर्मियों को नियमित किया जा चुका है जबकि 6646 सफाईकर्मियों को नियमित करने वाला है। दक्षिणी निगम द्वारा 400 सफाईकर्मी नियमित हो चुके हैं।

करीब 1489 सफाईकर्मियों को नियमित किया जाना बाकी है। इसी तरह पूर्वी निगम ने भी 5136 सफाईकर्मियों को नियमित किया जबकि 1700 सफाईकर्मी नियमित किए जाने बाकी हैं। सफाईकर्मियों को उनकी मेहनत का फल मिला है और उनकी जीवन में जो असुरक्षा और अस्थिरता का माहौल बना रहता था उसे समाप्त करने का एक सराहनीय प्रयास निगम द्वारा किया गया है।

दिल्ली की गलियां, सड़कें अगर साफ है और रोजाना 10,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया जाता है, तो वह सिर्फ इन सफाईकर्मियों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

# स्पा खोलने की मांग पर पुलिस से जवाब तलब

● 28 फरवरी को होगी मामले में अगली सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने स्पा और वेलनेस क्लिनिक फिर से खोलने की अनुमति दिए जाने संबंधी याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट तलब की। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के साथ स्पा और वेलनेस सेंटर खोलने की डीडीएमए की अनुमति के बावजूद अधिकारियों ने इन्हें प्रतिबंधित कर रखा है।

न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव ने कहा कि दिल्ली पुलिस दो दिन के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेगी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख मुकर्र की। दिल्ली पुलिस के वकील सत्यकाम ने दलील दी कि वैसे स्पा केंद्र, जहां कथित तौर पर यौन गतिविधियां चलती हैं, उन्हें खोलने की अनुमति नहीं दी गई है, जबकि वाणिज्यिक स्वास्थ्य कारोबार लाइसेंस के अनुरूप चलने वाले स्पा केंद्र को खोलने का आदेश दिया गया है। अदालत सुखबीर सिंह की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिकारियों को स्पा केंद्र संचालित करने की अनुमति नहीं देने के मनमाने, गैरकानूनी और अनुचित कार्यों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता व्हाइट हेवन स्पा एंड वेलनेस के नाम से अपना स्पा और वेलनेस क्लिनिक चला रहे हैं और उनका दावा है कि वह सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी सभी मानदंडों, नियमों और विनियमों का पालन कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें इसे फिर से खोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता राजेश्वर डागर ने कहा कि जब तक उन्हें स्पा सेंटर खोलने की अनुमति नहीं दी जाती, तब तक अधिकारी यह कैसे निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वहां कोई अवैध गतिविधियां चल रही थीं। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को अप्रैल 2021 में स्पा सेंटर संचालित करने का लाइसेंस मिला और उसी साल दिसंबर में कुछ पुलिस अधिकारियों ने परिसर में घुसकर वहां काम करने वाले सभी पुरुष और महिला कर्मचारियों को जबरन हिरासत में ले लिया और कथित तौर पर उनके खिलाफ झूठी कहानी बनाई। उन्होंने कोविड के बढ़ते प्रसार के मद्देनजर 28 दिसंबर, 2021 के डीडीएमए के आदेश पर स्पा सेंटर बंद कर दिया था, लेकिन चार फरवरी 2022 के आदेश के बाद जब उन्होंने इसे फिर से खोलने का प्रयास किया तो उन्हें पुलिस अधिकारियों ने इस आधार पर रोक दिया कि मोहन गार्डन के एसएचओ का सख्त आदेश है कि इसके अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी भी कीमत पर स्पा नहीं खुलेंगे और यदि कोई भी स्पा केंद्र खुला मिलता है तो उसके मालिक और भवन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# भाजपा-आप अस्थायी कर्मियों को दिखा रहे सब्जबाग : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● डबल इंजन की सरकारों के कारण निगम में भ्रष्टाचार से आर्थिक संकट : अनिल

नगर निगमों और दिल्ली जल बोर्ड में अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी नेता का कहना है दोनों पार्टियां अस्थायी कर्मचारियों को सब्जबाग दिखा रही हैं।

डबल इंजन की सरकारों के कारण निगम में भ्रष्टाचार से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि एमसीडी चुनाव से पहले अब भाजपा ने भी आम आदमी पार्टी के रास्ते पर चलना शुरु कर दिया है। भाजपा तीनों निगमों में 1700 कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा निगम चुनावों को देखते हुए किया है जबकि पिछले 15 वर्षों में निगमों में कार्यरत हजारों सफाई कर्मचारी अपना वेतन समय पर देने की मांग को लेकर दर्जनों बार हड़ताल कर चुके हैं। अनिल कुमार ने भाजपा शासित निगमों पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवा पार्टी ने निगमों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है।

# निजी स्कूलों में नर्सरी दाखिले की दूसरी सूची हुई जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● जिन बच्चों का दूसरी सूची में नाम, 28 फरवरी तक होंगे उनके दाखिले

राजधानी दिल्ली के निजी स्कूलों ने नर्सरी, केजी और पहली कक्षा में दाखिले के लिए सोमवार को दूसरी सूची जारी कर दी। राष्ट्रीय राजधानी के 1800 से ज्यादा स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया पिछले साल 15 दिसंबर को शुरू हुई थी। सूची जारी होने से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

स्कूलों ने प्वाइंट आधारित मानदंड का इस्तेमाल करते हुए चार फरवरी को पहली सूची जारी की थी। शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि जिन बच्चों का दूसरी सूची में नाम आया है, वे 22 से 28 फरवरी के बीच दाखिला ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी गैर सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को निर्देशित किया गया था कि वे दाखिले का एक ऐसा मानदंड अपनाएं जो निष्पक्ष, अच्छी तरह से परिभाषित, सामान, गैर भेदभावकारी और पारदर्शी हो। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद अगर कोई सूची जारी करने की जरूरत पड़ी तो उसे 15 मार्च को जारी किया जाएगा।

# छात्र संगठन ने डीयूएसओएल के विरुद्ध निकाली रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● ऑफलाइन कक्षाएं शुरू करने की मांग

विद्यार्थियों से जुड़े संगठन क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के प्रशासन पर गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए इसके विरुद्ध सोमवार को प्रदर्शन किया।

केवाईएस ने दावा किया है कि बृहस्पतिवार को जब विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ऑफलाइन कक्षाएं शुरू नहीं करने, देर से अध्ययन सामग्री के वितरण और परीक्षा के तौर-तरीके समेत उन्हें प्रभावित कर रहे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया, तब एसओएल ने उनकी पिटाई करवा दी।

सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने एसओएल के नॉर्थ कैंपस से कुलपति के कार्यालय तक मार्च किया तथा इस घटना के सिलसिले में इंसाफ एवं ऑफलाइन कक्षाएं शुरू करने की मांग की। उनके हाथों में बैनर और पर्चे थे जिनपर हम शिक्षण संस्थानों में समानता की मांग करते हैं और हम एसओएल द्वारा विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे जैसे नारे लिखे थे।

# लॉकडाउन के चलते यमुना कार्य योजना में हुई देर

*वायु प्रदूषण और निर्माण के तीसरे चरण का काम चल रहा दो साल पीछे : जलबोर्ड*

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विभिन्न एजेंसियों की अनुमति मिलने में देरी, कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन और अत्यधिक वायु प्रदूषण को काबू करने के लिए निर्माण गतिविधियों पर लगाए गए अस्थाई प्रतिबंध के कारण यमुना कार्य योजना के तीसरे चरण के काम में दो साल तक की देरी हुई है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

डीजेबी ने जनवरी 2022 तक की अपनी विस्तृत कार्य प्रगति रिपोर्ट में कहा कि पेड़ काटने की अनुमति मिलने में देरी, सड़क के स्वामित्व वाली एजेंसियों की मंजूरी मिलने में देरी, यातायात अनुमति में देरी, ईपीसीए (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण) प्रतिबंध और मॉनसून के मौसम के दौरान धीमी प्रगति के कारण काम में विलंब हुआ।



डीजेबी को यमुना कार्य योजना चरण (वाईएपी) तीन के क्रियान्वयन का काम सौंपा गया है, जिसका लक्ष्य घरेलू अपशिष्ट जल का शोधन करके दिल्ली में नदी में प्रदूषण को कम करना है। इसके लिए केंद्र को 2011 में जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से धनराशि मिली थी।

रिपोर्ट में कहा गया है, वाईएपी तीन मौजूदा मलजल शोधन प्रणाली के नवीनीकरण, मरम्मत और प्रतिस्थापन के जरिए जल शोधन क्षमता को बढ़ा रहा है। परियोजना के तहत तीन जल निकासी क्षेत्र - ओखला, कोंडली और रिठाला आते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंक सीवर संख्या चार और नवाना रोड, आनंद विहार, हरगोविंद एन्क्लेव और विकास मार्ग सीवर पुनर्सुधार का काम 29 नवंबर, 2017 को शुरू हुआ था और इसे नवंबर 2019 में पूरा किया जाना था, लेकिन अब यह काम 28 फरवरी, 2022 को पूरा होने की संभावना है।

चालीस एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) क्षमता के रिठाला चरण एक अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र की मरम्मत और उन्नयन का कार्य उसे अपशिष्टों के नए मानकों (बीओडी 10 मिलीग्राम प्रति लीटर और कुल घुलनशील ठोस- 10 मिलीग्राम प्रति लीटर) के अनुरूप ढालने के लिए किया जाना है। यह काम 14 दिसंबर, 2021 तक पूरा किया जाना था, लेकिन अब इसके 31 दिसंबर, 2022 तक पूरा होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार




मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

### कुमार विश्वास के बयान को लेकर सीएम को घेरा

**नई दिल्ली।** कवि कुमार विश्वास के बयान पर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भर में केजरीवाल की देश विरोधी सोच के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जिसमें लगभग प्रमुख 30 स्थानों पर पोस्टर लगाकर केजरीवाल की फुट डालो राज करो मानसिकता को उजागर किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक आप संयोजक इस मुद्दे पर अपना जवाब नहीं देते हैं तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उनका कहना है कि देश का कोई भी व्यक्ति जिसको मातृभूमि से थोड़ा भी लगाव होगा वह कभी देश को बांटने की बात नहीं कर सकता लेकिन संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति सत्ता की कुर्सी की लालच में खुद को स्वीट आतंकवादी कह रहा है, इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता।



आरके पुरम स्थित निगम विद्यालय के पहले सभागार का उद्घाटन करतीं केंद्रीय मंत्री मनीक्षा लेखी।

### केंद्रीय मंत्री ने किया सभागार का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के आरके पुरम स्थित निगम विद्यालय सेक्टर 6 में पहले सभागार का उद्घाटन सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने किया। इस सभागार का निर्माण क्षेत्रीय निगम पार्षद एवं सदस्य स्थायी समिति तुलसी जोशी ने कराया। इस अवसर पर लेखी ने कहा कि दक्षिणी निगम अपने छात्रों को शिक्षा के अतिरिक्त विभिन्न सुविधाएं जैसे निःशुल्क किताबें, जूते-जुराबें, वर्दी एवं मिड़-डे-मील इत्यादि प्रदान करता है। निगम विद्यालयों में कमजोर आय वर्ग के परिवार के बच्चे आते है। इन बच्चों के अंदर पोषण की कमी पायी जाती है, क्योंकि उनके माता-पिता के पास इतना पैसा नहीं होता है कि वे अपने बच्चों को पौष्टिक आहार दे सके। ऐसे ही बच्चों की मदद के लिये सत्य सांई अन्नपूर्णा ट्रस्ट ने सहयोग दिया है। सत्य सांई अन्नपूर्णा ट्रस्ट के द्वारा बच्चों को पोषण पाउडर दिया गया। राजधानी में पहली बार आर.के.पुरम में इसकी शुरूआत की गयी।

### शराब के ठेके को किया सील : जैन

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने कमला नगर वार्ड में स्थित अवैध रूप से चल रहे शराब के ठेकों को सील कर दिया है। यह शराब का ठेका एनडीएमसी के अधिनियम 1957 की धारा 345, 347 व 419 के अंतर्गत सील किया गया है। निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जोगी राम जैन ने सोमवार को बताया कि इस क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से ठेका चल रहा था। इससे स्थानी लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए निगम व पुलिस के सहयोग उसे सील करवा दिया गया है। अब तक उत्तरी निगम क्षेत्र के अंतर्गत करीब 24 शराब के ठेकों को सील किया जा चुका है।



**आरएपीओ मेरठ में पूर्व-तैनाती प्रशिक्षण शुरू :** संयुक्त राष्ट्र मिशन असाइनमेंट के लिए एफपीयू (गठित पुलिस यूनिट) दल के लिए नौ सप्ताह का पूर्व-तैनाती प्रशिक्षण आरएएफ एकेडमी फॉर पब्लिक ऑर्डर (आरएपीओ), मेरठ में शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह को विवेक वैद आईजी, आरएएफ ने संबोधित किया। समारोह में सीआरपीएफ की 23 महिला बल सहित 200 अधिकारी मौजूद थे।

## रोहिणी में दूध बेचने वाले का शव मिला

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में हेलीपोर्ट सड़क पर सोमवार सुबह दूध बेचने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रोहिणी के रिठाला निवासी प्रदीप के रूप में की गई है।

पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) प्रणव तयाल ने बताया कि सुबह करीब पांच बजकर 53 मिनट पर बेगमपुर पुलिस थाने को पीसीआर कॉल आई थी कि हेलीपोर्ट सड़क पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उन्होंने पाया कि दूध बेचने वाला प्रदीप अपनी मोटरसाइकिल के साथ सड़क पर पड़ा है।

# वैवाहिक बलात्कार : केंद्र को अपना रुख बताने के लिए और समय नहीं : कोर्ट

## हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए केंद्र को और समय देने से सोमवार को इनकार कर दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इस संबंध में विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

केंद्र ने दलील दी कि उसने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस मुद्दे पर उनकी राय के लिए पत्र भेजा है। केंद्र ने अदालत से अनुरोध किया कि जब तक उनकी राय नहीं मिल जाती, तब तक कार्यवाही स्थगित कर दी जाए। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर की पीठ ने कहा कि चल रहे मामले को स्थगित करना संभव नहीं है, क्योंकि केंद्र की परामर्श प्रक्रिया कब पूरी होगी, इस संबंध में कोई निश्चित तारीख नहीं है। पीठ ने कहा कि तब, हम इसे बंद कर रहे हैं, फैसला सुरक्षित रखा जाता है। पीठ ने मामले को दो मार्च के लिए सूचीबद्ध किया। इस बीच, विभिन्न पक्षों के वकील अपनी लिखित दलीलें दर्ज करा सकते हैं।

अदालत भारत में बलात्कार कानून के तहत पतियों को दी गई छूट को खत्म करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने सात फरवरी को केंद्र को अपना पक्ष रखने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था।

# उपहार कांड: भ्रामक बयान पर दिल्ली पुलिस को नोटिस

## सुशील अंसल के पासपोर्ट नवीनीकरण के भ्रष्टाचार से जुड़ा है मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एक स्थानीय अदालत ने अपने समक्ष कथित रूप से भ्रामक बयान देने के लिए दिल्ली पुलिस के खिलाफ सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। पुलिस का यह बयान पासपोर्ट नवीनीकरण के दौरान कथित भ्रष्टाचार को लेकर सुशील अंसल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने से जुड़ा है। सुशील अंसल वर्ष 1997 के उपहार सिनेमा मामले के दोषी हैं जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई थी।

शिकायतकर्ता के आवेदन पर अदालत ने मामले के जांच अधिकारी (आईओ) को नोटिस जारी किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने पिछले साल 16 सितंबर को आवश्यक मंजूरी दे दी थी, जिसके बारे में उसी दिन डीसीपी मुख्यालय को सूचित किया गया था।

शिकायत के मुताबिक, लेकिन पुलिस ने अदालत के समक्ष 31 जनवरी, 2022 को कहा कि मंजूरी की मांग करने वाला उसका आवेदन उपराज्यपाल के कार्यालय में लंबित है। पुलिस ने दस्तावेजों को तैयार करने के लिए और अधिक समय मांगा।

अदालत ने मंजूरी हासिल करने के लिए जांच अधिकारी को तीन सप्ताह का समय दिया था। अदालत ने सोमवार को यह आदेश तब पारित किया जब शिकायतकर्ता और उपहार त्रासदी (एवीयूटी) के पीड़ितों के संघ (एवीयूटी) की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति ने उसे तथ्यों से अवगत कराया। कृष्णमूर्ति ने अदालत को बताया कि 14 फरवरी, 2022 को उनके द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के जवाब में बिल्कुल अलग विवरण सामने आए थे।

एवीयूटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने कहा कि अदालत में दायर आरोपपत्र केवल भारतीय दंड संहिता की धारा 177 (झूठी सूचना देना), धारा 181 और पासपोर्ट कानून की धारा 12 (राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी छिपाकर पासपोर्ट प्राप्त करना) के बारें में था। लेकिन 22 मई, 2020 को उपराज्यपाल के कार्यालय में दायर आरोपत्र का मसौदा धारा 420 (धोखाधड़ी), 177, 181, 192 (झूठे सबूत देना), 197 (झूठा प्रमाण पत्र जारी करना) और पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 के तहत था।

वकील ने अदालत में कहा कि यह जानकर हैरानी होती है कि जब आरोपपत्र वास्तविक रूप से अदालत में दायर किया गया था, तो इस तरह की महत्वपूर्ण धाराओं को कैसे हटा दिया गया। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा ने जांच अधिकारी को नोटिस जारी करके मामले की अगली सुनवाई की तारीख चार मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# अपने शासन में काम करते तो मुझे आतंकवादी न बताते : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को लखनऊ और बाराबंकी में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों ने पिछले 70 साल में काम किए होते, तो काम पर वोट मांगते।

आज इन्हें केजरीवाल को आतंकवादी कह कर वोट मांगना पड़ रहा है। पहले इन्होंने देश के सारे किसानों को आतंकवादी कहा और अब गरीब साइकिल चलाने वालों को कह रहे हैं। जब बटन दबाना, तो बता देना कि भाजपा वाले अतंकवादी हैं या गरीब साइकिल चलाने वाले आतंकवादी हैं।

आप संयोजक ने कहा कि केजरीवाल वो आतंकवादी है, जो भ्रष्टाचारियों को डराता है। रात में इनके सपनों में आता हूं, तो ये सारे उठकर खड़े हो जाते हैं। एक कवि के सपने में आया कि मैं आतंकवादी हूं और ईडी, रॉ, सीबीआई व इनकम टैक्स को पता नहीं चला।

अगर हंग असेंबली आती है और भाजपा को बाहर रखने के लिए हम सरकार में शामिल हुए, तो मैं अपनी सारी गारंटी पूरी करा देंगे।

# विधायक सुधीर सिंगला ने पीएचसी वजीराबाद का किया उद्घाटन

### भाजपा सरकार के कार्यकाल में संसाधनों में हो रही व्यापक तौर पर वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के गांव वजीराबाद में पीएचसी के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सोमवार को पीएचसी वजीराबाद का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पीएचसी के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में शीतला माता मेडिकल कालेज का निर्माण भी युद्ध स्तर पर होगा। अगले डेढ़ साल में यहां ओपीडी सेवाएं करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा पूरे राज्य का समुचित विकास किया जा रहा है। प्रदेश में बिजली, पानी, शिक्षा चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित संसाधनों में वृद्धि हो रही है। मनोहर सरकार ने अपने कार्यकाल में जितने विद्यालयों और चिकित्सालयों का निर्माण कराया है, उतना किसी सरकार ने नहीं कराया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से गुरुग्राम में भी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए समर्पित होकर काम कर रहा हूं।

जब भी कोई व्यक्ति किसी तरह की समस्या लेकर हमारे सामने आता है तो मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर उसका निस्तारण कराता हूं। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरतों के मुताबिक विकास कार्यों को भी कराने के प्रति सदैव तत्पर रहता हूं और आगे भी मेरा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

पाटन के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा विधायक सुधीर सिंगला और मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने कोविड-19 के वॉलिंटियर्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा की कोविड-19 के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। चिकित्सकों, एएनएम और सहकर्मियों ने जहां कोरोना काल के दौरान संक्रमित नागरिकों का इलाज करने में अपना अमूल्य योगदान दिया, वहीं अब सभी लोगों को वैक्सीन लगाकर ऐसा सुरक्षा कवच तैयार किया है, जिसको तीसरी लहर नहीं भेद पा रही है। उन्होंने कहा की कोविड-19 के दौरान सफाई कर्मचारियों की भी अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा देकर सम्मानित किया गया। पीएचसी पर 2 स्प्लिट एसी, 2 विंडो एसी, 50 चेयर, 4 स्टील अलमिरा, 1 कॉमर्शियल आरओ, 8 मैट्रेस, 16 बेड शीट और तकिया, 2 पेशेंट बेड और 8 सिटी आदि संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। उद्घाटन के दौरान सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र यादव, पीएचसी इंचार्ज डॉक्टर अंजुल यादव, मनीष वजीराबाद पार्षद, सुनील मेंबर, हंसराज बोहरा, सूबेदार बलबीर, टीकाराम नंबरदार, जयपाल नंबरदार, रोशन नंबरदार, बलराम मास्टर, विजय पंडित, दीवान सिंह, रघुबीर सिंह, रामबीर पंच, दीपचंद प्रधान, राजपाल उर्फ कालू, महाबीर सिंह, करमबीर एडवोकेट, दीपचंद फौजी, पॉलजीत, राज सिंह, महेंद्र, सज्जन सिंह, प्रदीप, टीकाराम कौशिक, जयबीर मास्टर, विनोद, नवीन, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# हर रविवार को क्लीन दिवस के रूप में मनाएगा निगम: डा. वैशाली शर्मा



गुरुग्राम में मेगा स्वच्छता ड्राइव के समापन पर स्वच्छता सैनिकों का सम्मान करती अतिरिक्त निगमायुक्त डा. वैशाली वर्मा।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रत्येक रविवार को सुपर क्लीन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत नागरिकों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों की विशेष एवं पर्याप्त सफाई सुनिश्चित की जाएगी। यह बात उन्होंने सोमवार को सेक्टर-42 स्थित कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

यह कार्यक्रम मेगा स्वच्छता ड्राइव के समापन के अवसर पर आयोजित किया गया था। नगर निगम द्वारा 13 फरवरी से 20 फरवरी तक मेगा स्वच्छता ड्राइव का आयोजन किया गया था, जिसके तहत प्रत्येक दिन नागरिकों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गई थी। सोमवार को इसके समापन अवसर पर ड्राइव के दौरान बेहतर कार्य करने वाले 58 स्वच्छता सैनिकों तथा सहयोग देने वाली 19 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। इस मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त ने पौधरोपण करके ग्रीन गुरुग्राम का भी सन्देश दिया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता कुलदीप यादव व ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप हिंदुस्तानी, सफाई अधिकारी विजेंदर शर्मा, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पशुपालक राज्य पशुधन प्रदर्शनी 25 से शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से आगामी 25 फरवरी से जिला भिवानी में सेक्टर-13 के नजदीक हुडा ग्राऊंड में 38वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएग। यह प्रदर्शनी 27 फरवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी के दौरान पशुओं की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस प्रदर्शनी और आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले पशुओं को विभाग की ओर से ईनाम दिए जाएंगे। साथ ही ऊंट व घोड़ों के करतब भी होंगे और पशुओं का रैंप शो भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि, पशुपालन और बागवानी से संबधित नई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पशुपाल विभाग की उपनिदेशक डा. पुनीता गहलावत ने बताया कि प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक, उपमंडल अधिकारी या उपनिदेशक कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। चुने गए पशुओं को 24 फरवरी सायं तक प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचना होगा। इस राज्य पशुधन प्रदर्शन में 12 नस्लों के पशुओं की 53 तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें गाय, भैंस, बैल, खागड़, भेड़, बकरी, मेंढ़े, ऊंट, घोड़े, सूअर व गधे जैस पशु शामिल हैं। प्रदर्शनी में पशुओं के ठहरने, चारे व पानी की समुचित व्यवस्था होगी।

### नागरिक अस्पताल के दवाई भंडार कक्ष में आग लगी

**सोहना।** नागरिक अस्पताल के दवाई भंडार कक्ष में लगी आग से होने वाले बड़ा हादसा को अग्निशनम विभाग की टीम ने समय पर पहुंच बचा लिया। आग में दो फ्रीज समेत हजारों रुपये की दवाइयां जल गईं। रविवार की देर रात करीब 12 बजे नागरिक अस्पताल के दवाई भंडार के बरामदे में खड़े दो फ्रिजों के पास आग जल उठी। दवाई भंडार कक्ष में आग का उजाला देख रात्रि ड्यूटी पर तैनात अस्पताल कर्मियों ने तुरन्त पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के मात्र 10 मिनट में अग्निशमन की गाड़ी अस्पताल में पहुंच गई। दमकल कर्मी जब तक आग पर काबू करते। तब तक दीवार के साथ खड़ें दो फ्रीज तथा उसके अंदर रखें हजारों रुपये के कीमत इंजैक्शन और अन्य दवाइयां जल गई। दमकल कर्मियों ने आग को साथ बना कमरे में जाने से रोक लिया। उक्त कमरे में जलनशील दवाइयां रखी हुई थी। जिनके पास आग पहुंचने पर विकराल रुप ले सकती थी। जिसे काबू पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता। आग बड़े स्तर पर लगने से लाखों रुपये की दवाइयां जलकर राख हो जाती। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि आग लगने के कारणों को जाना जा रहा है। अभी तक की जांच में आग बिजली की तारों में हुई शार्ट सर्किट को माना जा रहा है।

### किरयाना की दुकान से हजारों का सामान और नकदी चोरी

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव घामडौज में शनिवार की देर रात किरयाना दुकान का ताला तोड़ 50 हजार का सामान समेट 1500 ?की नकदी चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। जिला रेवाड़ी के मूल निवासी अनुप शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसने घामडौज में किराए पर दुकान ली हुई है। रोजाना की त%ह से शनिवार की शाम को वह बंद करके चला गया था। देर रात एक बजे उसे फोन आया कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है और शटर उठा हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो दुकान में से ड्राई फ्रूट समेत रिफाइंड तेल, सरसो के तेल के टीन, चीनी की बोरी तथा अन्य कीमती सामान गायब था। जिसकी अनुमानित लागत 50 हजार रुपये होगी। 10,20 और 100 के नोटों की लगभग 1500 ?नकदी गल्ले में से चोरी हो गए। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### उत्साह से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**गुरुग्राम।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रूखनगर में अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पूरे जोश, उमंग और उत्साह से मनाया गया। इस दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए अन्य विद्यालयों के प्राचार्य वेदप्रकाश सैनी और सतीश कुमार ने मॉडल संस्कृति विद्यालय की प्रतियोगिताओं में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्राचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि मातृभाषा किसी भी बच्चे की पहली भाषा होती है जोकि किसी भी जाति, कौम, मजहब और क्षेत्र में रहने वाले बच्चे के लिए ज्ञानार्जन और जीवन मूल्यों को सीखने की स्वाभाविक व प्रथम भाषा होती है। मातृभाषा में एक अबोध बच्चा भी अपने विचार रख सकता है, जबकि किसी भी अन्य भाषा में एक परिपक्व अवस्था हो जाने पर भी अपने विचार रखना असंभव होता है। मातृभाषा हमारी सभ्यता और संस्कृति को संजोए रखती है। हम सभी को अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। कोई भी देश अपनी निज भाषा के बल पर ही उन्नति प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर विभागीय आदेशानुसार अनेक प्रतियोगिताएं जैसे-डिबेट, पोस्टर मेकिंग, नाटक मंचन, निबंध लेखन, कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन और आयोजन हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत अध्यापक-अध्यापिकाओं के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका विभा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राध्यापिका गीतांजलि, पूजा बंसल, जागृति यादव, रजनी शर्मा व सुनीता ठक्कर का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य जितेंद्र यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य वेद प्रकाश सैनी, प्राचार्य सतीश कुमार तथा अपने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर पुरस्कृत किया। पोस्टर मेकिंग में दीपक,बीरसिंह व ज्योति, पेंटिग में रोहित, स्नेहा व रोहन, निबंध लेखन में रेनू, नितिन व राहुल, डिबेट में अनीश, हेमा,मंकेश व श्वेता, गायन में संदीप, ज्योति, दीप्ति व भारती और मातृभाषा के महत्व को समझाने के लिए नाटक मंचन करने वाले मुकेश, हीना, महिमा, तनू, महक, हंसराज, कपिल, मोहित और निशांत को सम्मानित किया।

# विशेषज्ञों ने प्रचार अमले को सिखाए संगीत और प्रचार के गुर


स्वतंत्रता सेनानी हॉल में कार्यशाला में मौजूद अधिकारी व संगीत के विशेषज्ञ।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रचार अमले की कार्यशाला का दूसरा दिन

**सूचना,** जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के गुरुग्राम व फरीदाबाद मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले जिलों की भजन पार्टियों तथा खंड प्रचार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को विशेषज्ञों ने प्रचार अमले को संगीत को बेहतर करने और प्रचार को प्रभावी बनाने के गुर सिखाए।

यह कार्यशाला सिविल लाइन्स स्थित स्वंतत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल परिसर में आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला के दूसरे दिन राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 के संगीत प्राध्यापक लोकेश ने प्रचार अमले को संगीत की बारिकियां समझाई और स्वयं भी वाद्य यंत्रों पर धुन बजाकर गीत गाने की शैली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयं हरियाणा की बेटियों की उपलब्धियों पर एक गीत प्रस्तुत भी किया। उन्होंने कहा कि प्रचार अमले को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रीय गान ना केवल अच्छी तरह याद हो बल्कि उसका प्रस्तुतिकरण भी सही ढंग से हो , उसमें उच्चारण तथा शब्दों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। श्री लोकेश ने संगीत में प्रयोग होने वाली मात्राओं के बारे में जानकारी दी और भजनपार्टियों से गीतों का मुखड़ा और अंतरा सुनकर उनका अभ्यास भी करवाया। संगीत विशेषज्ञ डॉक्टर लोकेश ने प्रचार अमले को संगीत की विधाओं, स्वरों की बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने मन से किसी स्वर व संगीत को बनाते हैं तो वह अपने आप में एक अनूठी पहल बन जाती है।

पूर्व जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी रणबीर सिंह दहिया ने इस मौके पर बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की भजन मंडली अपने प्रचार-प्रसार का कार्य धरातल पर करती हैं, जिससे कि सरकार की उपलब्धि जनता के बीच में पहुंच पाती है। उन्होंने कहा कि ये प्रचार मंडलियां गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों के बारे में भी लोगों को जागरूक करती हैं। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क विभाग सरकार की आंख, नाक व कान होता है, जोकि सरकार की योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक करते हैं।

संयुक्त निदेशक रणवीर सिंह सागवान ने कहा कि समय की मांग के अनुसार विभाग को समय-समय पर ऐसी कार्यशाला की जरूरत होती है, जिससे कि विभाग के प्रचार अमले के कर्मचारियों को सरकार की उपलब्धियों बारे पूर्ण रूप से जानकारी मिल सके। इस अवसर पर विभाग के गीत एवं नाटक अधिकारी रहे राजबीर भारद्वाज व कई हरियाणवी फिल्मों के लिए गीत लिख चुके मांगेराम खत्री भी उपस्थित रहे।

# जनसमस्या: 15 दिन में होगा भारी सुधार

**एन. रोहिल्ला।** सोहना

### 40 अलग-अलग प्रकार की योजनाओं पर अमल करने के दिए निर्देश

**एसडीएम** ने नगर परिषद प्रशासन को शहर में लगने वाले जाम सहित गंदगी मुक्त बनाने से लेकर आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए 40 अलग-अलग प्रकार की योजनाओं पर अमल करने के निर्देश जारी किए है। एसडीएम ने आने वाले 15 दिन में शहर की अंदर जनसमस्याओं में भारी बदलाव होने का दावा किया है।

पिछले दो वर्ष से कोविड काल के कारण शहर में विकास कार्य की धीमी गति से चल रही था। कोरोना महामारी के कारण आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पर प्रशासनिक तौर पर अधिक ध्यान न दिया गया। जिसके कारण आम नागरिकों को शहर की सड़कों पर लगने वाले जाम से लेकर सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण, शहर से बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनाज मंडी परिसर में किसानों से लेकर यहां आने वाले सब्जी व अनाज खरीददारों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। मंडी के दीवारों को तोड़कर बनाएं गए अवैध दरवाजों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा।

### बाजारों में खड़े नहीं होंगे वाहन

**शहर** के बाजारों की सड़क के ऊपर अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा करके सामान खरीदने वाले ग्राहक को अब महंगा पड़ेगा। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने नगर परिषद को ठेके पर दो टोइंग वैन का टेंडर जल्द से जल्द छोड़ने के आदेश जारी किए है। ताकि शहर की सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों को तुरन्त टोइंग वैन से उठाया जा सके। सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों का अब भारी जुर्माना भी देना होगा।

> **10 से** 15 दिन के अंदर शहर के अंदर आम लोगों को समस्याओं से निजात मिलेगी। जिसका असर आम लोगों को स्वयं ही देखने को मिलेगा। प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को लेकर गंभीरता से कार्य करेगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम सोहना )**

### अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना

**नगर** परिषद की टीम दुकान से बाहर सामान रखकर बेचने वाले दुकानदार का चालान कटेगी। अपनी दुकान के आगे किराया वसूली करके बैठाया छोटे दुकानदार का सामान जब्त किया जाएगा। आम रास्ते में आने वाले त्रिपाल, सहित लटकाकर बेचा जा रहा सामान को भी जब्त करने के निर्देश जारी किए गए है।

### कॉलोनियों में बिजली, पानी की समस्या का निदान

**शहर** की कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति से लेकर बिजली सप्लाई, कच्चे रास्तों को पक्का करने तथा सीवरेज व्यवस्था को पहले से बहत्तर बनाया जाएगा। सरल केन्द्र पर आने वाले नागरिकों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# 650 बेड का होगा श्रीमाता शीतला देवी मेडिकल कालेज

### पीपीपी के अनूठे मॉडल पर तैयार होगा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल

### सितंबर 223 में अस्पताल में प्रथम चरण की ओपीडी शुरू करने का है लक्ष्य

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**श्रीमाता** शीतला देवी मेडिकल कालेज 650 से अधिक बेड का होगा। इस अस्पताल को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाया जाएगा। अस्पताल में अगले डेढ़ साल में यानी सितम्बर 2023 तक प्रथम चरण की ओपीडी शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अस्पताल में लोगों को आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निर्माण सेक्टर-102 में किया जाना है। गुरुग्राम जिला का यह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल एक ऐसे अनूठे मॉडल पर तैयार किया जाएगा, जिसमें यहां के लोगों को लो कोस्ट अफोर्डेबल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सुविधा मिले। इसमें सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल की सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह अस्पताल 650 बेड से ज्यादा क्षमता का होगा। इसमें अटेंडेंट के ठहरने की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में सितंबर 2023 से चरणबद्ध तरीके से पहले चरण की ओपीडी सुविधाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### वर्तमान में जिला के सभी अस्पतालों में 5324 बेड उपलब्ध

**बैठक** में बताया गया कि वर्तमान में गुरुग्राम जिला में विभिन्न अस्पतालों में मरीजों के लिए लगभग 5324 बेड उपलब्ध हैं। इनमें से केवल 10 प्रतिशत बेड लो कोस्ट यानी कम खर्च वाले हैं, जोकि सरकारी अस्पतालों में हैं। श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण से कम लागत वाले अफोर्डेबल हेल्थ केयर बेड की संख्या में जो गैप है, वह दूर होगा।

### 30 बेड इमरजेंसी में, 50 बेड ट्रोमा सेंटर में होंगे

**गुरुग्राम** महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने इस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बारे में एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष प्रजेन्टेशन दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल 650 बेड का होगा। इसके अलावा 30 बेड इमरजेंसी, 40 बेड आईसीयू और 50 बेड ट्रोमा सेंटर में भी होंगे। अस्पताल में फॉमेसी की व्यवस्था के अलावा इसका भवन ग्रीन बिल्डिंग सिद्धांतों के अनुसार बनाया जाएगा। अस्पताल भवन में कैंटीन व रेस्टोरेंट की सुविधा भी होगी। पूरा कैंपस सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। यह भवन एनर्जी एफिसिएंट लाईटिंग सिस्टम से लैस होगा। उन्होंने श्री माता वैष्णों देवी नारायणा सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल कटरा का मॉडल भी बैठक में प्रस्तुत किया। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि जीएमडीए की टीम देश के ऐसे आधुनिकतम सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों का अध्ययन करेगी, जहां पर मरीजों पर कम खर्च डालते हुए उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

# ट्रूकॉलर और साइबरपीस फाउंडेशन ने एक कैंपेन की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ट्रूकॉलर और साइबर पीस फाउंडेशन ने शुरू की पहल

### पहल का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना

**पूरी** दुनिया में फोन नंबर को वेरीफाई करने तथा अनचाहे फोन कॉल को रोकने में मदद करने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मजबूत संकल्प के साथ साइबरपीस फाउंडेशन के सहयोग से इंटरनेट सुरक्षा पर केंद्रित अभियान, #TrueCyberSafe को लॉन्च किया है।

ट्रूकॉलर के लिए अपने उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा, खासकर महिलाओं और कमजोर तबके के लोगों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम ऑनलाइन के साथ-साथ शारीरिक उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा में हमेशा की तरह सबसे आगे हैं। अपनी कम्युनिटी की मदद से फोन नंबरों को स्पैम/स्कैम/धोखेबाज के रूप में चिह्नित करके, हम उपयोगकर्ताओं को ट्रूकॉलर की कॉलर आइडेंटिफिकेशन सर्विस की मदद से सोच-समझकर फैसला लेने में सक्षम बनाकर उन्हें ऑनलाइन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने में सबसे आगे हैं। यह सुविधा ऐसे फोन कॉल रिसीव करने वाले लोगों को उस नंबर को ब्लॉक या/और रिपोर्ट करने में मदद करता है, जिसकी वजह से बातचीत की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित हो जाती है। इसके अलावा, गार्जियंस एक लोकेशन सेफ्टी ऐप है जिसका उपयोग करना बेहद आसान है, और यह लोगों को यात्रा के दौरान सुरक्षित रहने में मदद करता है। ट्रूकॉलर ने साइबरपीस फाउंडेशन के साथ मिलकर लोगों को डिजिटल सुरक्षा का अनुभव प्राप्त करने के लिए जरूरी कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण देकर एक कदम आगे बढ़ाया है, ताकि उन्हें संकट के समय अच्छी तरह सोच-विचार करने और गलत इरादों को समझने में मदद मिल सके। ऑटोबॉट इन्फोसेक के साथ मिलकर तैयार किए गए सर्टिफिकेशन से लोगों को अलग-अलग तरह की धोखाधड़ी, ज़ालसाज़ी, उत्पीड़न और ठगी से निपटने में मदद मिलेगी।

इस साझेदारी पर अपनी राय जाहिर करते हुए, साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष, मेजर विनीत कुमार, ने कहा पिछले दो दशकों में साइबरपीस फाउंडेशन ने ऑनलाइन सुरक्षा के साथ-साथ भविष्य में सामने आने वाली समस्याओं पर जोर दिया है। महामारी की शुरुआत के बाद, हमने देखा है कि साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

# सोहना के बारबेट कॉम्पलेक्स में बढ़ा उत्पाती बंदरों का आतंक

**सोहना।** सोहना से लगती अरावली पहाड़ी की गोद में बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बारबेट कॉम्पलेक्स में बढ़ता उत्पाती बंदरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। बंदरों के आतंक से यहां आने वाले पर्यटकों भयभीत हो रहे है। जिसका सीधा असर कॉम्पलेक्स के कारोबार पर पड़ रहा है।

कोरोना के प्रथम चरण के बाद से बारबेट कॉम्पलेक्स का कारोबार अभी पूरी तरफ से पटरी पर नहीं आया है। इससे पहले यहा बढ़ती उत्पाती बंदरों के आतंक ने कॉम्पलेक्स में रहने वाले कर्मचारियों से लेकर पयर्टकों की नाक में दम करके रख दिया है। अंदरों का आतंक कॉम्पलेक्स के खुले परिसर से लेकर रेंस्टोरेंट और कमरों तक फैला हुआ है। कर्मचारियों को खुले परिसर में अपने साथ डंडे लेकर चलना होता है। उत्पाती बंदर यहा आने वाले पर्यटकों को खाने को झपटते है। कई बार पर्यटकों को काटकर गहरे जख्म बनाएं दिए है।

**अन्य शहरों से छोड़े जा रहे है बंदर:** जानकारी के अनुसार अरावली पहाड़ी के बीच में बना कॉम्पलेक्स पर दूसरे शहरों से पकड़कर लाए जाने वाले बंदरों को रात के समय में यहां छोड़ दिया जाता है। जिससे बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ पहाड़ी के साथ लगता बाजार और आबादी क्षेत्र से भी बंदर खाने की तलाश में यहा पहुंच रहे है। शनिवार और रविवार को यहा अपने वाले पर्यटको की संख्या बढ़ने लगी थी।

> **बंदरों** का बढ़ता आतंक के कारण रात के समय में रुकने वाले पर्यटक पूरी रात चैन की नींद तक नहीं सो पा रहे हैं। इसके अलावा बंदर पर्यटकों को खुले परिसर में घूमने भी नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण पर्यटक यहा से निराश होकर लौट जाता है। जिसके निराशा के असर निगम के आर्थिक कारोबार पर पड़ रहा है।
>
> **सुनील भारद्वाज**
> **( कॉम्पलेक्स प्रभारी )**

# द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन का ग्राहकों को होली का उपहार

### खाद्य तेलों पर एमआरपी 3 रुपए से 5 रुपए प्रति टन घटाने का अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ



**मौजूदा** समय में पूरी दुनिया में खाद्य तेलों की कीमतें आसमान को छू रही हैं और यह ''आयातित मुद्रास्फीति'' न केवल सभी हित धारकों को, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं की रातो की नींद हराम कर रही है। लगता नहीं है कि आने वाले समय में इनकी कीमतों में कोई नरमी आए, वहीं इण्डोनेशिया जैसे कुछ निर्यातक देशों ने भी लाइसेंस के माध्यम से पॉम ऑयल के निर्यात को और नियमित करना शुरू कर दिया है।

रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी रीजन में तनाव को लेकर भी, सन फ्लावर की कीमतों में आग लग रही हैं जो कि इसी क्षेत्र से आता है। उधर ला-नीना तूफान के कारण ब्राजील में खराब मौसम के चलते भी लैटिन अमेरिका में सोया की फसल भी कम हुई है।

**सरसों की अधिक फसल और शीघ्र सरकारी उपाय...**इस परिदृश्य में यह ध्यान देने योग्य है कि घरेलू सरसों की फसल काफी अच्छी तरह से आकार ले रही है और हम चालू वर्ष के दौरान एक सर्वकालिक रिकॉर्ड फसल की उम्मीद कर रहे हैं जो उपभोक्ताओं को कुछ राहत देने में मदद कर सकती है। भारत सरकार भी नई फसल सरसों के बाजार में आने से पहले ही कमतों को कम करने के लिए तात्कालिक उपाय करने के प्रति सक्रिय हो रही है इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण है सरकार का सीपीओ शुल्क में हाल ही की गई 2.5 प्रतिशत की कमी करना है।

द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी एवं कार्यकारी निदेशक बी.वी मेहता के अनुसार, देश में ऑल इंडिया एपेक्स और प्रीमियर एसोसिएशन ऑफ एडिबल ऑयल के सदस्य, द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य खाद्य तेलों की सुचारू आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे है एवं सरकार के सक्रिय निर्णयों से जुड़े हुए हैं, ने अपने सदस्यों को खाद्य तेलों पर एमआरपी 3000 रुपए से 5000 रुपए प्रति टन (3 रुपए से 5 रुपए प्रति किलो) कम करने का आग्रह किया है एवं सलाह दी है।

एसईए सदस्यों को इस छोटे से होली उपहार से हमारे उपभोक्ताओं को सहायता करने और उत्सवों में कुछ और रंग शामिल करने में मदद मिल सकेगी।

# पति की सताई गर्भवती को सखी सेंटर पहुंचाया

### पति ने मारपीट कर महिला का तोड़ दिया हाथ

### बिना भोजन के अस्पताल में इलाज को आई गर्भवती महिला हुई बेहोश

**कविता। फरीदाबाद**

**देश** में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कितने भी कानून सख्त क्यों न हो गए हों, लेकिन इसके बावजूद अब भी शहर का एक बहुत बड़ा तबका ऐसा है, जो पुरुषों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने से डरता है।

ऐसा ही नेहरू कालोनी निवासी दो बच्चों की मां गीता के साथ हो रहा है। 31 वर्षीय गीता को उसका पति शराब के नशे में पीटता है। उसने पहले तो उसके एक हाथ पर चोट मार दी थी। जैसे-तैसे ठीक हुई तो अब दूसरे हाथ में चोट पहुंचा दी। गीता को पिछले एक महीने से प्रेग्नेंट होने का पता चला तो वह हाथ और प्रेग्नेंसी की जांच करवाने दोनो बच्चों को घर छोड़कर आ गई। लेकिन रात से कुछ न खाने और प्रेग्नेंट होने के कारण वह चक्कर खाकर बुरी तरह गिर गई। जिस पर लोगों ने उसकी मदद की। वहीं महिला सुरक्षाकर्मियों ने उसे सखी सेंटर में पहुंचा दिया।


बेहोश महिला गीता को सखी सेंटर में ले जाती सुरक्षाकर्मी उषा और सुनीता।

**यह है पूरा मामला :** नेहरू कालोनी निवासी 31 वर्षीय गीता ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। उसका पति उसे आए दिन शराब के नशे में मारता पीटता है। उसका पति खाना बनाने तक के पैसे उसे नहीं देता। आरोपी ने उसे मारा-पीटा तो उसका उल्टा हाथ बुरी तरह से घायल हो गया है।

ऐसे में हाथ से खाना नहीं बनाया जा रहा है। उसने बताया कि रविवार को उसके पास बेटो को खाना खिलाने तक के पैसे नहीं थे। जिस पर उसने अपनी सिलाई मशीन बेच दी और बच्चों को बाहर से लाकर खाना खिलाया। वहीं सोमवार को वह इलाज करवाने बेटों को घर छोड़कर आई है। रात से उसने कुछ नहीं खाया। क्योंकि घर में कुछ खाने का नहीं था। प्रेग्नेंट होने और रात से कुछ न खाने के कारण वह साढ़े 12 बजे ओपीड़ी में मुंह के बल गिर पड़ी। जिस पर उसे किसी तरह से उठाकर बैठाया और उसे बिस्कीट और फ्रुटी पिलाई। जिसके बाद उसे होश आया तो पायनियर संवाददाता को उसने अपनी पीड़ा बताई। जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे उठा कर सखी सेंटर (जहां घरेलु हिंसा और बलात्कार पीड़िताओं को न्याय मिलता है) में दाखिल करवा दिया। ताकि उसकी हर समस्या का समाधान और उसका इलाज की सुविधा उसे मिल सके।

# आठवीं की बोर्ड परीक्षा रद्द होने से लाखों बच्चों को मिली राहत

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हस्तक्षेप से परीक्षा एक साल के लिए टली

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


8वीं बोर्ड : मूंछों की लड़ाई या पैसे की भूख मासूमों को दे रहा तनाव

आखिर क्यों दे रहे तनाव

धन एकत्रित करने की मंशा?

कैसे करेंगे तैयारी

**कोरोना** महामारी की वजह से पिछले करीब दो साल निजी अथवा सरकारी स्कूल ज्यादातर समय तक बंद रहे। जिसके कारण गतवर्ष सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड द्वारा दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा ऑनलाइन ली गई थी। जिसके बाद भी लगातार काफी समय स्कूल बंद रहे।

स्कूलों की तरफ से बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाया जा रहा था, लेकिन काफी संख्या में बच्चे मोबाइल अथवा इंटरनेट के अभाव में बिल्कुल ही पढ़ रही पाए, लेकिन इसके बावजूद हरियाणा बोर्ड द्वारा प्रदेश के सभी हरियाणा अथवा सीबीएसई से पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के बच्चों की बोर्ड परीक्षा लेने की जिद्द की जा रही थी। बच्चों, अभिभावकों और स्कूलों की समस्या को देखते हुए पायनियर ने इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समस्या पर संज्ञान लेते हुए आठवीं की बोर्ड परीक्षा को एक साल के लिए टालने के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद पिछले कुछ समय से तनाव में जी रहे लाखों मासूम बच्चों ने काफी राहत की सांस ली है। वहीं बच्चों के अभिभावकों और स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### बोर्ड खुद भी नहीं था तैयाार

**बच्चों** व अभिभावकों के मानसिक तनाव और स्कूल संचालकों की परेशानी को ताक पर रखकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों द्वारा लगातार आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा लेने की जिद्द की जा रही थी। जिससे पर आपति जताते हुए निजी स्कूल हाईकोर्ट की शरण में चले गए थे। जहां मामला अभी तक विचाराधीन है। बोर्ड की तरफ से अभी तक परीक्षा की तैयारी करना तो दूर स्लेबस तक वेबसाइट पर नहीं डाला गया है।

पायनियर इम्पेक्ट

### सीएम का जताया आभार

**फरीदाबाद** प्रोग्रेसिव स्कूल्स कांफ्रेंस ने आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा करवाने के निर्णय को मुख्यमंत्री द्वारा खारिज करने पर धन्यवाद् किया। कांफ्रेंस के प्रेसिडेंट नरेंद्र परमार ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत हुए बदलाव को आधार बनाकर हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी ने प्रदेश में चल रहे सभी सीबीएसई, आईसीएससी एवं प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की वार्षिक परीक्षा करवाने का निर्णय लिया। जिसका प्रदेश की सभी सीबीएसई स्कूल्स एसोसिएशंस ने विरोध किया। साथ ही शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से इस गलत निर्णय को अस्वीकार करने की मांग की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सभी सीबीएसई स्कूल्स एसोसिएशंस की मांग मान ली है। फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स कांफ्रेंस के कार्यकारिणी सदस्य टीएस दलाल, राजदीप सिंह, बीडी शर्मा, नारायण डागर, आनंद मेहता, वाईके माहेश्वरी, भारत भूषण, ऋषि पाल चौहान, विनोद जोसेफ आदि ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया।


नरेंद्र परमार।

# कन्वेशन की बैठक में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का हुआ निर्णय


कन्वैंशन की बैठक के बाद एकत्रित प्रदाधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**हरियाणा** गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी (सम्बन्द्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की जिला कन्वेंशन सर्व कर्मचारी संघ के जिला कार्यालय सेक्टर 7 में संपन्न हुई। इस कन्वेशन की अध्यक्षता जिला प्रधान जगदीश ने की। संचालन जिला सचिव राजकुमार ने किया।

मीटिंग को संबोधित करते हुए मैकेनिकल वर्करज यूनियन पूर्व राज्य प्रधान विरेन्द्र सिंह डंगवाल, राज्य के प्रैस सचिव योगेश शर्मा , हितेश शर्मा पूर्व वित्त सचिव अत्तर सिंह केशवाल ने बताया कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार लगातार सरकारी विभागों पर हमला कर रही है। पीडब्ल्यूडीके विभागों पर नव उदारीकरण नीतियों के पडने वाले प्रभाव-केन्द्र व राज्य सरकार जिस गति से पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों (जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,व भवन एवं सड़कें) पर नव उदारीकरण के तहत निजीकरण लागू कर रही हैं।

गांव की पेयजल व्यवस्था को पंचायतों व शहरों की पेयजल व मल व्यवस्था नगर निगमों व अन्य फिक्स डिपॉजिट वर्क वाली सप्लाई जैसे बस स्टैण्ड, जेल, हस्पताल, आईटीआई आदि की जल व मल व्यवस्था विभाग से छीनने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का आकार ही कहां बचेगा। सिंचाई विभागों में नई नहर का निर्माण पूर्ण बन्द हो गया है। पुरानी नहरों का रख रखाव भी पूर्णत: ठेकेदार के हवाले कर दिया गया है।इसी प्रकार भवन एवं सड़कें शाखा के पास सम्पूर्ण संसाधन होते हुए भी कोई कार्य विभाग के कर्मचारियों से नहीं कराया जाता।

# महिला आयोग ने किया महिलाओं केसों का निपटारा


केसों का निपटारा करती महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने आज फरीदाबाद सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में महिलाओं से सम्बंधित केसों की सुनवाई की।

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया की हम महिलाओं से संबंधित 17 केसों को रजिस्टर्ड करके लाये थे जिनमें पहले से कुछ मामले दर्ज थे। कुछ मुकदमे कोर्ट में चल रहे थे कुछ री-ओपन हुए थे। उसके बावजूद हमने यह बात भी कही कि अगर किसी को भी अपना केस आज दर्ज करना है तो वो लिखित में एप्लीकेशन से सकता है। ऐसे करके हमारे पास 15 मामले और आये जिसमे हमने कुछ केसों को सुना और अगली बार के लिए समय दिया। हम पहले केस को खुद स्टडी करते है फिर केस से सम्बंधित थानों के अधिकारियों से बात करते है। उसके बाद हम प्रार्थी को बुलाते है।

# बारात में शामिल दो लाइटमैन की करंट से मौत

### पांच को लगा था करंट, तीन बेहोश हुए जबकि दो की मौके पर ही हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जुन्हैडा** गांव में रविवार रात को बारात की चढ़त के दौरान दो लाइट मैन की करंट लगने से मौत हो गई। दोनों के परिवार में अन्य कोई कमाने वाला नहीं है। जिससे दोनों परिवार असहाय महसूस कर रहे हैं। थाना तिगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**यह है पूरा मामला :** रविवार की रात गांव जुन्हैड़ा निवासी मुकेश की बेटी की शादी थी। बारात गुरूग्राम के हाजीपुर से आई थी। बाराती सोहना के जनता बैंड को बुक करके लाये थे। बैंड पार्टी में पांच-पांच सौ रुपये में लाइट पकड़ने के लिए दो लाइटमैन जोकि यूपी के ऐटा निवासी 53 वर्षीय अतरू और 31 साल का अकबर भी शामिल थे।


बच्चों के संग बैठी दोनो लाइटमैन की पत्नियां और अन्य परिजन।


अतरू।


अकबर।

अकबर और अतरू सोहना में झुग्गियों में अपने परिवार के साथ रहते हैं। पुलिस का कहना है कि बारात के चढ़त के दौरान दोनों लाइट मैन ने हाथ में लाइट की छतरी पकड़ी हुई थी।

लाइट की छतरी अचानक से गांव में लगे ट्रांसफार्मर से टकरा गई। जिसके वजह से पांचो लाइट मैनों को करंट लग गया। जिसमें तीन लोग बेहोश हो गए। अंत में खड़े अतरू व अकबर दोनों बुरी तरह से झुलस गए। घटना के बाद बारात में अफरातफरी मच गई। जिसके बाद दोनों को उपचार के लिए बीके अस्पताल लेकर गए। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने दोनों को मृतक घोषित कर दिया।

एसआई आनंद पाल ने बताया कि मृतक 53 वर्षीय अतरू के 9 बच्चे हैं। वहीं 31 वर्षीय मृतक अकबर के 5 बच्चे है। दोनों सोहना के पास बनी झुग्गी में रहते थे। पुलिस ने दोनों के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतरू की पत्नी सहाबजादी और अकबर की पत्नी आसमा ने बताया कि उन्हें मौत की सूचना मिली तो उनके पैरो के नीचे से जमीन खिसक गई। रात से वह बच्चों संग बीके अस्पताल में ही बैठे हैं।

# महिला सशक्तिकरण को संकल्पित है कांग्रेस पार्टी: कुमारी सैलजा

### बल्लभगढ़ विधानसभा में आयोजित शक्ति यात्रा में उमड़ा महिलाओं का सैलाब

**पायनियर समाचार सेवा। फ़रीदाबाद**

**अखिल** भारतीय महिला कांग्रेस के तत्वावधान में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के द्वारा दिए गए नारे लड़की हूं लड़ सकती हूं, के 125 दिन पूरे होने के उपलक्ष में हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस के द्वारा बल्लभगढ़ में आयोजित शक्ति यात्रा में हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने सभी महिलाओं को आगे बढ़कर अन्याय और असमानता से लड़ने का आह्वान किया।

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा के नेतृत्व में यह यात्रा बल्लभगढ़ के अम्बेडकर चौक से आरंभ होकर सिटी पार्क, बल्लभगढ़ तक निकाली गई। इस दौरान मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस प्रभारी ओनिका महरोत्रा, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज, नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, एनआईटी विधायक नीरज शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा की 'लड़की हूं लड़ सकती हूं सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि एक मुहिम है, जिसके तहत हमारी नेता प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में नेतृत्व करने का अवसर प्रदान कर रही है। कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से ही महिलाओं को आगे लाने और उनके समग्र विकास की रही है। कांग्रेस पार्टी की महासचिव और हमारी नेता श्रीमती प्रियंका गांधी ने लड़की हूं लड़ सकती हूं, जैसी मुहिम चलाकर उत्तर प्रदेश की लड़कियों के स्वाभिमान को और अधिक बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिए 40 फीसद महिला प्रत्याशी घोषित करके कांग्रेस ने महिलाओं के प्रति अपनी प्रगतिशील सोच को आगे रखा है।


जनसैलाब को सम्बोधित करती कुमारी सैलजा।

कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की जिस बल्लभगढ़ व फरीदाबाद को रोजगार सृजन के लिए पूरे भारत में जाना जाता था, आज वो फरीदाबाद पिछड़ेपन का सबसे ज्यादा दंश झेल रहा है। भाजपा-जजपा की यह सरकार बल्लभगढ़ में भू-माफियाओं का राज लाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस सरकार की साजिशों के खिलाफ हर स्तर पर अपनी लड़ाई लड़ेगी।

# गोल्ड लोन बुक आठ हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य

### कंपनी ने अपने गोल्ड लोन वर्टिकल के लिए रवीश गुप्ता को बिजनेस हेड नियुक्त किया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कॅप्री** ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल), नॉन डिपॉजिट और प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण एनबीएफसी (एनबीएफसी-एनडी-एसआई) ने गोल्ड लोन के कारोबार में कदम बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी वित्त-वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के दौरान इस कारोबार का संचालन शुरू करेगी। कंपनी ने अगले 5 सालों में अपने गोल्ड लोन बुक को 8000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने तथा देश भर में 1500 शाखाओं के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार करने का लक्ष्य रखा है।

कारोबार में विविधता लाने के बारे में बताते हुए, राजेश शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, कॅप्री ग्लोबल कॅपिटल लिमिटेड, ने कहा, 'यह कदम लंबी अवधि में अपने दायरे के विस्तार की हमारी रणनीति के अनुरूप है। हमें गोल्ड लोन के बाजार में असीम संभावनाएं नजर आ रही हैं, क्योंकि महामारी की वजह से उत्पन्न आर्थिक संकट के कारण निम्न से मध्यम आय वाले परिवारों में ऋण की मांग काफी बढ़ गई है। सोने के गहनों के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं, जिसके चलते लोग अपने सोने को बेचने के बजाय जमानत के रूप में गिरवी रखते हैं और कम समय के लिए लोन प्राप्त करते हैं। देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में यह ट्रेंड स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है। देश के ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर मौजूदगी के साथ, ग्राहकों की सेवा करने और समुदायों के भीतर वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है।'

कंपनी ने इस वर्टिकल के लिए रवीश गुप्ता को बिजनेस हेड नियुक्त किया है। उन्हें पूरे देश में गोल्ड लोन के नए कारोबार को संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। सीजीसीएल में शामिल होने से पहले, उन्होंने इंडिया इन्फोलाइन फाइनेंस लिमिटेड के लिए उत्तरी क्षेत्र में गोल्ड लोन कारोबार की कमान संभाली थी। वर्तमान में, कंपनी देश के 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद अपनी 110 शाखाओं के मजबूत नेटवर्क के जरिए दो प्रमुख वर्टिकल-सिक्योर्ड एमएसएमई लोन और किफायती हाउसिंग फाइनेंस में अपने कार्यों का संचालन कर रही है। कंपनी किफायती आवास परियोजनाओं के लिए भवन निर्माण हेतु फाइनेंसिंग उपलब्ध कराने तथा प्रमुख बैंकों के ऑटो लोन प्रोडक्ट्स के वितरण में भी संलग्न है। 31 दिसंबर, 2021 तक, कंपनी ने 57,693 मिलियन रुपये की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) के साथ 649 मिलियन रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो अब तक का सबसे उच्चतम आंकड़ा है।



## संक्षिप्त समाचार

### कार्यकारिणी की हुई पहली बैठक



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (जिला फरीदाबाद) की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक लाइब्रेरी एकता पार्क सेक्टर - 8 फ़रीदाबाद में संपन्न हुई। गायत्री मंत्रों के उच्चारण के उपरांत बैठक की शुरुआत हुई। संस्था के अध्यक्ष राधे श्याम बंसल ने सभी सदस्यों का आपस में परिचय कराया। इसके बाद प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कार्यकारिणी सदस्यों को मार्गदर्शन स्वरूप में अपने विचार रखे। जिला इकाई एवं क्षेत्रीय इकाइयां समाज को जोड़ने के लिए समय-समय पर लोगों की रुचि को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, महासचिव मुकेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष किशन चंद अग्रवाल को पुष्प माला पहनाकर बधाई दी गई। बैठक में सुनीत गर्ग, आरपी गुप्ता, श्यामसुंदर मंगला, संजय गुप्ता, महेश गुप्ता, लीलाधर अग्रवाल, राम अवतार गुप्ता, राहुल गर्ग, पवन गोयल, अमित बंसल, मुकेश मंगला, अंशुल मंगला एवं गौरव बंसल ने अपने विचार रखे और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा में भाग लिया। सभा के अंत में महासचिव मुकेश अग्रवाल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### दो साल बढ़ाई शिक्षा अधिकारी की एक्सटेंशन

**फरीदाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के चलते जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी की एक्सटेंशन दो साल तक बढ़ा दी है। राज्य और नैशनल अवार्ड से सम्मानित होने पर उनका एक्सटेंशन बढ़ाया गया है। अब वे 2024 में रिटायर्ड होंगी। इससे की शिक्षा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय शैक्षिक योग्यता एवं प्रशासन संस्थान द्वारा रितु चौधरी को आखिरी बार 13 फरवरी 2022 में नैशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, भष्ट्राचार पर अंकुश लगाने और इनोवेशन के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिलने वाला यह चौथा सम्मान है।

### रक्तदान और नि:शुल्क दंत चिकित्सा का आयोजन

**फरीदाबाद।** युवा एकता मंडल एक नंबर एच ब्लॉक पार्क में पहला रक्तदान शिविर व निशुल्क दंत चिकित्सा का आयोजन उपकार सिंह, कमल खरबंदा, नीरज खत्री, सुधीर जायसवाल, सचिन भाटिया, गोल्डी नागी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा किया गया। इस शिविर में 45 रक्तवीरों ने रक्त दान किया। वहीं 155 लोगों ने दंत चिकित्सा का लाभ भी लिया। उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए उपकार सिंह, कमल खरबंदा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। गोल्डी नागी व सचिन भाटिया ने कहा कि युवा एकता मंडल द्वारा रक्तदान का यह पहला प्रयास है। जिसमें सभी के सहयोग से पहली बार में 45 रक्तवीरों ने रक्तदान किया है। साथ ही क्षेत्र के 155 बड़े, बुजुर्ग, महिलाओं व बच्चों ने दंत चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। जिसमें सभी को टूथपेस्ट, दवाईयां आदि भेंट की गई है। आगामी दिनों में युवा एकता मंडल नेत्र जांच व अन्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी करेगा।

### दुष्कर्म करने वाला भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल सेक्टर-16 की टीम ने दुष्कर्म एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज एक मुकदमे में भगोड़े चल रहे एक आरोपी राहुल को थाना प्रबन्धक महिला इंस्पेक्टर गीता की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल पलवल के असावटी गांव का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी राहुल को महिला थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर 18 फरवरी को गांव असावटी से महिला एएसआई विधु, एएसआई अजय सिंह और सिपाही मुनीश की टीम ने रेड कर गिरफ्तार किया था। आरोपी ने स्वीकारा कि क्यूआरजी अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करने वाली लडकी के साथ कई बार अस्पताल की एंबुलेंस में दुष्कर्म किया था। लडकी की शिकायत पर महिला थाना सेंट्रल फरीदाबाद में दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

### कानूनी समस्याओं को लेकर किया जागरुक

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में मानव रचना यूनिवर्सिटी के ला के स्टूडेंट व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट रविंदर गुप्ता, राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, ओम प्रकाश सैनी व शिवकुमार ने गांव अनंगपुर में घर घर जाकर उनकी कानूनी समस्याओं की जानकारी दी। वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 0129 226 1898 पर फोन करके अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### माया कुंज वासियों ने विकास की अनदेखी का लगाया आरोप

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने पर्वतीया कालोनी स्थित माया कुंज में निवासियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस बैठक में क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में सीवर, गंदे पानी की निकासी, टूटी सडक़, स्ट्रीट लाईट व पेयजल समस्या को लेकर विधायक व पार्षद पर अनदेखी करने का आरोप लगाया। साथ ही आने वाले नगर निगम चुनाव को गहन मंथन किया गया। इस बैठक में रविंद्र छौकर, मोहनलाल रावत, विनोद कुमार शर्मा, राजवीर सिंह लोधे, राजेश कुमार प्रजापति, श्याम सुंदर शर्मा, बलबीर सिंह बघेल, महेश चंद, श्यामलाल, रतनलाल ठेकेदार, रामबाबू वर्मा आदि कॉलोनी वासी मौजूद थे।

### मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा बेल्ट टेस्ट का आयोजन

**फरीदाबाद।** चैम्पियन मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा सेक्टर-82 स्थित एप्पल सीड प्ले स्कूल में बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चैम्पियन मार्शल आर्ट एकेडमी के संस्थापक हैड कोच लक्ष्मण दास द्वारा किया गया। इस मौके पर कोच गौरव सिरोही का विशेष रूप से सहयोग रहा। जिसमें अनन्या कीना को यलो बेल्ट, ईशान यलो बेल्ट, आईवी राय चौधरी यलो बेल्ट, तेजल झा यलो बेल्ट, अदिति नरवाल को यलो बेल्ट, अबराश हुसैन यलो बेल्ट, सार्थक यलो बेल्ट से नवाजा गया। करन को ओरेन्ज बेल्ट, विशिवम ढींगड़ा को ओरेन्ज बेल्ट, बनज प्रीत सिंह ओबरॉय को ओरेन्ज बेल्ट, हरीश चौधरी को ओरेन्ज बेल्ट, पंकज कुमार ओरेन्ज बेल्ट, पृथ्वी को ओरेन्ज बेल्ट, मिष्टी सहगल ग्रीन बेल्ट, सांची कीना ग्रीन बेल्ट, चिराग शर्मा को ग्रीन बेल्ट, विधि चहल ब्लू बेल्ट, आन्य गर्ग को ब्राऊन बेल्ट तथा रोहांश सिंह को ग्रीन बेल्ट से नवाजा गया।

### विधायक ने किया दिव्यांग उपकरण शिविर का निरीक्षण

**फरीदाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए काफी बजट दिया जाता है तथा हरियाणा में भी दिव्यांगों को लाभ देने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ती। इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर दिव्यांगों के लिए हरियाणा के बजट में और अधिक राशि का प्रावधान करने की अपील की जाएगी। ये वाक्य विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सेक्टर-7 में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी व भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का निरीक्षण करने के दौरान व्यक्त किए।

### आंगनवाड़ी वर्कर ने किया कार्यालय का घेराव

**फरीदाबाद।** आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास के कार्यालय का फरीदाबाद में घेराव किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरीदाबाद जिले की सभी केंद्रों में कार्यरत वर्कर और हेल्पर भारी संख्या में बड़े सवेरे पुराना डीसी ऑफिस सेक्टर 15 के कार्यालय में एकत्रित हुई। यहां से नारे लगाती हुई जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के समीप पहुंचे। गुसाई कार्यकर्ताओं ने दफ्तर को चारों तरफ से घेर लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरिंदीरी कर रही थी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 फरवरी, 2022



## बदले में विवाह
### महिलाओं की मजबूरी

**कुछ** दबावों के कारण महिलाओं को विवाह के लिए मजबूर होना पड़ता है और वे कुछ कह नहीं पाती हैं। गुजरात उच्च न्यायालय ने राज्य में विकृत लिंगानुपात के बारे में महत्वपूर्ण फैसला करते हुए कहा है कि इसका कारण बदले में विवाह हैं। विवाह की यह अवधारणा लड़की को बदले का एक उपकरण बना देती है जिसके चलते एक परिवार की लड़की दूसरे परिवार के लड़के से ब्याह दी जाती है और उसके बदले उस परिवार के लड़के का विवाह इस परिवार की लड़की से हो जाता है। आमतौर से ऐसा बहन-भाई जोड़ों के बीच होता है। यह सदियों पुरानी परंपरा केवल गुजरात तक सीमित नहीं है, बल्कि हाल के दशकों में इसका व्यवहार उन राज्यों में भी होने लगा है जहां दुल्हनों की कमी है। यह मामला एक व्यक्ति की याचिका पर सामने आया था। उसके अनुसार उसकी पत्नी को पत्नी के माता-पिता ने घर में नजरबंद कर दिया था। युगल की हाल में शादी हुई थी, पर पत्नी के माता-पिता इससे संतुष्ट नहीं थे। वे चाहते थे कि लड़की अपने पति से तलाक ले ले ताकि उसकी शादी बेटे के विवाह के बदले में दूसरी जगह की जा सके। पिता की चिन्ता थी कि यदि वह ऐसा नहीं करती तो उसका भाई अविवाहित रह जाता। अदालत ने पिता को चेतावनी देते हुए युगल को एकजुट होने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई करने वाली दो जजों की पीठ ने कहा, 'गुजरात में घटते लिंगानुपात का कारण ऐसे अधिकाधिक मामले हैं जो लगातार अदालतों में आ रहे हैं। यहां एक ओर तो बेटी का जन्म अस्वीकार्य होता है, वहीं दूसरी ओर लिंगानुपात घटने के कारण विवाह मूलतः बदले में होने वाले विवाह बन गए हैं जिनमें इच्छा, भावना और आयु पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।'



प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या की गिनती करने वाला भारत के लिंगानुपात की तुलना विकसित देशों से की जा सकती है। पांचवें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, प्रति 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलायें हैं। लेकिन लिंगानुपात गांवों में सकारात्मक है, जबकि शहरों में ऐसी स्थिति नहीं है। जन्म के समय लिंगानुपात-एसआरबी भी चिन्ता का एक कारण है क्योंकि यह लगातार औसत से कम बना हुआ है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 13 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या अधिक है। 22 राज्यों के शहरी क्षेत्रों तथा 14 राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात विकृत बना हुआ है। दादरा एवं नगरहवेली तथा दमन व दियू में शहरी लिंगानुपात सबसे खराब है। यहां प्रति 1,000 पुरुषों पर केवल 775 महिलायें हैं। समस्या का कारण केवल कन्या भ्रूण हत्या ही नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पुरुषों का चयनित पलायन भी चिन्ता का कारण है जिसके परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की संख्या बढ़ जाती है। 1970 के दशक से कम एसआरबी के कारण भारत और चीन जैसे देशों में 'अतिरिक्त पुरुष' की समस्या सामने आई है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित महिलायें अब निरक्षर पुरुषों से विवाह नहीं करना चाहती हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ पुरुषों का विवाह नहीं हो पाता है और वे अविवाहित बने रहते हैं। कुछ क्षेत्रों में परिवार में बहुपति पृथा पाई जाती है। कुछ मामलों में 'अतिरिक्त' राज्यों से दुल्हनों का 'आयात' किया जाता है या बदले में विवाह के रूप में समाधान खोजा जाता है। ऐसे सभी मामलों में महिलाओं के सामने पसंद के कोई अवसर नहीं होते हैं और उनको विजातीय संस्कृतियों व परंपराओं का सामना करना पड़ता है। जब तक एसआरबी सामान्य नहीं होता है, तब तक अदालतों के सामने ऐसी दुःखद कथायें आती रहेंगी।

# सहकारी संघवाद का मजबूत ढांचा

निर्णय लेने की प्रक्रिया में एक-पक्षीयता के बजाय विचार-विमर्श व सहमति पर जोर दिया जाना चाहिए। नीति निर्माण में एकपक्षीयता के बजाय सहमति व विचार-विमर्श को वरीयता मिलनी चाहिए।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक पूर्व अपर सचिव हैं)



केन्द्र में उपयुक्त संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों की कमी के कारण 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन' की अवधारणा इच्छित प्रभाव नहीं डाल पा रही है। केन्द्र सरकार ने आईएएस कैडर रूल्स, 1954 में कुछ परिवर्तनों के लिए कदम उठाए हैं जिनका उद्देश्य संबंधित राज्य कैडरों से प्रतिनियुक्ति पर केन्द्र में आईएएस अधिकारी लाना है। लेकिन इससे अनेक राज्यों में भारी विरोध पैदा हुआ है। राज्यों व खासकर गैर-राजग शासित राज्यों को आशंका है कि प्रस्तावित परिवर्तनों से केन्द्र सरकार को आईएएस अधिकारियों की तैनाती के मामले में असाधारण शक्तियां मिल जाएंगी। इसके बाद आईपीएस व भारतीय वन सेवा अधिकारियों जैसी अन्य अखिल भारतीय सेवाओं-एआईएस के सेवा नियमों में भी ऐसे ही परिवर्तन किए जा सकते हैं। आईएएस कैडर रूल्स, 1954 के नियम 6-1 के अनुसार, 'संबंधित राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की सहमति पर एक कैडर अधिकारी को केन्द्र सरकार या दूसरी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या दूसरी राज्य सरकार द्वारा पूर्ण या आंशिक नियंत्रण वाली संस्था में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।' लेकिन इस नियम के प्राविधान में कहा गया है कि 'यदि कोई असहमति होती है तो मामले का निर्णय केन्द्र सरकार तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा लिया जाएगा और इसे केन्द्र सरकार का निर्णय माना जाएगा।'

नियम 6 में प्रस्तावित परिवर्तन पर भारी विवाद हो रहा है। प्रस्तावित संशोधन में एक नया प्राविधान जोड़ा गया है-'यदि प्रत्येक राज्य सरकार केन्द्र सरकार को प्रतिनियुक्ति हेतु इतनी संख्या में उपयुक्त अधिकारियों को नियम 4-1 के अंतर्गत केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व-सीडीएस के लिए उपलब्ध कराता है तो उनकी संख्या समानुपातिक रूप से राज्य सरकार को उपलब्ध अधिकारियों की संख्या से समायोजित की जाएगी कि किसी समय राज्य कैडर की कुल अधिकृत संख्या बनी रहे। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति वाले अधिकारियों की संख्या का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा संबंधित राज्य सरकार से विचार-विमर्श के बाद लिया जाएगा।' इस प्रकार नियम 6-1 के अंतर्गत मूल प्राविधान बनाए रखते हुए 'एक निर्धारित समय' को जोड़ा गया है। इसका अर्थ है कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के बीच असहमति की स्थिति में केन्द्र सरकार का निर्णय एक निर्धारित समय में प्रतिनियुक्ति आदेश द्वारा प्रभावी होगा। एक प्रकार से यह अधिकारी के लिए 'तैनाती आदेश' की तरह होगा। राज्य सरकारों का तर्क है कि यदि केन्द्र सरकार किसी अधिकारी का चयन करती है तो वह संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना भी फौरन अपने वर्तमान दायित्व से मुक्त माना जाएगा। कुछ गैर-राजग सरकारों का मानना है कि 'परिवर्तित संशोधन प्रस्ताव पहले की तुलना में ज्यादा कठोर है। यह भारत की संवैधानिक योजना के विरुद्ध तथा देश की संघीय राजनीति को नुकसान पहुंचाने वाला है। आशंका है कि इससे भय की सोच पैदा होगी, मनमानेपन की स्थिति पैदा होगी तथा यह अधिकारियों व सभी राज्य सरकारों के अधिकारियों को केन्द्र सरकार की दया पर छोड़ देगा।' इससे उत्पीड़न व बदले की राजनीति की असाधारण संभावना का भय पैदा होता है। अनेक सेवानिवृत्त सिविल सर्वेन्टों ने सार्वजनिक रूप से चेतावनी दी है कि इसके विपरीत परिणाम होंगे और उन्होंने यह कदम रोकने की सलाह दी है।

डीओपीटी ने इस बात से इनकार किया है कि केन्द्र सरकार अनावश्यक शक्तियां प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। उसने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकारें निश्चित अनुपात से अधिक अधिकारियों को केन्द्र में प्रतिनियुक्ति के लिए नहीं भेज रही हैं। उसने इस बात पर भी जोर दिया है कि केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकारियों का चयन राज्यों से विचार-विमर्श के बाद ही लिया जाएगा। लेकिन उसने यह भी स्पष्ट किया है कि 'परस्पर विचार-विमर्श से केन्द्र में प्रतिनियुक्ति वाले अधिकारियों की संख्या तय होने के बाद इन अधिकारियों को प्राप्त करने के मामले में केन्द्र सरकार की शक्तियों को वरीयता मिलेगी।'

लेकिन अक्सर सिद्धान्तों और व्यवहार के बीच थोड़ा अंतर होता है। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं जब केन्द्र सरकार ने राज्यों से विचार-विमर्श किए बिना आदेश जारी किए। जून, 2001 में तमिलनाडु पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के आवास पर छापा मार कर उनको द्रमुक के साथियों मुरासोली मारन व टी.आर. बालू के साथ गिरफ्तार किया, जबकि वे दोनों तत्कालीन राजग सरकार में मंत्री थे।

इससे नाराज केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार से इस छापे से जुड़े तीन आईपीएस अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के लिए कहा। जयललिता ने न केवल आदेश का पालन करने से इनकार किया, बल्कि अन्य मुख्यमंत्रियों को भी लिखा कि वे राज्यों के अधिकारों की रक्षा में साथ दें।

केन्द्र सरकार का तर्क है कि राज्य सरकारों द्वारा केन्द्र सरकार को प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने वाले अधिकारियों की संख्या में कमी के कारण केन्द्र को मजबूरी में प्रतिनियुक्ति नियमों में परिवर्तन का कदम उठाना पड़ा है जिससे उसे राज्यों की सहमति के बिना अधिकारियों के स्थानान्तरण का अधिकार मिलता है। नियमों के अनुसार, राज्यों को हर कैडर में वरिष्ठ पदों के 40 प्रतिशत अधिकारियों को केन्द्र की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए भेजना चाहिए, लेकिन विभिन्न राज्यों द्वारा केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति-सीडीआर पर भेजे जाने वाले अधिकारियों की संख्या में 61 से 95 प्रतिशत तक कमी है। यह कमी खासकर संयुक्त सचिवों, निदेशकों व उप सचिवों के स्तर पर है। इसके साथ ही केन्द्र सरकार में आईपीएस अधिकारियों की कमी है। एक साल पहले गृह सचिव ने मुख्य सचिवों को यह याद दिलाने के लिए पत्र लिखा था कि समुचित संख्या में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति न होने के कारण अनेक केन्द्रीय पुलिस पद खाली हैं। केन्द्र सरकार लगातार इस बात पर जोर दे रही है कि एआईएस नियमों में संशोधन के बावजूद प्रतिनियुक्ति वाले अधिकारियों की वास्तविक संख्या का निर्धारण राज्यों से विचार विमर्श के बाद ही किया जाएगा।

संसद द्वारा 1952 में पास कानून के अनुसार एआईएस अधिकारियों की नियुक्ति यूपीएससी द्वारा की जाती है और उनको विभिन्न राज्य कैडरों में रखा जाता है। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे विभिन्न समय में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार-होम कैडर, दोनों की सेवा करेंगे तथा वे संघ व राज्यों की 'साझा संपत्ति' होंगे। लेकिन यदि अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर राज्य सरकार से बिना पूर्व विचार-विमर्श के लिया जाता है और संबंधित अधिकारी की इच्छा भी नहीं देखी जाती है तो राज्य सरकारों को भय है कि केन्द्र सरकार बेहतर प्रदर्शन करने वाले तेजतर्रार अधिकारियों को अचानक राज्य से बुला लेगी। मनमानी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से राज्यों में नियोजन व विकास के कामों के प्रभावित होने के साथ ही सेवाओं का मनोबल भी गिरेगा। अनेक उदाहरणों से स्पष्ट है कि यदि उनकी कार्रवाई से राजनेता प्रभावित हों तो तेजतर्रार अधिकारियों को दंड स्वरूप केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुलाया जा सकता है।

इसके उलट यह भी एक तथ्य है कि आमतौर से आईएएस व आईपीएस अधिकारी संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर पर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इससे उनको डीएम व एसपी के रूप में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ता है। लेकिन निश्चित रूप से मध्यस्तरीय अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति में लाने के लिए एक स्थाई सलाहकार मशीनरी बनाना जरूरी है। सरदार पटेल ने 1948 में कहा था कि 'आल इंडिया सर्विस को पार्टी से ऊपर होना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन पर अनुशासन व नियंत्रण यदि पूरी तरह समाप्त न हो सके तो उसे न्यूनतम रखा जाना चाहिए।' उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ था कि सिविल सर्वेन्ट 'भारत का लौह ढांचा' है।

चुनावी राजनीति की प्रकृति मनमानी, कभी-कभी बदला लेने वाली व छुद्र होने के कारण 'लौह ढांचे' को पूरी शुद्धता के साथ बनाए रखना चाहिए। सभी पक्षों से सलाह लेकर ही सीडीएस का सहमति वाला फार्मूला लागू करना चाहिए ताकि आईएएस अधिकारियों की सोच प्रांतीय या सामंती होने के बजाय व्यापक बने तथा उनमें सेवा की भावना विकसित हो, चाहे वे राज्य की सेवा करें या केन्द्र की। वे केन्द्र व राज्य की साझा संपत्ति हैं। नीति निर्माण में एकपक्षीयता के बजाय सहमति व विचार-विमर्श को वरीयता मिलनी चाहिए क्योंकि यह हमारी सहयोगी संघवाद का आधार है।

# कोविड-19 के चलते उपेक्षित हृदय रोगी

"अन्य बीमारियां भी हैं, जिन के मामले में उचित नीति क्रियान्वयन और ध्यान देने की आवश्यकता है।"

**कल्पेश शाह**
(लेखक न्यूरोसर्जन हैं)



महामारी के उद्भव के साथ, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा कर्मचारियों और बुनियादी ढांचे को असंख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिनका उन्होंने पहले कभी सामना नहीं किया है। अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की चिकित्सा सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया गया है क्योंकि बीमारी से निपटने के लिए उनका काम आवश्यक था। अगर उन्होंने काम करना बंद कर दिया होता तो पूरे देश की स्थिति खराब हो जाती।

स्वास्थ्य सेवा उद्योग की वर्तमान स्थिति ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पेट के कैंसर, हृदय की समस्याओं और स्ट्रोक जैसी अन्य गैर-संचारी और जीवन शैली की बीमारियों की उपस्थिति को उपेक्षित और किनारे कर दिया है। ये बीमारियां भारत में लगभग 60 प्रतिशत मौतों में योगदान करती हैं। हमें इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि जैसे-जैसे समय बीत रहा है, सार्स सीओवी-2 ने इससे पीड़ित लोगों पर द्वि-दिशात्मक प्रभाव डालना शुरू कर दिया है।

जबकि बाकी बीमारियां समय के साथ रोगियों को प्रभावित करती हैं, स्ट्रोक के रोगियों को अचानक प्रभाव पड़ सकता है और संभावित रूप से जीवन भर के लिए पक्षाघात हो सकता है। यह एक मिनट से भी कम समय में लगभग 20 लाख मस्तिष्क कोशिकाओं को मार देता है। इसके कारण मस्तिष्क की आयु एक घंटे में 3.6 वर्ष हो जाती है।

स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है और दुनिया भर में विकलांगता के कारणों की सूची में चौथे स्थान पर आता है। वर्तमान में, वायरस के तंत्रिका प्रभाव स्पष्ट हैं। यह ज्यादातर मस्तिष्क को ऑक्सीजन की कमी के कारण होता है। अन्य में बढ़ी हुई प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया, थक्के और मस्तिष्क पर आक्रमण करने वाले वायरस शामिल हैं।



नतीजतन, स्थिति को सटीक उपचार और शीघ्र निर्णय लेने की आवश्यकता होती है।

रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक आबादी के लगभग तीन प्रतिशत लोगों को मस्तिष्क धमनीविस्फार विकसित होने का खतरा है। इसके अलावा, दुनिया भर में हर 100,000 में से 5 लोगों को एक टूटे हुए इंट्राक्रैनील एन्यूरिज्म का अनुभव होता है। भारत में, सबराचोनोइड हैमरेज (एसएएच) के लगभग 76,500 से 204,100 मामले, जिसमें झिल्ली में मामूली रक्तस्राव शामिल होता है, हर साल होता है। उच्च रक्तचाप और आघात के कारण ये परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। यह सही समय है कि हम जनता को एन्यूरिज्म के बारे में शिक्षित करें और इस मुद्दे पर नीतियों में बदलाव या बदलाव करें, जिसके परिणामस्वरूप देश पर स्ट्रोक का बोझ कम होगा। स्ट्रोक की देखभाल के संबंध में योजनाओं और रूपरेखाओं को कानून बनाने की तत्काल आवश्यकता है। देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं को एक क्षेत्रीय टास्क फोर्स बनाने में सक्षम होना चाहिए जिसमें नर्स, स्ट्रोक समन्वयक, न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरो-इंटरवेंशनलिस्ट, ईएमएस कर्मियों, सामुदायिक चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासकों को शामिल किया गया है, जो स्ट्रोक के मामलों की उच्च मात्रा से निपटने के लिए अनुभवी हैं।

मस्तिष्क को शरीर में रक्त की आपूर्ति का 20 प्रतिशत विशेष रूप से प्रवाह करने की आवश्यकता होती है। एक छोटी रक्त वाहिका में भी रुकावट या टूटना होने से पक्षाघात, भाषण के मुद्दों, दृश्य हानि, मूत्राशय और मल त्याग पर नियंत्रण खोना, कोमा और जीवन की हानि जैसे अपरिवर्तनीय परिवर्तन होते हैं। इस बीमारी का एक सामान्य कारण पोत का असामान्य रूप से गुब्बारा है, जिसे एन्यूरिज्म भी कहा जाता है। यह स्थिति रक्त वाहिकाओं की दीवारों को पतली बना देती है और उनके फटने की संभावना बढ़ जाती है।

कुछ समय पहले तक ये सभी उपचार ओपन सर्जरी द्वारा किए जा रहे थे। लेकिन वर्तमान में, एंडोवस्कुलर इंटरवेंशन का उपयोग आमतौर पर एन्यूरिज्म के प्रबंधन के लिए किया जा रहा है। ये नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाएं हैं। उपचार जांघों में मौजूद एक धमनी के माध्यम से किया जाता है जिसे ऊरु धमनी कहा जाता है। इस नई पद्धति ने मृत्यु दर और जटिलताओं को कम किया है। दुर्भाग्य से, केवल विकसित देशों में उपलब्ध होने के कारण, भारतीय इस क्रांतिकारी इलाज से वंचित हैं।

एक मिनट बहुत देर से बेहतर तीन घंटे बहुत जल्दी - यह कहावत यहां हर सेकेंड की गणना के रूप में उपयुक्त है। इलाज में थोड़ी सी भी देरी से 30,000 ब्रेन सेल की मौत हो सकती है। सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक में मस्तिष्क धमनीविस्फार के बढ़ते मामलों ने उपकरणों और जागरूकता की कमी को उजागर किया है। यदि हम इस पर अपेक्षित ध्यान दें तो हम बेहतर परिणाम देने में सक्षम होंगे।

## आप की बात

### प्रतिरोधक क्षमता

**वाशिंगटन** यूनीवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन का शोध बताता है कि यदि आपके पास प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता है, तब भी आपको वैक्सीन की जरूरत है। शोध में पाया गया है कि बड़े पैमाने पर एंटीबॉडी बनाने के लिए शरीर को काफी ऊर्जा की जरूरत होती है। यह काम शरीर लंबे समय तक नहीं कर सकता, इसलिए वह जल्द उनकी संख्या कम कर देता है। इसलिए जरूरी है कि बाहर से एंटीबॉडी ली जाएं, और यह काम वैक्सीन ही कर सकती है। दूसरी तरफ, स्टैनफोर्ड मेडिसिन के वैज्ञानिकों ने पाया है कि कोविड का टीका लगवाने के कारण शरीर की वे लसिका ग्रंथियां काफी सक्रिय हो जाती हैं, जो एंटीबॉडी के निर्माण में सहायक होती हैं। जबकि तेल अवीव विश्वविद्यालय का एक अध्ययन बता रहा है कि जिन लोगों ने वैक्सीन लगवाई, उनमें दोबारा कोविड होने की आशंका 0.4 फीसदी पाई गई, जबकि जिन्होंने नहीं लगवाई, उनमें यह आशंका 3.3 फीसदी मिली। उक्त अध्ययन की रोशनी में भारत में जिन लोगों ने योग्य हो जाने के बावजूद टीकाकरण नहीं करवाया है, उन्हें और अभी अधिक देर नहीं करते हुए तत्काल टिकट लगवा लेना चाहिए। ताकि देश से यह महामारी पूरी तरह बाहर हो सके और इसके फिर से अटैक करने का कोई खतरा ना रहे!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### मातृभाषा की महत्ता

**21** फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सारी दुनिया में मनाया जाता है। भारत मे हजारों वर्ष तक विदेशियों के शासन करने से बहुत सी विदेशी भाषाओं का प्रचलन बढ़ गया। लोग जीवन के विकास के लिये विदेशी भाषाओ को उपयोगी मानकर उंसका उपयोग करने लगे और अपनी मातृभाषाओं की उपेक्षा करने लगे। जिसका परिणाम है। लोग अपनी संस्कृति,परम्पराओ और गौरवशाली इतिहास को भूलकर विदेशी भाषा को पढ़कर लोगो मे गैर बराबरी भेदभाव समाज मे देखने को मिल रहा है। सबसे बड़ी बात है। लोग अपनी मां और मातृभूमि को भूल रहे हैं। उनके लिये निजी स्वार्थ ही सर्वोपरि है। इसलिये सरकार मातृभाषा को बढ़ाने के लिये प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने की व्यवस्था नई शिक्षा नीति में कर रही है। सारी दुनिया में वे देश प्रगति कर रहे हैं। जहां लोगो की बोलचाल और राजकाज की भाषा का माध्यम मातृभाषा है। जापान, चीन, दक्षिण कोरिया आदि देश उदाहरण है। केंद्र सरकार भी मातृभाषा में ही चिकित्सा,तकनीकी शिक्षा देने की व्यवस्था कर रही है। मातृभाषा का उपयोग मौलिकता,सृजनात्मकता, और शैक्षिक उपलब्धि को सुनिश्चित करने वाला होता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### वृद्धों का सम्मान करें

**वर्तमान** में कई वृद्ध झेल रहे परिजनों का तिरस्कार। यह खेद का विषय है जिसकी मुख्य वजह जैसे आधुनिकीकरण ,कामकाजी लोगों का स्थानांतरण व युवाओं का शहरों की ओर पलायन आदि से बुजुर्गो की अनदेखी हो रही है। साथ ही अपने बड़ों के प्रति आदर सम्मान छूटता जा रहा है। यह एक प्रकार की नकारात्मक प्रवृत्ति है। वृद्ध माता -पिता स्वास्थ्य ठीक ना होने से देखभाल हेतु उम्मीद करते है। यदि उनके प्रति अनदेखी करेंगे तो हमारे बच्चे भी उसी तरह अनुसरण करेंगे। ऐसे में माता पिता के मन में आ रहे युवाओं में इस तरह के बदलाव से भविष्य में उनके प्रति चिंतनीय प्रश्न उठने लगे है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि माता पिता के लिए इलेक्ट्रॉनिक युग की भाग- दौड़ भरी दुनिया में से माता-पिता के लिए भी कुछ समय निकालें। परिजनों को चाहिए कि वे वृद्ध लोगो की अनदेखी ना करें साथ ही उन का तिरस्कार न करें। बल्कि उनका सम्मान करें क्योंकि उन्होंने ही परिवार शब्द एवं आशीर्वाद की उत्पत्ति की है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इन** बार चुनावों में दुनिया की निगाहें समाजवादी पार्टी पर टिकी हैं।

– **मुलायम सिंह यादव**
सपा संरक्षक

**यदि** रूस यूक्रेन पर हमला करता है, तो अमेरिका महत्वपूर्ण और अभूतपूर्व आर्थिक खामियाजा लगाएगा।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उपराष्ट्रपति





**बसपा** ही एक ऐसी पार्टी है जो पूंजीपतियों के पैसे से काम नहीं करती।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव



चौपाल


# चौथे चरण के संग्राम का चौधरी कौन ?

अभिषेक रंजन। लखनऊ

- बीजेपी के पास पिछली कामयाबी कायम रखने की चुनौती
- तराई क्षेत्र लखीमपुर खीरी में राजनीतिक पारा सबसे अधिक गर्म


बृजेश पाठक


आशुतोष टंडन


राजेश्वर सिंह


अदिति सिंह


नितिन अग्रवाल

**यूपी का** महासंग्राम अब अवध क्षेत्र में आ गया है। तीसरे चरण में जिस प्रकार से गुलाबी ठंड के बीच मतदाताओं ने जमकर वोटिंग की है उससे अब चौथे चरण के लिए सभी दल खासे चिन्तित हैं। खासतौर पर सबसे अधिक सत्तारूढ़ दल बीजेपी के सामने यह चुनौती है उसे 2017 के विधान सभा चुनाव की ही तरह इस चरण में अपना बेहतर प्रदर्शन करना है। चौथे चरण के चुनाव का मुख्य आकर्षण राजधानी लखनऊ की लड़ाई होगी जो पिछले तीन दशकों से बीजेपी का मजबूत गढ़ बनी हुई है। समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के तराई क्षेत्रों में अपनी संभावनाएं तलाश रही है जो कि किसान आंदोलन का मुख्य केंद्र है। इस इलाके में बीजेपी वरुण गांधी और मेनका गांधी के थोड़े रुखे व्यवहार का सामना भी कर रही है।

लखनऊ और उसके आस-पास के जिलों में होने वाले चौथे चरण का चुनाव योगी सरकार के कई मंत्रियों के रसूख की परीक्षा तो लेगा ही साथ ही केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की भी प्रतिष्ठा इस चरण से जुड़ी है। जितना अधिक मतदान का प्रतिशत होगा उतना अधिक लाभा बीजेपी को मिलने की संभावना दिखाई पड़ रही है। चौथे चरण में नौ जिलों की 59 सीटों पर 23 फरवरी को मतदान होना है। अवध क्षेत्र में भाजपा ने वर्ष 2017 में 50 सीटें जीती थीं। लखनऊ की नौ सीटों में भाजपा ने आठ सीटें जीत कर रिकार्ड कायम कर दिया था। मोदी की लहर में इस चरण में 2017 के चुनाव में सपा, बसपा, कांग्रेस के लिए परिणाम अच्छे नहीं थे। सपा को चार, बसपा व कांग्रेस दो-दो और अपना दल को एक सीट मिली। अयोध्या की सभी पांच, बलरामपुर की सभी चार और गोंडा की सभी सातों सीटें भाजपा ने जीती थी। भाजपा पर इन जिलों में एक बार फिर से पुराना दबदबा साबित करने की बड़ी चुनौती है तो सपा, बसपा व कांग्रेस पर इस विजय रथ को रोकने की है। वर्ष 2017 में भाजपा को 50, सपा चार, बसपा व कांग्रेस को दो-दो और अपना दल को एक सीट मिली थी। भाजपा पांच, सपा 29, बसपा 16 व कांग्रेस नौ सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। चौथे चरण में चार मंत्रियों की साख दांव पर है तो कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के गढ़ रायबरेली में भी उनसे बगावत कर भाजपा के पाले में गईं अदिति सिंह की किस्मत का निर्णय होना है। पिछले चुनाव में रायबरेली सदर विधानसभा सीट से अदिति सिंह जीती थीं जो अब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। ऊंचाहार से सपा के ब्राह्मण चेहरे के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. मनोज पांडेय फिर से उम्मीदवार हैं जबकि भाजपा ने उनसे मुकाबले में प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को खड़ा कर दिया है। उन्नाव सीट से कांग्रेस के टिकट पर आशा सिंह चुनावी मैदान में हैं जो उन्नाव की रेप पीड़िता की मां है। फतेहपुर की अयाह शाह विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर सांसद विशंभर प्रसाद निषाद चुनावी मैदान में हैं। अवध इलाके के पिछले दो विधानसभा चुनावों के नतीजों देखने पर पता चलता है कि यहां के चुनाव में हवा के रुख का काफी असर रहता है और अवध के आशीर्वाद से सरकार बन जाती है। इस बार किसी भी बड़े राजनीतिक दलों में गठबंधन न होने की वजह से सभी पार्टियां अलग-अलग दमखम दिखा रही हैं। इस चरण में पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, फतेहपुर और बांदा जिले की कुल 59 सीटें पर चुनाव होंगे। इसमें 16 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चौथे चरण में सपा 58 सीट पर चुनावी मैदान में है जबकि 2 सीटों पर ओम प्रकाश राजभर की पार्टी चुनावी मैदान में है। बसपा और कांग्रेस 60 सीटों पर चुनावी मैदान में है जबकि बीजेपी 57 और उसकी सहयोगी अपना दल एस तीन सीटों पर चुनावी मैदान में है। 2017 के चुनाव में इस चरण की करीब 90 फीसदी सीटों पर बीजेपी गठबंधन का कब्जा है। चौथे चरण 9 जिलों में से चार जिलों में बीजेपी ने क्लीन स्वीप किया था और विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिली थी। पीलीभीत की चार सीटों में से चारों सीटें बीजेपी ने जीती थी। लखीमपुर खीरी की सभी आठों सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। बांदा जिले की कुल 6 सीटें है जिनमें से चौथे चरण में चार सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और ये चारों सीटें बीजेपी के पास है। फतेहपुर में कुल 6 सीटें है जिनमें से 5 बीजेपी और एक अपना दल एस को मिली थी। अवध क्षेत्र की हरदोई जिले की 8 सीटों में से 7 बीजेपी और एक सपा को मिली थी। सीतापुर जिले में 9 सीट में से 7 बीजेपी एक बसपा और एक सपा को मिली थी। रायबरेली में कुल 6 सीटें है जिनमें से 3 बीजेपी, 2 कांग्रेस और एक सपा को मिली थी। चौथे चरण में तराई इलाके की सीटें भी शामिल हैं जहां लखीमपुर खीरी में केंद्रीय मंत्री टेनी मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा पर किसानों को रौंदने के आरोप हैं। आशीष मिश्रा की जमानत के बाद सियासत गर्म है। विपक्ष न सिर्फ बीजेपी की सरकार पर आशीष मिश्रा को बचाने के आरोप लगा रहा है बल्कि वो बीजेपी को किसान विरोधी भी बता रहा है। ऐसे में अगर विपक्ष अपने इन दावों से किसानों के बीच सेंध लगाने में कामयाब रहा तो तराई के इलाकों की सीटों के समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं। पांचवे चरण में बीजेपी अपनी पूरी ताकत के साथ हिंदुत्व के मोर्चे से चुनाव लड़ेगी। इस चरण में अयोध्या और प्रयागराज जैसे हिंदू संप्रदाय के पवित्र इलाके शामिल हैं। इस दौर में बीजेपी की ओर से राम मंदिर का जोर-शोर से प्रचार किया है। इस चरण से यह तय हो जाएगा कि सपा अपने आपको दलितों-पिछड़ों का रहनुमा साबित कर पाने में सफल हुई है या नहीं? यहां मुस्लिम आबादी भी 15 फीसदी के आसपास है। इसके अलावा कुर्मी, शाक्य, लोध, निषाद जैसी ओबीसी जातियां भी इस इलाके में सपा के भाग्य का फैसला कर सकती हैं। सपा के छोटे सहयोगी दल जैसे महान दल या अपना दल कमेरावादी के जमीनी प्रभाव की परीक्षा भी यहीं होगी। कुर्मी वोट अवध के कई विधानसभा इलाके में निर्णायक भूमिका में हैं। खासतौर पर उन्नाव, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बाराबंकी जैसे स्थानों पर उनकी अच्छी-खासी तादाद है। यादवों के बाद कुर्मी समुदाय उप्र में दूसरा सबसे बड़ा पिछड़ा ओबीसी समुदाय है। अपने सहयोगी अपना दल एस की मदद से बीजेपी कुर्मी वोटों का 57 फीसदी हिस्सा पिछले चुनाव में हासिल करने में सफल रही थी। सपा ने इस बार लालजी वर्मा, राम अचल राजभर और राम प्रसाद चौधरी जैसे बड़े कुर्मी नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। सपा का जाति जनगणना का वादा भी इन पिछड़ी जाति के मतदाताओं को रिझाने में काम आ सकता है। इसके अलावा इस क्षेत्र में पासी समुदाय भी है जो अवध क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ा दलित समाज है। बीजेपी ने पिछले चुनाव में पासी वोटरों में अच्छी-खासी पैठ बना ली थी। यही कारण था कि अवध क्षेत्र में बीएसपी शून्य पर पहुंच गई थी। अपनी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए बीजेपी इलाके में पासी तथा अन्य दलित समुदायों पर काफी निर्भर रहेगी। यहां देखने वाली बात यह होगी कि बीजेपी के खिलाफ बहुप्रचारित ब्राह्मण असंतोष चुनाव में अपना कोई असर दिखाता है या नहीं? इस इलाके में कांग्रेस के कमजोर होने का फायदा बीजेपी को मिलेगा। कांग्रेस ने एक समय में बीजेपी के ब्राह्मण वोट बैंक को काफी नुकसान पहुंचाया है। साल 2009 के संसदीय चुनाव में कांग्रेस ने ब्राह्मणों के समर्थन से ही अवध की 8 प्रभावशाली सीटें जीत ली थीं।

## चौथे चरण में भी कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं

# आधी आबादी के सहारे कांग्रेस, दो दर्जन महिला प्रत्याशियों पर जताया है भरोसा

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

चौथे चरण में 9 जिलों की जिन 59 सीटों पर कल मंगलवार को मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत लिखेंगे उनमें कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी का संसदीय क्षेत्र रायबरेली भी आता है। इस लिहाज से देखा जाए तो यह चरण कांग्रेस के लिए सीधे तौर पर उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। बीते 219 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एकमात्र रायबरेली संसदीय सीट पर ही जीत दर्ज कराई थी जबकि राहुल गांधी भी अपनी अमेठी सीट बचा नहीं पाए थे। इस चरण में अगर सीटों के लिहाज से देखा जाए तो कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि 217 के विधानसभा चुनाव में उसे रायबरेली जिले की दो सीटों पर ही जीत नसीब हुई थी। इनमें रायबरेली सदर सीट से आदित्य सिंह और हरचंदपुर से राकेश सिंह ने कांग्रेस का झंडा बुलंद किया था लेकिन इस बार चुनाव से पहले ये दोनों नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं और मौजूदा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

### गुलाबी गैंग की हेमलता पटेल भी मैदान में


**फतेहपुर जिले** की जहानाबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस ने पार्टी नेता राकेश प्रजापति की पत्नी कमला प्रजापति को चुनाव में उतारा है। बिदकी सीट पर कांग्रेस ने प्रदेश संगठन में लंबे समय से काम करने वाले युवा नेता अभिमन्यू सिंह पर भरोसा जताया है। संगठनात्मक ताकत बढ़ाने वाले शहर अध्यक्ष मोहसिन खान को को कांग्रेस ने सदर प्रत्याशी बनाकर दांव लगाया है। कांग्रेस ने अयाशाह सीट से गुलाबी गैंग की संस्थापक सदस्य हेमलता पटेल को टिकट दिया है। गुलाबी गैंग को खड़ा करने में संपत पाल के अलावा हेमलता पटेल का भी अहम योगदान था परंतु संपत के नाम की बढ़ती चकाचौंध में हेमलता पटेल का नाम छुप गया था। हेमलता गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के नाम से संगठन बना कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं। हुसैनगंज सीट से कांग्रेस ने युवा नेता शिवाकांत तिवारी पर दांव लगाया है।वह बीते कई वर्षो से कांग्रेस पार्टी में जिला उपाध्यक्ष हैं। छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय रहे ओम प्रकाश गिहार को कांग्रेस ने खागा सीट पर टिकट दिया है।

### बांदा में अपनों पर जताया भरोसा

बुंदेलखंड इलाके में आने वाले बांदा जिले की 4 सीटों पर भी चौथे चरण में ही मतदान है। जिले की तिंदवारी विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने पूर्व जुझारू जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की पत्नी आदिशक्ति दीक्षित को उम्मीदवार बनाया गया है। बबेरू से कांग्रेस प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। पहले बसपा में थे, करीब पांच साल पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे। नरैनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने बांदा शहर के बिजलीखेड़ा मोहल्ला निवासी पवन देवी कोरी को प्रत्याशी घोषित किया है। वह इस समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस में अनसूचित मोर्चा की उपाध्यक्ष हैं और चित्रकूट मंडल की प्रभारी हैं।

### पीलीभीत में खोई जमीन वापस पाने की जद्दोजहद

**पीलीभीत** जिले में कांग्रेसअपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए जद्दोजहद कर रही है। पार्टी ने बीसलपुर से शिखा पांडे को मैदान में उतारा है। बरखेड़ा से हरप्रीत सिंह चब्बा, सदर विधानसभा से शकील अहमद नूरी और पूरनपुर सीट से ईश्वर दयाल पासवान को टिकट दिया है। वर्ष 2012 तक सपा में रहने के बाद शकील नूरी कांग्रेस में शामिल हो गए थे। तब से यह पार्टी की गतिविधियों में शामिल रहे। सपा के कैबिनेट मंत्री रहे मरहूम हाजी रियाज अहमद की पत्नी के भाई शकील नूरी सदर सीट से मैदान में हैं। हरप्रीत सिंह दस साल से कांग्रेस में हैं। बीसलपुर विधानसभा से कांग्रेस ने डॉ. नागेश पाठक की छोटी बहू को टिकट दिया है।



### पसगंवा कांड की पीड़िता पर भी जताया भरोसा

**लखीमपुर खीरी** जिले की मोहम्मदी सीट पर कांग्रेस ने पसगंवा कांड की पीड़िता रितू सिंह को टिकट दिया है। कांग्रेस ने लखीमपुर सदर से डॉ. रवि शंकर त्रिवेदी को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि गोला से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल को टिकट दिया है। श्रीनगर से चांदनी और धौरहरा से जिला पंचायत सदस्य जितेंद्री देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। कस्ता सीट से जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम भार्गव, निघासन से अटल शुक्ला और पलिया से रिसाल अहमद पर दांव लगाया है। डॉ.रवि शंकर त्रिवेदी जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और पांच बार विधायक रहे पंडित तेज नारायन त्रिवेदी के पौत्र हैं। तेज नारायन त्रिवेदी जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। पेशे से चिकित्सक डॉ. त्रिवेदी एमबीबीएस, एमडी हैं। वह पहली बार चुनावी राजनीति में उतर रहे हैं। प्रहलाद पटेल मौजूदा समय में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हैं। पटेल वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में हैदराबाद विधानसभा क्षेत्र से अपना दल के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। अब वह कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में कूदे हैं। अटल शुक्ला इससे पहले इसी विधानसभा क्षेत्र में 2020 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ें थे और तीसरे स्थान पर रहे थे। अटल शुक्ला निघासन से ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं। विधानसभा का उनका यह दूसरा चुनाव है। राधेश्याम भार्गव मितौली के ब्लॉक प्रमुख रहे। वह 2005 और 2010 में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। 2022 का चुनाव बसपा से लड़ना चाहते थे। इसकी तैयारी भी कर रहे थे लेकिन बसपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया तो वह कांग्रेस में शामिल हो गए। अब वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। जितेंद्री देवी मौजूदा समय में धौरहरा से जिला पंचायत सदस्य हैं। वह पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता राजू पंकज की पत्नी हैं। पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। चांदनी कांग्रेस कार्यकर्ता एजाज अहमद की पत्नी हैं। अनुसूचित जाति में जन्मी चांदनी ने मुस्लिम से विवाह किया है। रिसाल अहमद पलिया के निवासी हैं। युवा कांग्रेस पलिया के नगर अध्यक्ष और यूथ कांग्रेस के जिला महामंत्री रहने के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री भी रहे। मौजूदा समय में वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं। पहली बार चुनाव मैदान में उतर रहे हैं।

### लखनऊ में दो सीटों पर जिलाध्यक्षों की प्रतिष्ठा दांव पर

**लखनऊ** की नौ सीटों में तीन पर कांग्रेस ने महिला प्रत्याशियों पर भरोसा जताया है। एनसीआर का विरोध करने और जेल जाने वाली सदफ जाफर खान को कांग्रेस ने मध्य सीट से टिकट दिया है। वहीं मालवीय नगर से पार्षद ममता चौधरी को कांग्रेस ने मलिहाबाद से उतारा है। पश्चिम विधानसभा से कांग्रेस ने शहाना सिद्दीकी पर भरोसा जताया है। लखनऊ कैंट से कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष दक्षिणी दिलप्रीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि इस सीट से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वेद त्रिपाठी भी दावेदार थे। बख्शी तालाब से कांग्रेस ने युवा नेता ललन कुमार पर दांव लगाया है। सरोजनी नगर सीट पर रुद्र दमन सिंह बबलू कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। जो पहले भी तीन बार सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं। माल से कांग्रेस ने इंदल रावत, उत्तर सीट से शहर अध्यक्ष उत्तरी अजय श्रीवास्तव और पूर्व सीट से लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी पर दांव लगाया है।

### सीतापुर में सर्वाधिक छह महिलाओं को दिया टिकट

**सीतापुर जिले** में कांग्रेस ने पार्टी के नारे 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' को पूरी तरह से धरातल पर उतारते हुए नौ सीटों पर आधा दर्जन पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। कांग्रेस ने बिसवां सीट से वंदना भार्गव को टिकट दिया है। पहले पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे अभिनव राजा को टिकट दिया था लेकिन बाद में प्रत्याशी बदल दिया। जिले की सदर विधानसभा से शमीना शफीक व बिसवां से अभिनव को टिकट दिया था। महोली से आशीष मिश्रा को टिकट मिला है। आशीष इससे पहले सपा से भी टिकट मांग रहे थे लेकिन वहां टिकट नहीं मिलने के आसार को देख वह पिछले दिनों कांग्रेस का दामन थाम लिया था। हरगांव में डॉ. ममता वर्मा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। ममता पीएचडी हैं। पार्टी के लिए काम कर रहीं थीं। लहरपुर विधानसभा क्षेत्र से अनुपमा द्विवेदी को टिकट दिया है। इनके पिता भी यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी रहे हैं। महमूदाबाद विधानसभा सीट से ऊषा देवी वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। यह कवियत्री भी हैं। पेशे से शिक्षिका हैं। सिधौली से कमला रावत को टिकट मिला हैं। कमला पुरानी कांग्रेस की कार्यकर्ता हैं। 2008 से पार्टी में हैं। कांग्रेस ने सिधौली विधानसभा में कमला रावत को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। मिश्रिख से कांग्रेस ने सुभाष चंद्र राजवंशी को टिकट दिया है। वह मौजूदा समय में कांग्रेस प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सेवता सीट पर कांग्रेस ने विजय नाथ अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

### बालामऊ में हिस्ट्रीशीटर को दिया टिकट

**हरदोई जिले** की बात करें तो कांग्रेस ने सवायजपुर विधानसभा सीट से राजवर्धन सिंह राजू को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वह इससे पहले 2002 में राष्ट्रीय क्रांति दल से सदर सीट से चुनाव लड़ चुके हैं और पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे हैं। करीब 20 साल बाद वह दूसरी बार विधानसभा चुनाव मैदान में हैं। बालामऊ विधानसभा सीट से सुरेंद्र सिंह को पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सुरेंद्र सिंह बालामऊ क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। गोपामऊ सुरक्षित विधानसभा सीट से कांग्रेस महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी को टिकट मिला है। जबकि सांडी सुरक्षित विधानसभा सीट से जिला पंचायत सदस्य आकांक्षा रावत को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस ने बालामऊ से हिस्ट्रीशीटर रहे सुरेंद्र कुमार कालिया को प्रत्याशी घोषित किया है। सुरेंद्र का अपराध से पुराना नाता रहा है। उसके ऊपर 50 हजार का इनाम तक घोषित हो चुका है। बदमाश सुरेंद्र कालिया हरदोई के बालामऊ कस्बे का रहने वाला है। वह बालामऊ से कांग्रेस से 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ चुका है। इससे पूर्व वह सपा में रह चुका है। सुरेंद्र कालिया मुख्तार अंसारी के साथ अपराधों में लिप्त था। आपराधिक हिस्ट्री होने के चलते वह फरार चल रहा था। 2021 के सितंबर माह में लखनऊ पुलिस ने सुरेंद्र कालिया को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। कांग्रेस ने हरदोई विधानसभा सदर से कांग्रेस के हरदोई जिलाध्यक्ष आशीष सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। आशीष लंबे वक्त से कांग्रेस के लिए जनपद में लड़ाई लड़ रहे थे।

### गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में साख बचाने की चुनौती

**सबसे बड़ी** चिंता पार्टी को गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में है। अपने बचे-खुचे वर्चस्व को बचाए रखने के लिए कांग्रेस यहां पर एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी हालांकि इस चुनाव में एक बार भी यहां चुनाव प्रचार के लिए नहीं आईं लेकिन मतदान से दो दिन पहले आज सोमवार को उन्होंने वर्चुअली यहां के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ संवाद किया। जिले में कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के पाला बदल लेने और कुछ के चुनाव में उतरने से कदम खींच लेने के बाद दलबदलू नेताओं के दम पर गांधी परिवार अपना दुर्ग बचाने की कवायद में है। कांग्रेस ने हरचंदपुर सीट पर बसपा और सपा के टिकट पर दो चुनाव जीत चुके सुरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ पंजाबी सिंह को टिकट दिया है जबकि सरेनी सीट पर सुधा द्विवेदी को मैदान में उतारा है। ये दोनों ही नेता अपनी-अपनी पुरानी पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे थे लेकिन उनकी पार्टी में टिकट नहीं मिला तो कांग्रेस का दामन थाम लिया। बछरावां सीट पर कांग्रेस ने सुशील पासी को टिकट दिया है, जो आरके चौधरी का साथ छोड़कर कांग्रेस में आए थे। रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने डॉ.मनीष चौहान पर दांव लगाया है। वहीं ऊंचाहार सीट से अतुल सिंह को टिकट दिया है।

### माखी कांड की पीड़िता को उन्नाव सदर सीट पर उतारा

**उन्नाव जिले** में कांग्रेस ने चार महिलाओं को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने माखी रेप कांड की पीड़िता की मां आशा सिंह को सदर सीट से चुनाव लड़ाया है। बांगरमऊ सीट पर पार्टी जिलाध्यक्ष आरती बाजपेयी पर भरोसा जताया गया है। आरती पूर्व गृह मंत्री स्व. गोपीनाथ दीक्षित की पुत्री हैं। वह बीते उपचुनाव में भी कांग्रेस से किस्मत आजमा चुकी हैं। कांग्रेस ने मोहन सुरक्षित विधानसभा से मधु रावत को प्रत्याशी बनाया है। मधु रावत इसके पहले कोई चुनाव नहीं लड़ी हैं। कांग्रेस ने पुरवा सीट से जाने माने शायर मुनव्वर राणा की बेटी उरूसा राणा को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि वह सदर सीट से टिकट मांग रहीं थीं।

# बसपा में घर वापसी के बाद सीट बचाने की चुनौती

सतीश सिंह। लखनऊ

**चौथे** चरण के अन्तर्गत 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को चुनाव प्रचार का शोरगुल थम गया। इस चरण में पिछले दो चरणों की तरह ही कई जाने माने प्रत्याशियों की शाख दांव पर लगी है। नौ जिले की 59 सीटों पर होने वाले मतदान में बसपा में घरवापसी करने वाले अनीस खां उर्फ फूलबाबू और संडीला से बसपा सरकार में पूर्व मंत्री रहे अब्दुल मन्नान के लिए चुनाव जीतना प्रतिष्ठा की बात बन गयी है। वहीं सपा छोड़ कर बसपा में आई श्रीनगर सीट से मीराबानों की भी शाख दांव पर है।

### अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू - बीसलपुर सीट



अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू ने 1989 में बहुजन समाज पार्टी ज्वाइन की थी। 1996, 2002 , 2007 से 2012 तक लगातार विधायक रहे। बसपा सरकार में इन्हें राज्यमंत्री का भी दर्जा मिला। पार्टी में जब नसीमुद्दीन सिद्दीकी थे, तब इन्हें बसपा से बाहर कर दिया गया था। बसपा से बाहर होने के बाद 2017 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़े मगर चुनाव हार गये। इस बार अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू बसपा के टिकट पर बीसलपुर सीट से ही मैदान में है। बीसलपुर विधानसभा सीट पर मुस्लिम और कुर्मी वोटरों का दबदबा है। यही दोनों जीत और हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व मंत्री व बसपा नेता अनीस अहमद खान उर्फ फूलबाबू और वर्तमान भाजपा विधायक रामसरन वर्मा का इस इलाके में अच्छा खासा प्रभाव है। इस बार भाजपा से रामसरन वर्मा के बेटे विवेक वर्मा मैदान में हैं। जबकि सपा से दिव्या गंगवार और कांग्रेस से शिखा पाण्डेय चुनाव लड़ रही हैं। फूलबाबू जब तक बसपा में रहे उनके सितारे बुलंद रहे और वह लगातार तीन बार 1996, 2002 और 2007 में रामसरन वर्मा पर भारी पड़े। पिछली बार कांग्रेस में जाते ही जीत उनसे दूर चली गई। अब एक फिर उन्होंने बसपा में वापसी कर ली है। इस सीट पर 2022 के चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है।

### अब्दुल मन्नान - संडीला सीट



बसपा सरकार में मंत्री रहे संडीला सीट से हैट्रिक लगा चुके अब्दुल मन्नान की 2022 के चुनाव में घरवापसी हो गयी है। वर्ष 2017 का चुनाव अब्दुल मन्नान ने सपा के टिकट पर लड़ा था। यहां पर भाजपा से अलका अर्कवंशी मैदान में हैं तो सुभासपा से सुनील अर्कवंशी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से मो हनीफ को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में इस सीट को लेकर 2022 के चुनाव में अब्दुल मन्नान की शाख दांव पर है। वैसे तो हरदोई की सण्डीला विधानसभा लड्डुओं के मिठास से मशहूर है। यहां हर दल के नेता ने मिठास का मजा चखा है। वैसे तो राजनीतिक समीकरण पलटते रहे और मतदाताओं का रुझान भी बदलता रहा। पिछले चुनाव में यहां से बीजेपी के टिकट पर राजकुमार अग्रवाल चुने गये थे। उन्होंने सपा के अब्दुल मन्नान को हराया था। इस सीट को लेकर बात अगर बीजेपी से करें तो 1993 में भी महावीर सिंह ने यह सीट बीजेपी की झोली में डाली और उन्हें विजय हासिल हुई। 1996 में अब्दुल मन्नान निर्दलीय चुनाव लड़े थे, बाद में बीएसपी में आ गये। इसके बाद 2002 और 2007 में अब्दुल मन्नान ने विजयी हैट्रिक लगाई। परिसीमन के बाद 2012 के चुनाव में सपा से महावीर सिंह ने जीत दर्ज कराई। 2017 में बीजेपी के राजकुमार अग्रवाल यहां से चुने गए। अब 2022 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है।

### मीराबानो - श्रीनगर सीट



**श्रीनगर** सीट से बसपा के टिकट पर मीराबानो मैदान में है। चुनाव से एनवक्त पूर्व सपा से टिकट न मिलने पर मीराबानो ने बसपा ज्वाइन कर लिया था। यहां पर भाजपा से मंजू त्यागी और सपा से रामशरण मैदान में हैं। कांग्रेस से चांदनी भी चुनाव लड़ रही है। सपा से बसपा में आई मीराबानो के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है। श्रीनगर विधानसभा सीट के जातिगत समीकरणों की चर्चा करें तो यहां हर जातिवर्ग के लोग रहते हैं। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद अधिक है। जिसके चलते इस विधानसभा सीट की गिनती दलित बाहुल्य सीट के रूप में होती है। 2017 के पहले 1977 से लेकर 2017 तक इस सीट पर गैर बीजेपी के ही विधायक रहे हैं। 2017 में बीजेपी की मंजू त्यागी ने सपा को पराजित कर अपना परचम लहराया था। इस सीट को लेकर एक और बात कही जाती है कि हर बार नए दावेदार असफल हो जाते हैं। 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने मौजूदा विधायक राजेश गौतम को हटाकर श्रीकाल भैरव पर दांव आजमाया था। सपा के रामशरण ने उनको 31878 मतों से पराजित कर दिया था। इसके बाद 2017 के विधान सभा चुनाव में सपा ने अपने मौजूदा विधायक राम सरन का टिकट काटकर उनकी जगह नई प्रत्याशी मीरा बानो पर दाव लगाया था। उनको भी भाजपा की मंजू त्यागी से 54939 मतों से पराजित होना पड़ा था। श्रीनगर सुरक्षित सीट पर यह तीसरा चुनाव है। श्रीनगर विधानसभा सीट के चुनावी अतीत की बात करें तो ये सीट साल 2007 के विधानसभा चुनाव तक सामान्य सीट हुआ करती थी। साल 2008 के परिसीमन के बाद ये सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। इस सीट के आरक्षित होने से पहले साल 1996 और 2002 में इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी का कब्जा रहा। 2007 में समाजवादी पार्टी के आरए उस्मानी विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद ये सीट आरक्षित हो गई।

# नौसेना समुद्र की सुरक्षा करने में सफल: कोविंद

**भाषा** । विशाखापत्तनम

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना की निरंतर निगरानी, घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया और अथक प्रयास समुद्र की सुरक्षा को बनाए रखने में काफी सफल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत महासागरों के सतत उपयोग के लिए सहयोगात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इस क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास में विश्वास करता है। बंगाल की खाड़ी में विशाखापत्तनम तट पर प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू-2022 के दौरान नौसेना के बेड़े को संबोधित करते हुए, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर ने कहा कि जहाजों, विमानों और पनडुब्बियों की उत्कृष्ट परेड ने राष्ट्र की समुद्री सेवाओं की पेशेवर क्षमता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया है। परेड ने किसी भी आकस्मिक घटना के लिए भारतीय नौसेना की तैयारियों को भी प्रदर्शित किया। कोविंद ने कहा कि



वैश्विक व्यापार की व्यापक गतिविधियां हिंद महासागर क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। हमारे व्यापार और ऊर्जा जरूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा महासागरों के माध्यम से पूरा किया जाता है। इसलिए, समुद्रों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनी हुई है। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में, यह मेरे लिए बेहद संतुष्टि का क्षण है। देश को नौसेना के हमारे बहादुर कर्मियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मुझे आज भारतीय नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और हमारी समुद्री शक्ति के अन्य घटकों की तैयारी की समीक्षा करने में खुशी हो रही है। भारतीय नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर हो रही है और मेक इन इंडिया पहल में सबसे आगे रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि देशभर के विभिन्न सार्वजनिक और निजी पोत कारखानों (शिपयार्ड) में निर्माणाधीन कई युद्धपोतों और पनडुब्बियों की लगभग 70 प्रतिशत सामग्री स्वदेशी थी। कोविंद ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने परमाणु पनडुब्बियों का निर्माण किया है और जल्द ही हमारे पास स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत विक्रांत सेवा में शामिल हो जाएगा। स्वदेशी नौसैनिक जहाज निर्माण क्षमताओं का विकास आत्मनिर्भर भारत बनाने में एक प्रभावशाली योगदान है।

कोविड-19 महामारी के दौरान नौसेना की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इसने मित्र देशों को दवाओं की आपूर्ति के रूप में सहायता प्रदान की। कोविंद ने कहा कि विशाखापत्तनम शहर ने 1971 के युद्ध के दौरान शानदार योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि मुझे तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान की नौसैनिक नाकेबंदी में पूर्वी नौसेना कमान की वीरतापूर्ण कार्रवाई और पाकिस्तान की पनडुब्बी गाजी के डूबने की याद आती है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में अहम भूमिका निभाएगा बजट: मोदी

**भाषा** । नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2022-23 का केन्द्रीय बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय बजट 2022-23 के सकारात्मक प्रभाव विषय पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना से देश के शैक्षणिक संस्थानों में सीट की समस्या हल हो सकती है।

मोदी ने कहा कि बजट शिक्षा क्षेत्र के पांच पहलुओं - गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, शहरी नियोजन एवं डिजाइन, अंतर-राष्ट्रीयकरण और एवीजीसी (एनिमेशन विजुअल इफेक्ट्स गेमिंग कॉमिक) के सार्वभौमीकरण पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के इस समय में डिजिटल कनेक्टिविटी ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को बचाए रखा। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि कैसे भारत में तेजी से डिजिटल डिवाइड कम हो रहा है। नवाचार हमारे लिए समावेश सुनिश्चित कर रहा है। डिजिटल डिवाइड, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) के उपयोग एवं प्रभाव के संबंध में एक आर्थिक तथा सामाजिक असमानता है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल विश्वविद्यालय एक अभिनव और अभूतपूर्व कदम है, जिसमें विश्वविद्यालयों में सीट की समस्या को पूरी तरह से हल करने की क्षमता है। मैं शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और डिजिटल विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों से परियोजना पर तेजी से काम करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ई-विद्या, वन क्लास वन चैनल, डिजिटल लैब, डिजिटल यूनिवर्सिटी जैसी शैक्षिक अवसंरचनाएं युवाओं के लिए बहुत मददगार होंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने में 2022-23 का बजट काफी मदद करेगा।

बजट में, देशभर में छात्रों तक पहुंच प्रदान करने के लिए एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह अपनी तरह का एक अनोखा एवं अभूतपूर्व कदम है। मोदी ने कहा कि मैं डिजिटल विश्वविद्यालय में वह ताकत देख रहा हूं, जिससे हमारे देश में शैक्षणिक संस्थानों में सीट की समस्या पूरी तरह खत्म हो सकती है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि अनेक राज्यों में स्थानीय भाषाओं में चिकित्सा और प्रौद्योगिकी शिक्षा की पढ़ाई शुरू हो चुकी है।

# आरएसएस प्रमुख ने संघ के स्वयंसेवकों से मालवा प्रांत में काम बढ़ाने को कहा

**भाषा** । उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संघ के मालवा प्रांत में काम की समीक्षा की और स्वयंसेवकों से पर्यावरण सुधार और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर ध्यान देने को कहा। भागवत 19 फरवरी को बैठक में शामिल होने उज्जैन पहुंचे थे। सोमवार तड़के आरएसएस प्रमुख ने यहां प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि सर संघचालक ने संघ कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान पर्यावरण सुधार, सामाजिक सद्भाव और समानता को बढ़ावा देने, परिवार व्यवस्था व उसके मूल्यों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। भागवत ने संगठन के पदाधिकारियों को 2025 तक मालवा प्रांत में काम को दो गुना करने को कहा है। 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भागवत ने आरएसएस के पदाधिकारियों से संघ के सामाजिक कार्यों को बढ़ाने के लिए कहा। ए कार्य कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुए थे। आरएसएस के मालवा प्रांत में 28 जिले शामिल हैं। यहां संघ का खासा प्रभाव है। एक अन्य पदाधिकारी ने कहा कि मालवा प्रांत उन कुछ क्षेत्रों में शामिल है जहां आरएसएस की जागरण पत्रिका हर गांव में पहुंचती है। भागवत के महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने असुविधा होने की शिकायत की।

### कर्नाटक सरकार ने उच्च न्यायालय में कहा

# हिजाब एक आवश्यक धार्मिक परंपरा नहीं

**भाषा** । बेंगलुरु

**कर्नाटक** सरकार ने सोमवार को फिर से कहा कि हिजाब एक आवश्यक धार्मिक परंपरा नहीं है और धार्मिक निर्देशों को शैक्षणिक संस्थानों के बाहर रखना चाहिए। हिजाब मामले की सुनवाई कर रहे कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ से राज्य के महाधिवक्ता प्रभुलिंग नावडगी ने कहा, हमारा यह रुख है कि हिजाब एक आवश्यक धार्मिक परंपरा नहीं है। डॉ. भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था कि हमे अपने धार्मिक निर्देशों को शैक्षणिक संस्थानों के बाहर रख देना चाहिए।

पूर्ण पीठ में मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे एम खाजी और न्यायामूर्ति कृष्ण एम दीक्षित शामिल हैं। महान्यायवादी के मुताबिक, सिर्फ आवश्यक धार्मिक परंपरा को संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण मिलता है, जो नागरिकों को अपनी पसंद के धर्म का आचरण करने की गारंटी देता है। अदालत की कार्यवाही शुरू होने पर मुख्य न्यायाधीश अवस्थी ने कहा कि हिजाब के बारे में कुछ स्पष्टीकरण की जरूरत है।

मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया, आपने दलील दी है कि सरकार का आदेश नुकसान नहीं पहुंचाएगा और राज्य सरकार ने हिजाब को प्रतिबंधित नहीं किया है तथा ना ही इस पर कोई पाबंदी लगाई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि छात्राओं को निर्धारित पोशाक पहनना चाहिए। आपका क्या रुख है। हिजाब को शैक्षणिक संस्थानों में अनुमति दी जा सकती है, या नहीं? नावडगी ने जवाब में कहा कि यदि संस्थानों को इसकी अनुमति दी जाती है तब यह मुद्दा उठने पर सरकार संभवत: कोई निर्णय करेगी। उल्लेखनीय है कि हाल में राज्य के उडुपी में एक कॉलेज की छह छात्राएं कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शामिल हुई थीं। इसका आयोजन, कक्षा में हिजाब पहन कर प्रवेश की अनुमति देने से कॉलेज प्रशासन के मना करने के विरोध में किया गया था।

**जनहित याचिका अन्य महत्वपूर्ण मामलों से ध्यान खींच रही है : न्यायालय**

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक में कारवार बंदरगाह के विस्तार से संबंधित एक मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख किए जाने पर गौर करते हुए सोमवार को कहा कि यह जनहित याचिका अन्य महत्वपूर्ण मामलों से ध्यान खींच रही है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और हेमा कोहली की पीठ से आग्रह किया गया था कि बंदरगाह के विस्तार को चुनौती देने वाली एक अपील को पिछले साल नवंबर में क्रमांकित किया गया था।



रांची में चारा घोटाला मामले में अंतिम फैसले के वक्त सीबीआई की विशेष अदालत में पहुंचे राजद नेता भोला यादव और जय प्रकाश नारायण यादव

# शरद पवार के एजेंडे पर काम कर रहे राउत : चंद्रकांत पाटिल

**भाषा** । पुणे

**भारतीय** जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने सोमवार को दावा किया कि शिवसेना सांसद संजय राउत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के उस एजेंडे पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पद से हटाकर राउत को उनके स्थान पर बिठाना है।

पाटिल ने यहां संवाददाताओं से यह भी कहा कि शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे के मुंबई स्थित निजी आवास मातोश्री की नींव को उखाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह मानें या न मानें, उद्धवजी हमारे दोस्त हैं। वह शिवसेना सुप्रीमो दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के बेटे हैं। हमने कई सालों तक साथ काम किया है। पाटिल ने कहा कि कौन हैं संजय राउत? वह हाल ही में शिवसेना में आए थे और वह (राउत) किसे पढ़ा रहे हैं? पाटिल ने दावा किया, हम उद्धवजी से कहना चाहेंगे कि हमारी समझ यह है कि पवार साहब द्वारा दिए गए एजेंडे पर राउत काम कर रहे हैं। एजेंडा आपको मुख्यमंत्री के पद से हटाना है क्योंकि आपने इस पद पर ढाई साल पूरे कर लिए हैं।

पाटिल ने कहा कि चूंकि सुप्रिया सुले को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता है, इसलिए उनके (पवार के) लिए राउत को मुख्यमंत्री बनाना सुले को बनाने के बराबर होगा। पुणे के बारामती से लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले राकांपा प्रमुख पवार की बेटी हैं। महाराष्ट्र में 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान होने पर शिवसेना ने अपनी लंबे समय से सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी से संबंध तोड़ लिए थे। इसके बाद ठाकरे के नेतृत्व में पार्टी ने, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के साथ गठबंधन कर राज्य में सरकार बनाई।

एक सवाल के जवाब में पाटिल ने राज्यसभा सदस्य राउत द्वारा भाजपा नेताओं के खिलाफ कुछ बयानों में इस्तेमाल की गई भाषा की निंदा की और कहा कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल हमारी संस्कृति नहीं है।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**बैतूल**। मध्य प्रदेश के बैतूल में पुलिस ने सोमवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के दो लोगों सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया।

भैंसदेही पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह चौहान ने सोमवार को बताया कि स्थानीय आदिवासी राजू भलावी ने शिकायत की है कि विजय जाधव, उसकी पत्नी रुथ (दोनों की उम्र 46 वर्ष), डेनी पॉल (50) और साइबस इवने (50) ने उदामा गांव में मटन की पार्टी दी और वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए हिंदुओं और आदिवासियों के खिलाफ बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि जाधव और रुथ महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रहने वाले हैं जबकि पॉल और इवने स्थानीय निवासी हैं।

चौहान ने बताया कि मामले में खिलाफ भादंवि और एससी एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



बांकुरा में नगरपालिका चुनाव के लिए टीएमसी उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो करतीं तृणमूल कांग्रेस सांसद शताब्दी रॉय

# देश में कोविड-19 के 16,051 नए मामले 206 की मौत

**भाषा** । नई दिल्ली

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 16,051 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,28,38,524 हो गई। पिछले 15 दिन से दैनिक मामलों की संख्या एक लाख से कम बनी हुई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 2,02,131 रह गई है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 206 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,12,109 हो गई। देश में अभी 2,02,131 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.47 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 22,056 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.33 प्रतिशत हो गई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 1.93 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.12 प्रतिशत दर्ज की गई।

देश में अब तक कुल 4,21,24,284 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 175.46 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

# रवीना टंडन और मनीष मुंद्रा ने बजरंग दल के कार्यकर्ता के लिए इंसाफ मांगा

**भाषा** । मुंबई

**अभिनेत्री** रवीना टंडन और फिल्मकार मनीष मुंद्रा ने कर्नाटक में बजरंग दल के 23 वर्षीय कार्यकर्ता की हत्या की सोमवार को निंदा की। हर्षा की रविवार रात को शिवमोगा में भारती कॉलोनी की रवि वर्मा गली में कथित रूप से अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। शहर राजधानी बेंगलुरू से करीब 250 किलोमीटर दूर है और हाल में हिजाब को लेकर उपजे विवाद के बाद वहां अशांति देखी गई थी। हत्या के कारण का तत्काल पता नहीं चल सका है।

ट्विटर पर हैशटैग जस्टिस फॉर हर्षा (हर्षा के लिए न्याय) ट्रेंड कर रहा है और कई लोग उसके लिए इंसाफ की मांग रहे हैं। अभिनेत्री ने ट्विटर पर सिर्फ हैशटैग जस्टिस फॉर हर्षा लिखा है। मुंद्रा ने हत्या को एक और भीड़ हत्या बताया और हर्षा के लिए न्याय की मांग की। मुंद्रा को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म न्यूटन और मसान के लिए जाना जाता है। मुंद्रा ने लिखा, हम हैशटैग जस्टिस फॉर हर्षा ट्रेंड करेंगे और सो जाएंगे। नए ट्रेंड के लिए एक और भीड़ हत्या का इंतजार करेंगे।

यह जागने का समय है। तनाव व्याप्त होने के बाद शिवमोगा में जिला प्रशासन ने दो दिन के लिए निषेधात्मक आदेश लागू कर दिए हैं और सोमवार को स्कूल व कॉलेज बंद कर दिए।

## छात्र नेता की मौत के मामले की जांच करेगी एसआईटी: ममता

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि छात्र नेता अनीश खान की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। खान की मौत के मामले को लेकर विपक्षी दल विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## एमसीए सदस्य ने शिवाजी पार्क में निर्माण कार्य की जांच की मांग की

**मुम्बई**। मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक पदाधिकारी ने यहां शिवाजी पार्क मैदान में चल रहे निर्माण कार्य की सोमवार को जांच की मांग की। सुनिल गवास्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे बल्लेबाजों ने इसी मैदान से क्रिकेट का अपना सफर शुरू किया था। एमसीएस की शीर्ष परिषद के सदस्य अजिंका नाईक ने एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पाटिल को एक ई-मेल भेजकर कहा कि शिवाजी पार्क मैदान के बीच में काम चल रहा है। यह दिख रहा है कि एक सड़क मैदान को दो हिस्सों में बांट रही है। बृहन्मुम्बई महानगरपालिका (बीएमसी) ने इन दावों का खंडन किया कि मौजूदा निर्माण कार्य से क्रिकेट की इस नर्सरी को कोई असुविधा होगी।

उसने एक बयान में कहा कि यह काम धूल रोकने से संबद्ध है और स्थानीय लोगों की शिकायतें मिलने के बाद यह किया जा रहा है। उसने कहा कि मुम्बई की महापौर ने सोमवार को शिवाजी पार्क का दौरा किया और काम की समीक्षा की।

# आशीष मिश्रा की जमानत को उच्चतम न्यायालय में चुनौती

**लखीमपुर हिंसा**

**भाषा** । नई दिल्ली

**लखीमपुर** खीरी हिंसा में मारे गए किसानों के परिवारों ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे और मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है। लखीमपुर खीरी में पिछले साल तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी।

मृत किसानों के परिवारों के तीन सदस्यों ने उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 10 फरवरी के जमानत आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह फैसला कानून की नजर में टिकने लायक नहीं है क्योंकि इस मामले में राज्य द्वारा अदालत को कोई सार्थक और प्रभावी सहायता नहीं दी गई। जगजीत सिंह, पवन कश्यप और सुखविंदर सिंह ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर की गई याचिका में कहा, जमानत देने के लिए तय सिद्धांतों के संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश में राज्य द्वारा ठोस दलीलों की कमी रही और आरोपी राज्य सरकार पर पर्याप्त प्रभाव रखता है क्योंकि उसके पिता उसी राजनीतिक दल से केंद्रीय मंत्री हैं, जो राज्य की सत्ता में है।

याचिका में कहा गया, उक्त आदेश कानून की नजर में टिकने योग्य नहीं है क्योंकि सीआरपीसी, 1973 की धारा 439 के पहले प्रावधान के उद्देश्य के विपरीत मामले में राज्य द्वारा अदालत को कोई सार्थक और प्रभावी सहायता नहीं मिली, जिसके तहत गंभीर अपराध से जुड़ी जमानत अर्जी के संबंध में आम तौर पर लोक अभियोजक को नोटिस दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में स्थापित कानूनी मानदंडों के विपरीत एक अनुचित और मनमाना निर्णय दिया गया, जिसने अपराध की जघन्य प्रकृति पर विचार किए बिना जमानत प्रदान की।

आरोपी के जमानत आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए याचिका में सबूतों का क्रमिक उल्लेख किया गया। याचिका में कहा गया कि आरोपी के निर्देश पर शांतिपूर्वक लौट रहे किसानों को जानबूझकर थार वाहन से कुचलने का कृत्य लापरवाही नहीं बल्कि एक पूर्व नियोजित साजिश थी।

# सरकार ने बाल कल्याण का बजट घटा कर देश के भविष्य को जोखिम में डाल दिया: राहुल

**भाषा** । नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने बाल कल्याण के लिए बजट आवंटन को 50 प्रतिशत घटा कर देश के भविष्य को जोखिम में डाल दिया है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मोदी सरकार ने बाल कल्याण के लिए बजट को आधा करके भारत के भविष्य को जोखिम में डाल दिया है। मोदी मित्रों की आय में बेतहाशा बढ़ोतरी से इसकी तुलना करिए। यह पता करना बहुत आसान है कि यह सरकार किसके लिए काम कर रही है। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए यह कहा। खबर में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में बच्चों के लिए आवंटन की हिस्सेदारी 2.35 प्रतिशत है, जो 2013-14 में 4.64 प्रतिशत थी।

## जम्मू कश्मीर में कश्मीरी शैववाद पर शोध, अध्ययन के लिए संस्थान खोला गया

**जम्मू**। जम्मू कश्मीर में कश्मीरी शैववाद पर शोध, अध्ययन और प्रकाशन केन्द्र के तौर पर कश्मीर शैव संस्थान खोला गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कश्मीर शैववाद का प्रसार करने के लिए संस्थान देश भर के सभी तथा विदेश के शिक्षण संस्थानों से भी संपर्क करेगा। कश्मीरी शैववाद अथवा त्रिका शैववाद, शैव शाक्त तंत्र की अद्वैत परंपरा है। इसकी शुरुआत 850 ईस्वी के बाद हुई थी। और चूंकि यह परंपरा कश्मीर में जन्मी इसलिए इसे कश्मीरी शैववाद कहते हैं। इसके बाद यह त्रिका (त्रिमूर्ति) नाम से अखिल भारतीय अभियान बन गया और ओडिशा, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में फला-फूला।

# भारतीय अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही: अमिताभ कांत

भाषा। नई दिल्ली



**नीति आयोग** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही है और आने वाले वर्षों में भी वृद्धि की यह रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है।

सरकार के उभरते क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का जिक्र करते हुए कांत ने कहा कि इससे अगले पांच साल में देश के उत्पादन में 520 अरब डॉलर का इजाफा होगा और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनेगा। कांत ने एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक कार्यक्रम में कहा, भारत आज अभूतपूर्व स्तर के आर्थिक विकास और तकनीकी बदलावों को देख रहा है। अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही है और आने वाले वर्षों में भी वृद्धि की यह रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। इसके साथ हम दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि देश ने दक्षता को अधिकतम करने के लिए कई उपाय किए हैं। सरकार ने इसके लिए कई सुधार किए हैं, जिसमें जीएसटी (माल एवं सेवा कर), दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता, कॉरपोरेट करों को कम करना आदि शामिल हैं। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि इससे भारत को दुनिया में विनिर्माण के क्षेत्र में चैंपियन बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने ढांचागत क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा संपत्ति मौद्रिकरण पाइपलाइन और पीएम गतिशक्ति जैसे योजनाएं शुरू की है। कांत ने कहा, इन दोनों योजनाओं के संयुक्त प्रभाव से देश में सरकार और निजी क्षेत्र-दोनों की भागीदारी से वैश्विक स्तर की ढांचागत परियोजनाएं तैयार होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में सफलता के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाना जरूरी है।

# एनएसई मामले की जांच के दायरे में अनुचित लाभ, तरजीही आंकड़ों तक पहुंच भी शामिल

भाषा। नई दिल्ली

**प्रमुख शेयर** बाजार एनएसई की पूर्व मुखिया चित्रा रामकृष्ण के कथित रूप से किसी रहस्यमय योगी के प्रभाव में आकर काम करने से जुड़े मामले की बहु-एजेंसी जांच तेज होने के साथ अब चुनिंदा ब्रोकरों को तरजीही सर्वर एवं डेटा पहुंच देने और उनके संदिग्ध दुरुपयोग वाले पहलू की भी जांच की जा रही है। घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि यह पूरा मामला क्रिकेट के किसी सट्टेबाजी घोटाले की तरह बेहद परिष्कृत तरीके से अंजाम दिया जा रहा था। इसलिए जांच शुरू होने के बाद इससे जुड़े सभी पहलुओं की भी जांच की जा रही है ताकि सारी गड़बड़ियों को उजागर किया जा सके। हालांकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने यह मामला सामने आने के बाद कहा है कि उसने समय-समय पर बाजार नियामक के निर्देशों के अनुरूप अपने तकनीकी ढांचे को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि नई जानकारियां सामने आने के बाद इसकी भी विस्तृत जांच करना जरूरी हो गया है कि उच्च पदों पर बैठे कुछ लोगों ने तरजीही ट्रेडिंग स्लॉट देकर गैरकानून लाभ तो नहीं अर्जित किए हैं। अगर किसी शेयर कारोबारी को कुछ पलों की भी तेजी से पहुंच मिल जाती है तो उसे बड़ा लाभ हो सकता है। आरोप है कि तरजीही पहुंच ने न सिर्फ एनएसई सर्वरों तक नजदीकी संपर्क दी बल्कि सभी कारोबारों एवं ऑर्डर के बारे में बारीक ब्योरे वाले टीबीटी (टिक बाई टिक) डेटा तक तेजी से पहुंचाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस पूरे सिस्टम के कामकाज का ब्योरा देते हुए कहा इस बेहद तकनीकी मसले को समझने का सबसे बेहतर तरीका क्रिकेट सट्टेबाजी है। अपने सामान्य टर्मिनल पर ट्रेडिंग करने वाला एक आम निवेशक या ब्रोकर तो टीवी पर या स्टेडियम में बैठकर मैच देखने वाला दर्शक भर होता है। लेकिन उस स्थिति की कल्पना कीजिए जब आपको किसी भी दूसरे व्यक्ति से पहले हरेक खिलाड़ी के अगले कदम एवं रणनीति के बारे में पता हो। हम अभी मैच फिक्सिंग का तो जिक्र भी नहीं कर रहे हैं। परिष्कृत एल्गोरिद्म बड़े पैमाने पर डेटा तक वास्तविक समय में पहुंच को संभव बना देता है। इसमें आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम और उच्च प्रौद्योगिकी वाले सॉफ्टवेयर भी मददगार होते हैं। उन्होंने इस दावे को भी नकार दिया कि इस दौरान असल में निवेशकों को कोई नुकसान नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि वास्तविक निवेशकों को तो इस व्यवस्था में नुकसान ही होना था क्योंकि इसमें कुछ चुनिंदा लोगों को आंकड़े तक त्वरित पहुंच की वजह से कम भाव पर शेयर खरीदने और ऊंचे भाव पर बेचने की सुविधा दी जा रही थी।

## क्विक न्यूज

### रुपया शुरुआती कारोबार में 22 पैसे की बढ़त के साथ 74.44 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रूस-यूक्रेन विवाद के समाधान की उम्मीद के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 22 पैसे की बढ़त के साथ 74.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.51 प्रति डॉलर पर मजबूत रुख के साथ खुला। शुक्रवार को रुपया 74.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। उसके बाद यह और मजबूत होकर 74.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह इसके पिछले बंद स्तर से 22 पैसे की बढ़त है। इस तरह की खबरे आई है कि अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन मुद्दे पर बैठक की सहमति बनी है। इससे निवेशकों को कुछ राहत मिली है। सोमवार को ब्रेंट कच्चा तेल 0.34 प्रतिशत के नुकसान से 93.22 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इससे पहले यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई थी। छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत के नुकसान से 95.84 पर आ गया।

### एयरटेल समुद्री केबल गठजोड़ एसईए-एमई-डब्ल्यूई-6 में शामिल हुई

**नई दिल्ली।** देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था को समर्थन देने और अपनी उच्च गति की वैश्विक नेटवर्क क्षमता के विस्तार के लिए भारती एयरटेल एसईए-एमई-डब्ल्यूई-6 (सी-मी-वी-6) समुद्री के अंदर केबल लगाने के गठजोड़ (अंडरसी केबल कंसोर्टियम) में शामिल हो गई है। एयरटेल ने कहा कि वह एसईए-एमई-डब्ल्यूई-6 में प्रमुख निवेशक के रूप में भाग ले रही है और केबल प्रणाली में कुल निवेश का 20 प्रतिशत जुटाएगी। यह 2025 में लाइव हो जाएगा। गठजोड़ के 12 अन्य सदस्यों में बांग्लादेश सबमरीन केबल कंपनी, धीरागु (मालदीव), जिबूती टेलीकॉम, मोबिली (सऊदी अरब), ऑरेंज (फ्रांस), सिंगटेल (सिंगापुर), श्रीलंका टेलीकॉम, टेलीकॉम इजिप्ट, टेलीकॉम मलेशिया, और तेलिन (इंडोनेशिया) शामिल है। 19,200 आरकेएम (रूट किलोमीटर) का एसईए-एमई-डब्ल्यूई-6 सिंगापुर और फ्रांस को जोड़ेगा। यह वैश्विक स्तर पर दुनिया की सबसे लंबी समुद्री केबल प्रणाली होगी।

### फेडबैंक ने सेबी के डीआरएचपी भेजी

**मुंबई।** फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड 31 मार्च, 2021 तक के आँकड़ों के आधार पर भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली गोल्ड लोन एनबीएफसी है। उसने सेबी में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल भेजी है। फेडरल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित, इंजन बिजनेस मॉडल का परिचालन करती है। यह दो पूरक उत्पादों के साथ परिचालन करती है जिनके नाम हैं, गोल्ड लोन और इंस्टालमेंट लोन, जो एमएसएमई और उभरते स्वरोजगारी व्यक्तियों (ईएसईआई) को प्रदान किये जाते हैं। कंपनी 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। ऑफर में कुल 9,000 मिलियन रुपये तक का फ्रेश इश्यू और प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारक और निवेशक विक्रेता शेयरधारक द्वारा कुल 45,714,286 इक्विटी शेयर्स का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग अपनी कंपनी के टियर, पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए करने का प्रस्ताव करती हैए ताकि भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेए जो व्यवसाय और परिसंपत्तियों की वृद्धि से उत्पन्न होती है।

### व्यवसायों को नए मॉडल, नई सोच के अनुसार ढलने की जरूरत : पवन मुंजाल

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पवन मुंजाल ने सोमवार को कहा कि संगठनों को नए मॉडल और नई सोच के अनुकूल ढलने की जरूरत है, क्योंकि अस्थिर तथा अनिश्चित माहौल ने व्यवसायों के पारंपरिक तरीकों के असर को कम कर दिया है। इस साल अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (आइमा) जेआरडी टाटा कॉरपोरेट लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित होने वाले मुंजाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी और उसके चलते पैदा हुईं अभूतपूर्व चुनौतियों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा ने परिचालन प्रक्रियाओं में बदलाव की जरूरत को रेखांकित है। मुंजाल ने आइमा के कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा, हाल के दिनों में, अस्थिर और अनिश्चित वातावरण ने दीर्घकालिक पूर्वानुमान और पारंपरिक रणनीतिक योजना के असर को कम कर दिया है। वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव विध्वंसक रहा है, जिसने लोगों, संगठनों और अर्थव्यवस्थाओं को पीछे कर दिया है। ऐसे में, लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अब हमारे संचालन मॉडल में एक बड़े बदलाव की जरूरत है।

### उद्यमी देश को उच्च वृद्धि, समृद्धि की ओर ले जाएंगे: मैरिको चेयरमैन

**नई दिल्ली।** मैरिको के अध्यक्ष हर्ष मारीवाला ने सोमवार को कहा कि उद्यमी देश को उच्च वृद्धि और समृद्धि की ओर ले जाएंगे, तथा कंपनियों को टिकाऊ वृद्धि के लिए एक परिवर्तनकारी डिजिटल नजरिया अपनाने का सुझाव दिया। डिजिटलीकरण की भूमिका पर मारीवाला ने कहा कि उद्योगों को अपनी डिजिटल पहल को प्राथमिकता देनी चाहिए और सही नजरिए के साथ व्यवसाय की वृद्धि के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। मारीवाला को सोमवार को एआईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि वृद्धि में उद्यमियों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। मैरिको के अध्यक्ष ने एआईएमए स्थापना दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा, उद्यमी हितधारकों के लिए बहुत ही संपत्ति बनाते हैं, चाहे वह स्वयं के लिए या सहयोगियों या ग्राहकों के लिए। उद्यमी ही भारत को आर्थिक वृद्धि के नए दौर में ले जाएंगे ।

### आर्कियन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई।** आर्कियन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो भारत की एक स्पेशियाल्टी मरीन केमिकल मैन्युफैक्चरर है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ अपना डीआरएचपी दायर किया है। आईपीओ में कुल 10,000 मिलियन रु के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और इंडिया रिसर्जेंस फंड ,पिरामल ग्रुप और बैन कैपिटल का संयुक्त उद्यम, सहित प्रवर्तकों और निवेशकों द्वारा 19.07 मिलियन शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। आर्कियन केमिकल इंडस्ट्रीज भारत की अग्रणी स्पेशियाल्टी मरीन केमिकल्स निर्माता है और दुनिया भर के ग्राहकों को ब्रोमीन, औद्योगिक नमक और पोटाश के सल्फेट के उत्पादन और निर्यात पर केंद्रित है। आर्कियन भारत में ब्रोमीन और औद्योगिक नमक का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और इसके द्वारा उत्पादित ब्रोमीन और औद्योगिक नमक दोनों में विश्व स्तर पर उत्पादन की सबसे कम रही है।

### केयर्न वेदांता ने राजस्थान के बाड़मेर ब्लॉक में खोजा नया तेल क्षेत्र

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर जिले में नए तेल क्षेत्र की खोज की घोषणा की। यह तेल भंडार उसी रेगिस्तानी क्षेत्र में मिला है, जहां कंपनी का प्रचुर तेलक्षेत्र है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सरकार और हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) को ओएएलपी (खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति) के तहत आने वाले ब्लॉक आरजे-ओएनएचपी-2017।। में खुदाई किए गए।

# कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने को लेकर महिलाओं में हिचक: सीतारमण

भाषा। मुंबई

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने को लेकर महिलाओं में कायम हिचक पर अफसोस जाहिर करते हुए सोमवार को कहा कि महिला उम्मीदवारों को इसके लिए राजी करने में खुद उन्हें भी दिक्कत हुई है।

सीतारमण ने देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में बजट के बाद आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मैंने मंत्री के रूप में कुछ लोगों को कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने के लिए राजी करने की खुद भी कोशिश की है। हमें बोर्ड में उनके अनुभव की जरूरत है। लेकिन हमारे पास पर्याप्त महिलाएं नहीं आ रही हैं। यह एक गंभीर समस्या है। दरअसल कानूनी प्रावधानों के मुताबिक देश की शीर्ष 1,000 कंपनियों को अपने बोर्ड में कम-से-कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक को शामिल करना जरूरी होता है। इस बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा,मुझे उस तरह की महिलाओं के बारे में बताइए जिन्हें बोर्ड में शामिल किया जा सकता है। ऐसी महिलाएं कहां हैं? उन्होंने उद्योग जगत से इस समस्या के सही समाधान के साथ आगे आने का अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर राजस्व सचिव तरुण बजाज ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड में इस समय आधे से भी अधिक सदस्य महिलाएं हैं और उनके साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा रहा है।

# एलआईसी की आईडीबीआई बैंक का शेयरधारक बने रहने की इच्छा

भाषा। नई दिल्ली

**आईपीओ लाने** की तैयारी में जुटी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि वह आईडीबीआई बैंक में कुछ हिस्सेदारी रखना चाहता है, ताकि उसे बैंक बीमा का फायदा मिलता रहे। आईडीबीआई बैंक 21 जनवरी 2019 को एलआईसी की सहायक इकाई बन गया था। योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के तहत बैंक द्वारा अतिरिक्त इक्विटी शेयर जारी करने के बाद एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 49.24 प्रतिशत होने के कारण 19 दिसंबर 2020 को आईडीबीआई बैंक को एक संबद्ध कंपनी के रूप में फिर से वर्गीकृत किया गया था। सरकार आईडीबीआई बैंक में 45.48 प्रतिशत




हिस्सेदारी के साथ अल्पांश शेयरधारक है और वह पहले ही अपनी हिस्सेदारी बेचकर बाहर निकलने का इरादा जता चुकी है। एलआईसी के अध्यक्ष एम आर कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, हम आईडीबीआई बैंक में कुछ हिस्सेदारी रखना चाहेंगे। बैंक में हिस्सेदारी लेने का हमारा विचार रणनीतिक प्रकृति का था और यह वजह अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक बीमा खंड में आईडीबीआई बैंक सबसे मजबूत योगदानकर्ता रहा है। बैंक बीमा, एक बैंक और एक बीमा कंपनी के बीच एक व्यवस्था है, जिसके तहत बीमा कंपनी अपने उत्पादों को बैंक के शाखा नेटवर्क के माध्यम से उसके ग्राहकों और अन्य लोगों को बेचती है। उन्होंने कहा, मैं एलआईसी अध्यक्ष के रूप में चाहता हूं कि यह संबंध भविष्य में भी जारी रहे। एलआईसी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए इसी महीने विवरण पुस्तिका (रेड हेयरिंग प्रोस्पेक्टस) बाजार नियामक सेबी के पास जमा कराया है। इस बिक्री पेशकश के जरिए सरकार 63,000 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद कर रही है।

## खाद्य तेलों पर एमआरपी घटाने का अनुरोध

**लखनऊ।** मौजूदा समय में पूरी दुनिया में खाद्य तेलों की कीमतें आसमान को छू रही हैं और यह आयातित मुद्रास्फीति न केवल सभी हित धारकों को बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं की रातो की नींद हराम कर रही है। इस परिदृश्य में यह ध्यान देने योग्य है कि घरेलू सरसों की फसल काफी अच्छी तरह से आकार ले रही है, उपभोक्ताओं को कुछ राहत देने में मदद कर सकती है। भारत सरकार भी नई फसल सरसों के बाजार में आने से पहले ही कमतों को कम करने के लिए तात्कालिक उपाय करने के प्रति सक्रिय हो रही है इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण है सरकार का सीपीओ शुल्क में हाल ही की गई 2.5 प्रतिशत की कमी करना है। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी एवं कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने जानकारी दी।

## कलिंगनगर ने 12 ट्रांसजेंडर लोगों को क्रेन परिचालक प्रशिक्षु नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने सोमवार को कहा कि उसने अपने कलिंगनगर संयंत्र में एलजीबीटीक्यू समुदाय के 12 लोगों को क्रेन परिचालक प्रशिक्षु के रूप में शामिल कर अपने ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी की है। इससे पहले दिसंबर में टाटा स्टील के पश्चिम बोकारो प्रखंड ने 14 ट्रांसजेंडर लोगों को अपनी खदानों में परिचालक के रूप में नियुक्त किया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस पहल का मकसद ट्रांसजेंडर लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने में मदद करना है। टाटा स्टील की विविधता और समावेशन (डीएंडआई) पहल का उद्देश्य एक ऐसा कार्यस्थल तैयार करना है, जहां हर किसी का सम्मान किया जाए।

# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजार पूर्वी यूरोप में व्याप्त भू-राजनीतिक तनाव की वजह से सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन भी दबाव में रहे जिससे दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी बने रहने से भी घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स एशियाई बाजारों के असर में शुरुआती कारोबार में करीब 700 अंक गिर गया था, लेकिन बाद में यह कुछ हद तक सकारात्मक स्थिति में लौटता दिखा। इसके बावजूद कारोबार के अंत में सेंसेक्स 149.38 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,683.59 अंक पर बंद हुआ। इसी तर्ज पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 69.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 17,206.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल तीस में से 21 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। सन फार्मा, टीसीएस, आईटीसी, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और



टाइटन के शेयरों को 2.39 प्रतिशत तक नुकसान उठाना पड़ा। इसके उलट सेंसेक्स के शेयरों में से आईटी क्षेत्र की विप्रो और इन्फोसिस लाभ की स्थिति में रहीं। इसके अलावा पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी 1.45 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संकट को लेकर

**● इसके बावजूद कारोबार के अंत में सेंसेक्स 149.38 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,683.59 अंक पर बंद हुआ**

मुलाकात की संभावना से बाजार को थोड़ी राहत मिली। हालांकि, वैश्विक बाजारो में अनिश्चितता हावी होने से शेयरों पर दबाव देखने को मिल रहा है। नायर ने कहा, ऐसी स्थिति में निवेशकों ने कारोबार से दूरी बनाए रखी जिससे कारोबार की मात्रा पर असर पड़ा। आने वाले दिनों में फेडरल रिजर्व की प्रस्तावित बैठक और पांच विधानसभा चुनावों के नतीजे आने से उठापटक का दौर बना रह सकता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजारों में फिलहाल इंतजार करो एवं देखो का रुख हावी है और वे रूस-यूक्रेन संकट से जुड़े संकेतों पर करीबी निगाह रखे हुए हैं। खंडवार प्रदर्शन की बात करें तो बीएसई के तेल एवं गैस, धातु, बुनियादी सामान, रियल्टी और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों को 2.18 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई का स्मालकैप सूचकांक 2.20 प्रतिशथ लुढ़क गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.80 प्रतिशत और लार्जकैप सूचकांक में 0.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के बाजारों में भी नुकसान की स्थिति दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में तो एशियाई बाजारों को तगड़ा नुकसान हुआ था लेकिन बाद में रूस और अमेरिका के बीच यूक्रेन विवाद पर बातचीत की उम्मीद पैदा होने से हालात कुछ बेहतर हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड गिरावट के साथ 91.43 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार के मोर्चे पर रुपया अमेरिकी डॉलर की तुलना में 11 पैसे की मजबूती के साथ 74.55 प्रति डॉलर के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों में बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है। शेयर बाजार से मिली जानकारी के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 2,529.96 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# पेज एक का शेष

## कर्नाटक में बजरंग दल के...

सेल्वामणि ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और अपराधियों का पता लगाने की कोशिश जारी है। शहर में धारा 144 लागू की गई है। इसलिए स्कूल और कॉलेज में दो दिन की छुट्टी रहेगी। हम हालात पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुरुगन ने कहा कि हालात को काबू करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न इलाकों का दौरा कर रहे हैं। मुरुगन ने कहा कि जांच दल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इस घटना में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में भी पूरी जानकारी एकत्र कर ली है। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इससे पहले, पुलिस अधीक्षक बीएम लक्ष्मी प्रसाद ने पत्रकारों को बताया कि घटना में शामिल अपराधियों का पता लगाने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। प्रसाद ने कहा कि हमारी प्राथमिकता घटना में शामिल अपराधियों का पता लगाना और उन्हें सजा दिलवाना है। हम लोगों से सहयोग करने और कोई भावनात्मक कदम नहीं उठाने की अपील करते हैं।

## हिजाब पर कोर्ट का फैसला...

मेरा व्यक्तिगत विश्वास है कि जब तक कि अदालत कोई फैसला नहीं कर लेती, और एक बार जब कोर्ट फैसला देती है तो मुझे और सभी को इसे स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भाजपा बड़े अंतर के साथ पूर्ण बहुमत से सरकार में आ रही है तो चुनाव बाद के गठबंधन की क्या जरूरत है। हमारा चुनाव पहले ही पार्टियों से गठबंधन है, हमारी परंपरा है कि जब बहुमत में आते हैं तब सरकार एनडीए के अंतर्गत बनाते हैं। हमें किसी की जरूरत नहीं है, हम पूर्ण बहुमत से जीत रहे हैं। गृहमंत्री ने टेलीविजन चैनल के साथ एक व्यापक साक्षात्कार में जहां उन्होंने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों, भाजपा के प्रचार के तरीकों, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों और पंजाब में गठबंधन सरकार के बारे में बात की।

## अफवाहों पर ध्यान न...

इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र शिवमोगा पहुंचे और कार्यकर्ता के परिवार से मुलाकात कर आश्वासन दिया कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, श्री राम सेना के संयोजक प्रमोद मुतालिक ने पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

## केरल में माकपा कार्यकर्ता...

हालांकि, भाजपा ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि माकपा कार्यकर्ता की हत्या स्थानीय मुद्दों की वजह से हुई है और भाजपा तथा आरएसएस का इससे कोई लेना देना नहीं है। माकपा ने आरोप लगाया कि हरिदासन पर आरएसएस कार्यकर्ताओं ने बर्बर हमला किया और उस पर धारदार हथियार से कई बार वार किए और उसका एक पैर काट दिया ताकि उसकी मौत सुनिश्चित हो सके। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि पुलिस को हरिदासन की निर्मम हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह राज्य में शांतिपूर्ण माहौल को नष्ट करने के लिए एक सुनियोजित घटना थी। उन्होंने लोगों से अशांति पैदा करने की कोशिशों को शिकस्त देने की अपील की। विजयन ने लोगों से उकसावे में नहीं आने और क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सहयोग करने का भी आग्रह किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने आरोपों से इनकार किया और घटना की व्यापक जांच की मांग की। इस घटना की निंदा करते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब हो गई है और पुलिस और गृह विभाग निष्क्रिय हो गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना के सिलसिले में सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि हरिदासन के शरीर पर 20 से अधिक घाव हैं।

## लालू यादव को पांच...

बीते 15 फरवरी को दोषी ठहराए जाने के बाद लालू प्रसाद को हिरासत में ले लिया गया था। वह अब रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में भर्ती हैं। लालू यादव के अलावा पशुपालन विभाग के तत्कालीन सचिव बेक जूलियस को चार वर्ष कैद और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इससे पूर्व, चारा घोटाले के तहत डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपए के गबन के मामले में दोषी करार दिए गए लालू प्रसाद यादव समेत 38 दोषियों की सजा पर अपराह्न बहस पूरी होने के बाद विशेष सीबीआई अदालत ने फैसला दोपहर डेढ़ बजे तक के लिए सुरक्षित कर लिया था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसके शशि ने सजा पर दोपहर बारह बजे से करीब 40 मिनट तक इस मामले के पक्षकारों की दलीलें सुनीं। लालू के अधिवक्ता देवर्षि मंडल ने बताया कि सोमवार को अदालत ने नरमी बरतते हुए तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई और उन्हें सीबीआई अदालत से आज ही जमानत मिल गई। इससे पूर्व, सजा पर बहस के दौरान लालू प्रसाद के अधिवक्ता देवर्षि मंडल ने अदालत में कहा कि उनके मुवक्किल की उम्र लगभग 75 वर्ष हो चुकी है और वह 17 विभिन्न तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं जिसे ध्यान में रखते हुए, रहम दिल हो कर उन्हें सजा सुनाई जाए।

## उप्र में चौथे चरण के मतदान...

इस सीट पर उनका मुकाबला सपा के अभिषेक मिश्रा कर रहे हैं। उनके अलावा सपा ने मोहनलालगंज से पूर्व सांसद सुशीला सरोज को मलिहाबाद सीट से उतारा है। चौथे चरण के अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में रायबरेली सदर सीट से अदिति सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। हरचंदपुर सीट पर सपा ने भाजपा के बागी राकेश सिंह को उतारा है। सपा से भाजपा में आये विधान सभा के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल हरदोई सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में 624 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 2 करोड़ 12 लाख 90 हजार 564 मतदाता हैं। इनमें 1 करोड़ 14 लाख 3 हजार 306 पुरुष और 98 लाख 86 हजार 286 महिला एवं 972 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 13 हजार 813 मतदान केन्द्रों के 24 हजार 581 मतदेय स्थलों पर मतदान कराने की तैयारियां चुनाव आयोग ने पूरी कर ली हैं। मंगलवार शाम तक पोलिंग टीम मतदान केन्द्रों पर पहुंच जाएंगी।

## दिव्यांग किशोरी की...

पुलिस ने रविवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि 12 फरवरी को सुनील ने शराब पीने की योजना बनाई। दुकान में शराब पीने के बाद उन्होंने किशोरी को बुलाया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर किशोरी के कपड़े से उसका गला घोटकर हत्या कर दी और शव को उपलों के नीचे छिपाकर फरार हो गये।

## कोविड के जोखिम को कम...

लेकिन ऐसा इसलिए है, क्योंकि उनके शरीर में पहले से ही आवश्यक पोषक तत्वों की कमी है - इसलिए नहीं कि विटामिन डी या विटामिन सी वायरस के खिलाफ प्रभावी हैं। बेरन ने कहा कि हम जो कह रहे हैं वह यह है कि यदि आपको चिकित्सकीय रूप से इन सप्लीमेंट्स की आवश्यकता नहीं है, तो यह न समझें कि वे कोविड के खिलाफ सुरक्षात्मक हैं। वे आपको कोविड से सुरक्षा और मरने से सुरक्षा प्रदान नहीं करेंगे।

## 12 से 18 वर्ष के किशोरों...

स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल में कहा था कि टीकाकरण की अतिरिक्त जरूरत और टीकाकरण के लिए आबादी को शामिल करने पर लगातार विचार किया जा रहा है। भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति ने 14 फरवरी को 12 से 18 साल के किशोरों के लिए कुछ शर्तों के साथ बायोलॉजिकल ई के कोविड-19 टीके कोर्बेवैक्स को आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी देने की अनुशंसा की थी। इसके बाद डीसीजीआई ने यह मंजूरी दी है। डीसीजीआई, कोर्बेवैक्स को वयस्कों के लिए सीमित आधार पर आपात इस्तेमाल के वास्ते अपनी मंजूरी 28 दिसंबर को ही दे चुका है। यह भारत में ही कोविड-19 के खिलाफ विकसित आरबीडी आधारित टीका है। हालांकि, इस टीके को देश के टीकाकरण अभियान में शामिल नहीं किया गया है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, डीसीजीआई ने सोमवार को कुछ शर्तों के तहत 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए कोर्बेवैक्स को सीमित ईयूए प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि नौ फरवरी को डीसीजीआई को भेजे गए आवेदन में बायोलॉजिकल ई लिमिटेड के गुणवत्ता एवं नियमन मामलों के प्रमुख श्रीनिवास कोसाराजू ने कहा था कि कंपनी को कोर्बेवैक्स का पांच से 18 साल की आयु वर्ग पर दूसरे-तीसरे चरण के चिकित्सकीय परीक्षण की अनुमति पिछले साल सितंबर में मिली थी। कोर्बेवैक्स टीका मांसपेशियों के जरिए शरीर में पहुंचाया जाएगा और 28 दिनों के भीतर दो खुराक लेनी होगी। इस टीके का भंडारण दो से आठ डिग्री सेल्सियस पर किया जाता है।

# दिल्ली मेट्रो डीएएमईपीएल के लिए दो दिन में एस्क्रो खाते में 600 करोड़ रुपए डालेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि वह दो दिन के भीतर 600 करोड़ रुपए दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लि. (डीएएमईपीएल) से संबंधित एस्क्रो खाते (खास उद्देश्य के लिए बनाया गया खाता) में डाल देगी। डीएएमईपीएल ने मध्यस्थता अधिकरण की तरफ से उसके पक्ष में दिए गए 4,600 करोड़ रुपए के आदेश को लागू करवाने को लेकर डीएमआरसी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की है। न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने डीएमआरसी के वकील के बयान को रिकार्ड में लिया और इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। दिल्ली मेट्रो की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पराग त्रिपाठी ने शुरू में अदालत के समक्ष कहा कि डीएमआरसी 72 घंटे में 600 करोड़ रुपए देगी। उन्होंने अदालत से मध्यस्थता निर्णय के तहत राशि लौटाने को लेकर कर्ज के लिए बैंकों से संपर्क हेतु कुछ समय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों से मिली राशि मेट्रो परियोजनाएं पूरी करने के लिए है और डीएमआरसी मध्यस्थता निर्णय के तहत पैसे के भुगतान को लेकर उस रकम का उपयोग नहीं कर सकती। हालांकि अदालत ने डीएमआरसी से दो दिनों के भीतर 600 करोड़ जमा करने को कहा। इस पर वकील ने सहमति जताई। इस बीच, कुछ बैंकों की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि उनके बैंकों ने परियोजना के लिए कर्ज दिया था और उन्हें पैसे चाहिए।



# पुतिन के साथ बैठक कर सकते हैं बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला नहीं करे तो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ सैद्धांतिक रूप से बैठक करने को तैयार हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मध्यस्थता से यह स्थिति बनी है।

अमेरिका ने लगातार आगाह किया है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है और साथ ही रूस के ऐसा करने पर उस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है। उधर, रूस ने यूक्रेन पर हमला करने के अमेरिकी दावों को खारिज किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, राष्ट्रपति ने लगातार यह स्पष्ट किया है कि हम हमला शुरू होने के क्षण तक कूटनीतिक समाधान तलाश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साकी ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूस के

### ● यूक्रेन पर हमला ना करे रूस तो ले सकते हैं फैसला : अमेरिका

विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी इस सप्ताह यूरोप में मुलाकात कर सकते हैं, बशर्ते रूस सैन्य कार्वाई की तरफ नहीं बढ़े। साकी ने एक बयान में कहा, अगर बैठक के बाद हमला नहीं हो तो राष्ट्रपति बाइडन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सैद्धांतिक रूप से बैठक करने को तैयार हैं,। हम कूटनीतिक रास्ते पर चलने को हमेशा तैयार हैं। साकी ने कहा कि बाइडन ने मैक्रों से रविवार को बात की थी और दोनों नेताओं ने यूक्रेन की सीमाओं पर रूस के सैनिकों की तैनाती के जवाब में कूटनीतिक और प्रतिरोधात्मक प्रयासों पर चर्चा की। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों के कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने बाइडन और पुतिन के साथ वार्ता की और एक बैठक का प्रस्ताव रखा जोकि दोनों नेताओं के बीच होगी। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन और राष्ट्रपति पुतिन ने सैद्धांतिक बैठक पर सहमति जताई है। साथ ही कहा गया कि बैठक का सार ब्लिंकन और लावरोव की 24 फरवरी को प्रस्तावित बैठक में तैयार किया जाएगा। बयान में जोर दिया गया कि यह बैठक इसी शर्त पर हो सकती है कि रूस यूक्रेन पर हमला नहीं करे। रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक की संभावना से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सोमवार को कहा कि पुतिन और बाइडन के बीच किसी भी समय फोन पर बातचीत या बैठक को लेकर निर्णय लिया जा सकता है लेकिन इस समय इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, अगर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों को उपयुक्त लगता है तो बैठक संभव है।

### अलगाववादी क्षेत्रों को लेकर पुतिन ने बुलाई बैठक

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन मे रूस समर्थित क्षेत्रो की स्वतंत्रता को मान्यता देने पर विचार-विमर्श करने के लिए सोमवार को शीर्ष अधिकारियो की बैठक बुलाई। राष्ट्रपति की सुरक्षा परिषद की बैठक ऐसे समय पर बुलाई गई है, जब पश्चिमी देशों को इस बात का डर है कि रूस किसी भी समय यूक्रेन पर हमला कर सकता है और वह पूर्वी यूक्रेन मे झड़पो को, हमले करने के लिए बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। इससे पहले, यूक्रेन के अलगाववादी नेताओं ने टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान के जरिए रूस के राष्ट्रपति से अनुरोध किया था कि वे अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता दें और मित्रता संधियों पर हस्ताक्षर करके उनके खिलाफ जारी यूक्रेनी सेना के आक्रमणो से उनकी रक्षा करने के लिए सैन्य सहायता भेजें। रूस के निचले सदन ने भी पिछले सप्ताह इसी प्रकार की अपील की थी। यूक्रेनी प्राधिकारियो ने कोई भी आक्रमण करने से इनकार किया है और रूस पर उकसाने का आरोप लगाया है। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला नही करे तो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपने रूसी समकक्ष पुतिन के साथ सैद्धांतिक रूप से बैठक करने को तैयार हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों की मध्यस्थता से यह स्थिति बनी है। अमेरिका ने लगातार आगाह किया है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है और साथ ही रूस के ऐसा करने पर उस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है। रूस ने यूक्रेन पर हमला करने की योजना के अमेरिकी दावो को खारिज किया है। गौरतलब है कि रूस ने रविवार को यूक्रेन की उत्तरी सीमाओ के पास सैन्य अभ्यास बढ़ा दिया था।



यूक्रेन के सीमा रक्षक रूस समर्थित अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र से पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी बलों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र तक एक चौकी पर खड़े हुए है

### रोहिंग्या नरसंहार मामले में संयुक्त राष्ट्र की अदालत में सुनवाई होगी

**हेग।** म्यांमा के छद्म नागरिक प्रशासन ने रोहिंग्या नरसंहार मामले में संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में होने वाली सुनवाई के दौरान सैन्य शासन जुंटा के प्रतिनिधियों को देश का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति नही देने का सोमवार को आह्वान किया। रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक के खिलाफ म्यांमा सेना द्वारा 2017 मे की गई कार्वाई के संबंध मे चार दिनो की सुनवाई सोमवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में शुरू होगी। हालांकि, इस बात पर विवाद है कि अदालत में देश का प्रतिनिधित्व किसे करना चाहिए। म्यांमा की राष्ट्रीय एकता सरकार के सदस्यो ने अदालत से सैन्य शासको के प्रतिनिधियो को सरकार का पक्ष रखने की अनुमति नही देने का आग्रह किया।

### वैज्ञानिकों ने इंग्लैंड में कोविड पाबंदियां हटने की संभावना के बीच चेतावनी दी

**लंदन।** ब्रिटेन मे किसी व्यक्ति के कोरेना वायरस से संक्रमित हो जाने पर स्वयं को पृथकवास मे रखने की अनिवार्यता खत्म करने का प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की ओर संकेत दिए जाने के बाद वैज्ञानिकों ने सोमवार को इस वायरस की निगरानी की देश की क्षमता को कमजोर करने के विरूद्ध चेतावनी दी। जॉनसन फ्लू जैसी अन्य संक्रमक बीमारियों की तरह कोविड को भी हल्के में लेने तथा कोविड के साथ जीने की सरकार की योजना की संसद मे आज ही विस्तार से घोषणा करने वाले हैं। जांच में कोरेना वायरस से संक्रमित पाए जाने पर कम से कम पांच दिनो के लिए खुद को पृथक कर लेने की कानूनी जरूरत हटने की संभावना है तथा इस वायरस को लेकर अब बड़े पैमाने पर परीक्षण भी नही होगा।

### कुवैत की सख्ती के बीच महिला अधिकारों को लेकर बहस छिड़ी

**कुवैत सिटी।** योग को लेकर कुवैत में महिलाओ पर लगाई गई पाबंदियों और सख्ती के बीच खाड़ी देश में महिला अधिकारो को लेकर नए सिरे से बहस छिड़ गई है। इस पूरे मामले की शुरूआत एक योग प्रशिक्षक द्वारा महिलाओ के लिए रेगिस्तान मे एक वेलनेस योग रीट्रीट के आयोजन का विज्ञापन दिए जाने से हुई। कट्टरपंथियों ने इसे इस्लाम पर हमला बताया और जनप्रतिनिधियों तथा धर्मगुरुओं ने इससे खतरा पैदा होने की आशंका जताई। इसबीच, कुवैत के प्रशासन ने दबाव में आकर महिलाओं के इस कार्यक्रम को रूकवा दिया। शेखों के शासन मे महिलाओं के व्यवहार को लेकर अरसे से जारी सांस्कृतिक लड़ाई मे यह ताजा घटनाक्रम है।

### आईएसआई के पूर्व प्रमुख का क्रेडिट सुइस लीक में आया नाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी के पूर्व प्रमुख एवं अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के आक्रमण के खिलाफ मुजाहिदीन नेटवर्क के रचनाकार रहे जनरल अख्तर अबुर रहमान खान का नाम भी स्विस बैंक गोपनीय डाटा लीक मामले मे हजारो जानी मानी हस्तियों के साथ सामने आया है। खान, पूर्व तानाशाह जनरल जिया उल हक के करीबी सहयोगी थे। दोनो की 1988 मे एक विमान दुर्घटना मे रहस्यमय परिस्थितियो मे मौत हो गई थी। खान का नाम स्विस लीक्स में आया है, जिसे जर्मन समाचार पत्र सुद्देशे ज़ितुंग को एक व्हिसल ब्लोअर ने मुहैया कराया था, जिसने मादक पदार्थ की तस्करी, धन शोधन और भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात ग्राहको के गुप्त धन का खुलासा करने का दावा किया है। न्यूयार्क टाइम्स मे कहा गया है, आईएसआई का प्रमुख रहने के दौरान खान ने अमेरिका एवं अन्य देशो से मिली अरबों डॉलर नकदी और अन्य सहायता अफगानिस्तान में मुजाहिदीन को उपलब्ध कराने मे मदद की।

## चीन ने ऑस्ट्रेलियाई निगरानी विमान पर चीनी युद्धपोत के लेजर दागे जाने से किया इनकार

भाषा। बीजिंग

**चीन ने** ऑस्ट्रेलिया के इस आरोप को सोमवार को खारिज कर दिया कि एक चीनी युद्धपोत ने एक ऑस्ट्रेलियाई निगरानी विमान पर लेजर दागी थी। चीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का यह आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने सोमवार को कहा कि उन्होंने चीन सरकार से कथित रूप से पीपल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (प्लान) के युद्धपोत द्वारा पिछले सप्ताह किए गए खतरनाक और लापरवाही भरे कदम का जवाब मांगा है।

मॉरिसन ने कहा, यह खतरनाक था, यह गैर पेशेवर था और ऐसा करना एक पेशेवर नौसेना को लिए लापरवाही भरा कदम था और हम जवाब चाहते हैं कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। मॉरिसन ने इस मामले की पूर्ण जांच कराए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि चीनी प्राधिकारियों ने अभी तक उनके सवालों का जवाब नहीं दिया है।

### ताइवान सौदे को लेकर रेथियॉन, लॉकहीड पर नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे : चीन

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को कहा कि वह ताइवान को हथियारों की बिक्री के कारण अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियॉन टेक्नोलॉजीज और लॉकहीड मार्टिन पर नए प्रतिबंध लगाएगा। चीन के इस कदम से सुरक्षा एवं बीजिंग की सामरिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर अमेरिका के साथ विवाद बढ़ सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में इस कदम की घोषणा की, जिसमें 2021 में प्रभावी हुए एक नए पारित विदेशी-विरोधी प्रतिबंध कानून का हवाला दिया गया।वांग ने कहा, चीन एक बार फिर अमेरिकी सरकार और संबंधित पक्षों से... ताइवान को हथियारों की बिक्री बंद करने और ताइवान के साथ सैन्य संबंध समाप्त करने का आग्रह करता है। उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा, चीन स्थिति के अनुसार अपनी संप्रभुता और सुरक्षा हितों की मजबूती से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना जारी रखेगा। ताइवान लोकतांत्रिक रूप से स्वशासित द्वीप है, जिसे कम्युनिस्ट शासित चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। वर्ष 1949 में गृहयुद्ध के बीच दोनों पक्ष अलग हो गए थे।

### ● ऑस्ट्रेलिया का यह आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं है

इस मामले में सवाल किए जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने प्रासंगिक विभागों से पुष्टि करने के बाद पाया कि ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा जारी की गई सूचना तथ्यों पर आधारित नहीं है।

चीनी पोत समुद्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप काम करते हैं। हम ऑस्ट्रेलियाई पक्ष से अपील करते हैं कि वह संबंधित जलक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार चीनी पोत के वैध अधिकारों का सम्मान करे और चीन के बारे में दुर्भावनापूर्ण रूप से गलत सूचना फैलाना बंद करे।

### यूक्रेन-रूस सकट पर टिकी सभी की निगाहें, बाल्कन में अपना दूत भेजेंगे पुतिन

**बेलग्रेड।** यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बढ़ते खतरे के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बाल्कन क्षेत्र में अपने शीर्ष सुरक्षा दूत को भेज रहे हैं, जहां मॉस्को मुख्य रूप से अपने सहयोगी सर्बिया के जरिए अपना प्रभाव बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। सर्बिया की सरकार समर्थक मीडिया ने सोमवार को बताया कि क्रेमलिन की सुरक्षा परिषद के प्रभावशाली सचिव निकोलाई पत्रुशेव सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के साथ वार्ता के लिए आगामी कुछ दिन में बेलग्रेड पहुंचेंगे। मॉस्को ने पत्रुशेव की यात्रा के बारे में फिलहाल कोई घोषणा नहीं की है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस वार्ता में मॉस्को के इन दावों पर चर्चा की जाएगी कि रूसी हमले की आशंका के बीच रूस समर्थक विद्रोहियों के खिलाफ यूक्रेनी पक्ष की ओर से लड़ने के लिए अल्बानिया, कोसोवो और बोस्निया से भाड़े के सैनिकों को भेजा जा रहा है।

### पाकिस्तान और जर्मन के विदेश मंत्रियों ने अफगानिस्तान, यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को अफगानिस्तान और यूक्रेन संकट पर जर्मनी की समकक्ष अन्नालेना बेयरबॉक के साथ विचार-विमर्श किया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने बताया कि कुरैशी को जर्मनी की विदेश मंत्री बेयरबॉक का टेलीफोन कॉल आया और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बेयरबॉक को हाल ही में पद संभालने के लिए बधाई दी। उन्होंने जर्मनी की विदेश मंत्री को जल्द से जल्द पाकिस्तान आने का न्योता दिया। विदेश कार्यालय के अनुसार, कुरैशी ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता को मजबूत करने के अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों को समर्थन देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अफगानिस्तान से निकासी अभियानों में पाकिस्तान की भूमिका पर भी प्रकाश डाला और कहा कि पाकिस्तान ने अब तक 90,000 से अधिक लोगों को वहां से निकालने में मदद की। बेयरबॉक ने पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की और इस संबंध में उसके निरंतर समर्थन की आशा की।

### यूरोपीय संघ बोस्निया को टूट से बचाने के उपायों पर कर रहा है चर्चा

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों ने बोस्निया में तनाव कम करने और जातीय रूप से विभाजित इस बाल्कन देश को संभावित टूट से बचाने के तौर तरीकों पर सोमवार को चर्चा की। दरअसल बोस्निया में पच्चीस साल पहले हुए शांति समझौते के बिखर जाने का खतरा बना हुआ है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोर्ल ने यहां 27 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करने से पहले कहा, बोस्निया एवं हर्जेगोविना में राष्ट्रवादी एवं अलगाववादी सुर तेज हो रहे हैं और देश के स्थायित्व एवं यहां तक की अखंडता को खतरे में डाल रहे हैं। मंत्रियों को इस बात का निर्णय लेना है कि बोस्निया एवं हर्जेगोविना में कैसे इन सब चीजों को रोका जाए एवं देश को टुकड़ों में विभाजित होने से बचाया जाए। यह गंभीर स्थिति है।

## ईरान में एफ-5 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत



भाषा। तेहरान

**ईरान के उत्तर**-पश्चिमी शहर तबरेज में एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद फुटबॉल स्टेडियम में जा गिरा, जिसके कारण तीन लोगों की मौत हो गई। देश की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि मृतकों में दो पायलट और एक आम नागरिक शामिल है। आईआरएनए ने कहा कि एफ-5 लड़ाकू विमान दुर्घटना के बाद 16 लाख की आबादी वाले शहर के रिहायशी इलाके में स्थित एक फुटबॉल स्टेडियम में गिरा। सरकार ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। तबरेज में हवाई अड्डे के कमांडर जनरल रजा यूसुफी ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का इस्तेमाल प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा था और इसकी अंतिम उड़ान में तकनीकी समस्या आ गई। उन्होंने कहा कि पायलट रनवे तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि विमान को आवासीय क्षेत्र में गिरने से बचाने के प्रयास में पायलट उसे फुटबाल स्टेडियम की ओर ले गए। सरकारी टीवी के संवाददाता ने बताया कि स्टेडियम के बड़ा नहीं होने के कारण विमान आगे बढ़कर एक स्कूल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक रिपोर्ट में यूसुफी के हवाले से कहा गया कि, पायलट ने खुद को बलिदान कर दिया, वे सुरक्षित निकलने के लिए उपलब्ध तंत्र का इस्तेमाल कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। यूसुफी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि पायलट लोगों को सुरक्षित रखने के लिए विमान को स्टेडियम में ले गए।

## जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की

भाषा। पेरिस



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने रविवार को फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-यवेस ले द्रायां के साथ द्विपक्षीय सहयोग, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, अफगानिस्तान में स्थिति, ईरानी परमाणु समझौता और यूक्रेन संकट सहित क्षेत्रीय एवं वैश्विक महत्व के कई मुद्दों पर सार्थक बातचीत की। जयशंकर, जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के बाद रविवार को तीन दिवसीय दौरे पर फ्रांस पहुंचे। जयशंकर और फ्रांस के विदेश मंत्री द्रायां ने बहुपक्षवाद के सिद्धांतों और नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई और आपसी सरोकार के मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समन्वय के लिए सहमत जताई। जयशंकर ने ट्वीट किया, पेरिस पहुंच गया हूं। विदेश मंत्री ज्यां-यवेस ले द्रायां के साथ व्यापक एवं सार्थक बातचीत की। द्विपक्षीय सहयोग, हिंद-प्रशांत, यूक्रेन तथा जेसीपीओए (संयुक्त व्यापक कार्य योजना) पर बातचीत ने हमारे गहरे विश्वास और वैश्विक साझेदारी को प्रदर्शित किया। हिंद-प्रशांत पर यूरोपीय संघ मंत्रिस्तरीय मंच पर भागीदारी को लेकर उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत और फ्रांस के बीच निकट सहयोग की सराहना की। साथ ही दोनों देशों, विशेष रूप से व्यापार एवं निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुसंधान तथा नवाचार, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए सहमत हुए। बयान में कहा गया है, इस प्रयास के तहत दोनों पक्षों ने समुद्री अर्थव्यवस्था और महासागर प्रशासन पर भारत-फ्रांस रोडमैप को अंगीकार किया, जिसका उद्देश्य संस्थागत, आर्थिक, ढांचागत और वैज्ञानिक सहयोग के जरिए समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) के क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए दोनों मंत्री खेल जैसे क्षेत्रों में सहयोग जारी रखने और उसे बढ़ाने पर सहमत हुए और इस संबंध में एक अहम समझौता करने पर भी राजी हुए। जयशंकर ने 22 फरवरी 2022 को हिंद प्रशांत पर सहयोग के लिए ईयू मंत्रिस्तरीय मंच के आयोजन जैसी पहल के लिए फ्रांस की सराहना की। वह फ्रांस की अध्यक्षता में भारत-यूरोपीय संघ के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने और भारत-ईयू मुक्त व्यापार एवं निवेश समझौतों पर बातचीत शुरू करने तथा भारत-ईयू संपर्क साझेदारी को शुरू करने की आवश्यकता पर भी सहमत हुए। जयशंकर और फ्रांस के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के हालात तथा यूक्रेन संकट पर भी चर्चा की। उन्होंने बहुपक्षीय तथा नियम आधारित व्यवस्था के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और समान चिंता वाले मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सहयोग करने की बात पर भी जोर दिया। दोनों नेता खेल के क्षेत्र में अपने सहयोग को जारी रखने और बढ़ाने के लिए भी सहमत हुए, जिसका उद्देश्य लोगों से लोगों के बीच संपर्क को और आसान बनाना है। भारत और फ्रांस पर्यावरण तथा तटीय एवं समुद्री जैव विविधता का सम्मान करते हुए समुद्री अर्थव्यवस्था को अपने-अपने समाज की प्रगति का वाहक बनाना चाहते हैं।

### श्रीलंकाई तमिल नेताओं ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कोलंबो।** श्रीलंका के तमिल नेशनल एलायंस ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को पत्र लिखकर लंबित तमिल मुद्दे के स्थाई राजनीतिक समाधान और विवादित 13वां संशोधन लागू करने के लिए भारत से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Indra Chand** Mali who is purchasing of Third Floor (with roof rights) (Left Side), area admeasuring 50 Sq. Yds., built on Property No.4082, Gali No.236, with old No.2967/236, area admeasuring 100 Sq. Yds., out of KhasraNo.169, situated in the area of Village Chowkri Mubarkabad Delhi, abadi known as Ram Nagar,Tri Nagar, Delhi, from **Mr. Pooran Chand** who is attorney holder of Mr. Anand Saroop vide Regd. GPA, Regd. SPA, notarized Agreement to sell & Regd. WILL dated 05.09.1997, who was jointly owned the property along with Mrs. Saroopi Devi by virtue of Sale Deed dated 07.02.1963 (vide Document No.1410). The borrower(s)intend tomortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within **7 days** at below address.

Lucem Legal LLP
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sukhbir Singh** who is purchasing of Property of land area admeasuring 150 Sq.Yds., out of Khasra No.173/4, situated at Ghonda Gujran Banger, in the abadi of Subhash Mohalla, Illaqa Shahdara, New Delhi from Mr. Pramod Kumar Gupta S/o Mr. Hari Kishan Gupta who is attorney holder of Mr. Pramod Kumar Gupta S/o Mr. Hukum Chand Gupta vide Regd. GPA, notarized ATS & WILL dated 12.05.1995. The borrower(s) intend tomortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the Sale Deed dated 08.01.1971 (vide Doc. No.121), GPA, ATS & WILL executed by Mr. Mahesh Chand Gupta in favour of Mr. Subhash Chand and also WILL executed by Mr. Subhash Chand in favour of Ms. Meenaxi Manchanda, WILL executed by Ms. Meenaxi Manchanda in favour of Mr. Pramod Kumar Gupta &Will executed by Mr. Pramod Kumar Gupta in favour of Mr. Pramod Kumar Gupta are/is Lost/Misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned.

Lucem Legal LLP
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल **राम चंदर पुत्र नाथू राम** और उनकी पत्नी **विमला पति राम चंदर** निवासी **एफ-2/23,डीडीए फ्लैट्स,ब्लॉक एफ-2,रोहिणी,दिल्ली-85** ने अपने पुत्र देश राज को उसके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपति से वंचित कर दिया है। मेरे मुवक्किलों ने भी उसके साथ अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। अगर कोई उसके साथ किसी भी तरह का व्यवहार करता है,तो वे अपने जोखिम पर ऐसा करते हैं। मेरे मुवक्किल किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Ramesh Chander Anand (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is Being informed that a Civil Suit Bearing No. 1179/2021 titled as Kartar Singh Vs. Fazlu Rehman Pending in the Court of Ms. Chitranshi Arora CJ-02, SE/Saket Court Delhi and Stay Order Has Been Granted By the Hon'ble Court in favour of my client Sh. Kartar Singh Vide Order Dated 20.11.2021".

Dinesh Kumar
(Advocate)
Regd. No. D-1625/2001
Ph. : 9871647659

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, NEETA GUPTA W/O SHRI SANDEEP KUMAR R/O 73-C,MIG Masjid Moth, New Delhi, Owner/GPA/purchaser of DDA MIG Flat No. 73-C, Second Floor, Masjid Moth,New Delhi, vide file no. M062 (28) 80/ HBMI,** have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide application No./Request Id 245395 in DDA.The all original documents i.e. Possession Letter and Possession Slip of the above said flat have been lost. An F.I.R./NCR No.430/2014, LR No. 851686/2021 dated 22/10/2021 to this effect has been lodged in Crime Branch, Delhi. Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contract with above named person at above Address/Phone No. 9971914010 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director Housing or Director (H), Vikas Sadan, New Delhi

## प्राइवेट स्कूल में पढ़ने से आपके बच्चे के शैक्षिक स्तर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा

भाषा। आर्मिडेल (ऑस्ट्रेलिया)

**ऑस्ट्रेलिया** में, प्राथमिक विद्यालय के लगभग 30 और माध्यमिक विद्यालय के 40 बच्चे निजी, अथवा स्वतंत्र, स्कूलों में पढ़ते हैं। निजी स्कूल के प्रकार और उन्हें संचालित करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के आधार पर स्कूल की फीस व्यापक रूप से भिन्न होती है। कैथोलिक स्कूलों में पढ़ाना आम तौर पर स्वतंत्र स्कूलों की तुलना में कम खर्चीला होता है, जहां एक परिवार को प्रति वर्ष 40,000 डॉलर से अधिक का भुगतान फीस के रूप में करना पड़ सकता है। कहने को स्वतंत्र



स्कूल होने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया के सभी स्कूलों को सरकारी धन प्राप्त होता है। औसतन, कैथोलिक स्कूलों को लगभग 75 और स्वतंत्र स्कूलों को उनके वित्त पोषण का लगभग 45 राज्य और संघीय सरकारों से प्राप्त होता है। शोध से पता चलता है कि

### ● शोध से खुलासा

माता-पिता मानते हैं कि निजी स्कूल उनके बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा प्रदान करेंगे, और उन्हें जीवन में सफलता के लिए बेहतर तरीके से स्थापित करेंगे। लेकिन यह धारणा सही है या नहीं, इस पर सबूत निर्णायक नहीं है। अकादमिक स्कोर के बारे में शोध क्या कहता है? हमारे हाल के अध्ययन से पता चला है कि सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि के हिसाब से, एनएपीएलएएन के निजी स्कूलों में भाग लेने वाले बच्चे पब्लिक स्कूलों के बच्चों से अलग नहीं थे। ये निष्कर्ष ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए अन्य शोधों के अनुरूप हैं, जो दर्शाता है कि पारिवारिक पृष्ठभूमि एक निजी स्कूल में पढ़ने की संभावना और शैक्षणिक उपलब्धि दोनों से संबंधित है। जबकि निजी स्कूलों में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि में अंतर प्रतीत हो सकता है, लेकिन बच्चे की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखने के बाद ए गायब हो जाते हैं। 68 शिक्षा प्रणालियों का विश्लेषण (इनमें मुख्य रूप से देशों को शामिल किया गया है, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र भी इसमें शामिल हैं।

### इजराइल ने नौसैन्य वायु रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

**यरूशलम।** इजराइल ने सोमवार को कहा कि उसने एक नई नौसैन्य वायु रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। सी-डोम प्रणाली आयरन डोम का एक नौसैनिक संस्करण है, जिसका उपयोग पिछले एक दशक से गाजा पट्टी से दागे गए रॉकेटों को गिराने के लिए किया जाता रहा है। सी-डोम को इजराइल की नवीनतम पीढ़ी के कार्वेट युद्धपोतों में लगाया जा रहा है, जो भूमध्य सागर में इजराइल की तटरेखा और अपतटीय प्राकृतिक गैस संपत्तियों की रक्षा करता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को किए गए परीक्षण के जरिए रॉकेट, क्रूज मिसाइल और ड्रोन सहित कई खतरों को परखा गया।

**KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 09 (Nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THAT piece and parcel of commercial property admeasuring about 742 Sq. ft. carpet area (approx.) on the ground floor and 650 Sq. ft. carpet area (approx.) on the first floor & in total admeasuring about 1392 Sq. ft. carpet area (approx.) of the building Aleem Building lying and situate near Masoodabad Chauraha, Aligarh-202001-Uttar Pradesh. | MR. NAKUL WADHERA, son of Mr. Suresh Kumar Wadhera, residing at Durgawani, 2nd Lane, Maris Road, Aligarh-202001-Uttar Pradesh |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

## टॉकटाइम

### शिवम गुप्ता

कास्टिंग डायरेक्टर **शिवम गुप्ता** ने, जिन्होंने डैडी, ट्रैप्ड जैसी फिल्मों के साथ अपनी यात्रा शुरू की और करीब करीब सिंगल, रेड, बत्ती गुल मीटर चालू और सेक्रेड गेम्स सीजन -2 जैसी फिल्मों के साथ सहयोगी कास्टिंग डायरेक्टर बने, **सुप्रिया रमेश** के साथ अपने अनुभव तथा अन्य बातों के अलावा मिलने वाली प्रतिक्रियाओं के बारे में बात की

# कास्ट है सबसे अहम फैक्टर



**■ इन वर्षों में कास्टिंग प्रक्रिया कैसे विकसित हुई है?**

ऐसी प्रतिभा तलाशना जो भूमिकाओं के लिए उपयुक्त हो और जो भूमिका के साथ न्याय कर सके, फिल्म निर्माण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है और अभिनय के अवसर खुलने से, कास्टिंग फिल्म निर्माण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रही है। यादगार अनुभव के लिए एक संपूर्ण दृश्य ब्रह्मांड रचना एक कठिन काम है और हमें लगातार आगे बढ़ते रहना होगा। इसलिए पसंदीदा को कास्ट करना संभव नहीं है यदि वे लिखे गए पात्रों में फिट नहीं होते हैं। व्यक्तिगत कलाकार या संपूर्ण कलाकारों की टुकड़ी आज दर्शकों के लिए सामग्री को एक साथ रखती है। यह भरोसेमंद, विश्वसनीय और निश्चित रूप से सक्षम होना चाहिए। जैसा कि बाहरी लोग या वे लोग जो आम तौर पर घर पर सामग्री देखते हैं, उन्हें विश्वास दिलाने में कास्ट सबसे महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए कास्टिंग सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। जब अच्छी सामग्री का उपभोग और उसकी सराहना की जाती है, तो यह स्वाभाविक है कि कास्टिंग अपने आप पहचानी जाती है।

**■ ये काली काली आंखें के लिए आपको किस तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं?**

मैं सिद्धार्थ सर का बहुत कृतज्ञ और आभारी हूं जिन्होंने मुझे 2019 में यह शो दिया। उन्होंने मेरी क्षमताओं पर इतना भरोसा और विश्वास दिखाया। हमने प्रोजेक्ट को लेकर काफी चर्चा की और अंत में वह कलाकारों से खुश हुए। साथ ही, हम सीजन 2 की कास्टिंग शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं। प्रतिक्रियाएं बहुत जबरदस्त हैं और मैं कास्टिंग के लिए मिल रही प्रशंसा व अभिनेताओं के प्रदर्शन के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे दुनिया भर के लोगों से सुखद संदेश मिल रहे थे, जो मुझे जानते हैं।

> मैं इस बात पर ज्यादा जोर नहीं दे सकता कि कैसे हमारे देश के हर हिस्से में बेहतरीन अभिनय प्रतिभा है। आम तौर पर लोग हर संभव स्थिति के प्रति अधिक जागरूक व अधिक संवेदनशील हो गए हैं, और अभिनेता खासकर, जब से वे हर चीज के बारे में अधिक दृढ़ता से महसूस करते हैं और महसूस करते हैं। इसलिए, लक्ष्य सही समय पर सही कहानी के लिए सही अभिनेताओं तक पहुंचना है, और यह काम सबसे आसान है।

**■ सामग्री के साथ राजा होने से, हाल के वर्षों में कास्टिंग प्रक्रिया कितनी चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण हो गई है?**

कास्ट चयन प्रक्रिया ऐसी है कि निर्माता कलाकारों को काम पर रखते हैं और फिर हम बैठकर प्रोजेक्ट पर चर्चा करते हैं। वे कहानी व अपनी दृष्टि तथा उन बारीकियों को बताते हैं जिनकी उन्हें अपने इच्छित पात्रों में आवश्यकता होती है। ब्रीफिंग सुनने के बाद हम अपनी टीम के साथ बैठते हैं और पात्रों के लिए उपयुक्त अभिनेताओं की खोज करते हैं। हम अभिनेताओं से अपना परिचय और विवरण भेजने के लिए कहते हैं, फिर हम जांचते हैं कि क्या उनके और चरित्र सारांश के बीच कोई मेल है और फिर हम उनकी परीक्षा लेते हैं। यह प्रक्रिया समूचे भारत में किसी विशेष भूमिका हेतु उचित अभिनेता खोजने के लिए चलती है जिसे हम बड़े पर्दे पर पेश करने के लिए निर्देशक की दृष्टि के साथ बैठाने की कोशिश करते हैं।

**■ हमें असुर सीजन 2 के बारे में कुछ बताएं।**

असुर सीजन 2, सीजन 1 की तुलना में बहुत अधिक बड़ा और रोमांचक होने वाला है। कास्टिंग के मामले में यह बहुत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मैं अच्छे अभिनेताओं का एक समूह बनाना चाहता था, साथ ही नए कलाकारों को भी कास्ट करना चाहता था। इसके अलावा, हम ऑडिशन ऑनलाइन कर रहे हैं जो हमारे लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है लेकिन हमने इस माध्यम को खंगाला भी है। जाहिर है, स्टूडियो में आमने सामने टेस्ट लेना अलग बात है। कई पूर्व अभिनेता भी हैं। शो खत्म होने वाला है और मैं वास्तव में इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

**■ क्या मल्टी-स्टारर के लिए कास्टिंग सामान्य रूप से इन वर्षों में चुनौतीपूर्ण हो गई है, यह देखते हुए कि अब स्क्रिप्ट चरित्र-चालित हैं और महज नायक या नायिका से अधिक बढ़कर हैं?**

डिजिटलीकरण की प्रक्रिया और अभिनेताओं की तुलना में कहानी को अधिक महत्व देने से भी कास्टिंग निर्देशकों को कुछ रूढ़ियों से परे हटने में मदद मिली। सबसे आम आरोप लगता है पक्षपात और भाई-भतीजावाद का। लेकिन सच कहूं तो जिस तरह की कहानियां सामने आ रही हैं, वह अब संभव भी नहीं है। इसलिए चीजें बेहतर और आसान हो गई हैं क्योंकि आप स्क्रिप्ट के अनुसार कास्ट करते हैं इसलिए प्रत्येक अभिनेता को वेटेज दिया जाता है।

**■ आप भारत के क्षेत्र विशेष से संबंधित पात्रों की जातीयता के प्रति सच्चे कैसे रहते हैं?**

मैं इस बात पर ज्यादा जोर नहीं दे सकता कि कैसे हमारे देश के हर हिस्से में बेहतरीन अभिनय प्रतिभा है। आम तौर पर लोग हर संभव स्थिति के प्रति अधिक जागरूक व अधिक संवेदनशील हो गए हैं, और अभिनेता खासकर, जब से वे हर चीज के बारे में अधिक दृढ़ता से महसूस करते हैं और महसूस करते हैं। इसलिए, लक्ष्य सही समय पर सही कहानी के लिए सही अभिनेताओं तक पहुंचना है, और यह काम सबसे आसान है। वास्तविकता में लिपटी कहानियों का यह उद्भव, और सही कलाकारों को प्राप्त करना भी अनिवार्यतया स्टार व्यवस्था के साथ परे हो गया है। बड़े सुपरस्टार्स की मौजूदगी के कारण अब दर्शक कोई खास फिल्म या सीरीज नहीं देखना चाहते।

# स्टाइल में कभी पुराने न हों

रेयान, नायलॉन और पॉलिएस्टर के विपरीत, जो कि मानव निर्मित होते हैं, रेशम की उत्पत्ति प्राकृतिक होती है। इसका मतलब है कि वे पर्यावरण के अनुकूल हैं, अधिक अवशोषनकारी हैं और इस कारण, सभी मौसमों में पहनने के लिए आरामदायक हैं। रेशमी कपड़ों के सतत उपयोग के तरीके साझा कर रही हैं **प्रशंसा साहा**







पिछले कुछ वर्षों ने स्थायी जीवन संबंधी विमर्श को फिर से मजबूत किया है। कोविड-19 लॉकडाउन ने सार्वजनिक व निजी, दोनों तरह के जीवन का गंभीर पुनर्मूल्यांकन किया। वर्क फ्रॉम होम के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनने से, पर्यावरण संबंधी चिंताएं अब एक अमूर्त अवधारणा नहीं रह गई थीं। अधिक से अधिक लोगों ने न्यूनतर जीवन शैली को अपना नया सामान्य बना लिया, और टिकाऊ फैशन ने लोकप्रियता हासिल की।

टिकाऊ फैशन की ओर पहला कदम, सिंथेटिक कपड़ों के विपरीत प्राकृतिक कपड़ों की ओर वापस लौटना था। रेयान, नायलॉन और पॉलिएस्टर के विपरीत, जो मानव निर्मित होते हैं, रेशम की उत्पत्ति प्राकृतिक होती है। इसका मतलब है कि वे पर्यावरण के अनुकूल हैं, अधिक अवशोषनकारी हैं और इस कारण, सभी मौसमों में पहनने के लिए आरामदायक हैं।

**अपनी रेशमी साड़ियों को फिर से स्टाइल करें**

भारत विविध परंपराओं का देश है। इसका मतलब है कि आप अपनी साड़ी को पंद्रहवीं बार पहन सकती हैं, हर बार एक नया लुक दे सकती हैं। इंटरनेट से, रचनात्मक संभावनाएं अनंत हैं। आप अपनी साड़ी को जींस और क्रॉप टॉप के साथ पहन सकती हैं, धोती स्टाइल में पहन सकती हैं या पीछे की बजाय सामने की तरफअपना पल्लू भी ले सकती हैं।

**पुनर्प्रयोग जारी रखें**

सालों से सिल्क की साड़ी रखे हुए हैं लेकिन यह नहीं जानतीं कि इसका दोबारा इस्तेमाल कैसे किया जाए?इसका पुनर्प्रयोग करें! सिंथेटिक कपड़ों के विपरीत, रेशम न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी अच्छा होता है। बनावट में समृद्ध, इसकी चमक लंबे समय तक चलती है। यह कपड़े को कई तरह से इस्तेमाल करने का मौका देता है। इसके लिए हमारी बात पर यकीन न करें, बस मशहूर हस्तियों से पूछें। आपकी मां की रेशम की साड़ी को लहंगे, दुपट्टे और यहां तक कि पलाजो में भी बदला जा सकता है।

**उन ब्रोकेड्स को बनाएं रॉकिंग**

वेस्टर्न हो, इंडियन हो या फ्यूजन, ब्रोकेड किसी भी आउटफिट में चार चांद लगा देता है। रचनात्मकता और चतुर स्टाइल के जरिए, आप ब्लाउज या शर्ट के साथ ब्रोकेड स्कर्ट पहन सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय फैशन में एक और लोकप्रिय वस्तु ब्रोकेड जैकेट है जिसे भारतीय और पश्चिमी दोनों पहनावों के साथ, एक दूसरे के स्थान पर पहना जा सकता है। समकालीन फैशन में यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश लोग चाहते हैं कि उनके पहनावा सामग्रियों को कई बार, विभिन्न तरीकों से, समकालीन और जातीय ढंग से पहना जाए।

**अलग दिखता है रेशम**

आज के जमाने में, जहां बाजार में हर कीमत पर फास्ट फैशन उपलब्ध है, रेशम सबसे अलग दिखता है। पूर्व के विपरीत जो अल्पकालिक प्रवृत्तियों व त्वरित उपभोक्तावाद से प्रेरित है, शुद्ध रेशम इसकी लागत को उचित ठहराता है क्योंकि न केवल इसका लंबा उपयोग होता है, यह कभी भी शैली के स्तर पर पुराना नहीं पड़ता है।

यही कारण है कि रेशम की साड़ियां खरीदते समय पारंपरिक, अधिक क्लासिक प्रिंट का चुनाव करना सबसे अच्छा है। यह खरीदार को ताजा चलन के बावजूद इसे लंबे समय तक पहनने का अवसर देता है। इसी तरह, पारंपरिक रेशमी कपड़े खरीदकर, देश भर के स्वदेशी बुनकरों और कारीगरों को नौकरी के अवसर मिलते हैं और विस्तार से यह सुनिश्चित होता है कि संस्कृति जीवित और जीवंत रहे।

**पहनें, फिर से पहनें और बार बार पहनें**

एक पोशाक को दोहराना न केवल ठीक है, यह अनुशंसित भी है! टिकाऊ रहन सहन का मतलब है कि आप जो खरीदते हैं उसका अधिकतम लाभ उठाएं। इसमें आपके कपड़े शामिल हैं। कपड़ों को रिपीट करना अब कोई गलत बात नहीं है, बल्कि यह फैशनेबल है। केट मिडलटन, दीपिका पादुकोण या टिफ्नी हदीश हों, अधिक से अधिक हस्तियां अपने पहनावों को आत्मविश्वास और शैली के साथ दोहराकर टिकाऊ फैशन का अभ्यास कर रही हैं।

**डिजाइन ऑफ रेशमांडी की वाइस प्रेसिडेंट प्रशंसा साहा के सौजन्य से**

## टेली कथा

### आईटी के जरिए शिक्षण




प्रतिष्ठित वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर विज्ञान स्नातक राजेश बाबू कोडाली ने नाबालिग होते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका से डेटाबेस सिस्टम में सूचना प्रणाली में स्नातकोत्तर पूरा किया। कोडाली प्रौद्योगिकी व डेटा खनन के चुनौतीपूर्ण व विविधतापूर्ण उद्योग में एक उद्यमी हैं।

कोडाली कहते हैं कि उद्यमी बनना एक असाधारण यात्रा रही है। उन्होंने उद्योग विशेषज्ञ बनने के रास्ते में आने वाली चुनौतियों और सबकों के बारे में विस्तार से बताया।

कोडाली का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी यात्रा में चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन उन्हें चुनौतियों को हमेशा सीखने और बढ़ने के माध्यम के रूप में देखा है।

### अनकहा वृत्तांत



भारतीय पौराणिक कथाओं के अनुसार, गरुड़ के पंख उनकी शक्ति और पराक्रम का प्रतीक थे, जो ब्रह्मांड के मोड़ को प्रभावित कर सकते थे। उनके समर्पण और अटूट साहस की कहानी हमारे इतिहास के पन्नों में अंकित है। और यह समय है, हम उसे देखते हैं। सोनी सब धर्म योद्धा गरुड़ की अनकही कहानी प्रस्तुत करने और दुनिया के सामने एक सच्चा नायक पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसका जीवन निस्वार्थता, ईमानदारी, आज्ञाकारिता और बहादुरी से ओतप्रोत है। गरुड़ (फैसल खान) का जन्म ऋषि कश्यप (ऋषिकेश पांडे) और विंटा (तोरल रासपुत्र) के लिए महाशक्तियों के साथ हुआ था।

### जीवंत शोले



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र इस सप्ताह के अंत में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के लोकप्रिय टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के सेट की शोभा बढ़ाएंगे! इस शानदार अभिनेता के जीवन और करियर का जश्न मनाते हुए, शीर्ष 14 प्रतियोगी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए और धरम जी स्पेशल एपिसोड के दौरान अभिनेता को विशेष महसूस कराते हुए दिखाई देंगे! इतना ही नहीं धरम जी और उनके प्यारे दोस्त और शो की जज किरण खेर भी कई सालों बाद एक साथ स्टेज शेयर करते नजर आएंगे।

### निडर वास्तविकता की दुनिया

भारत के सबसे बड़े और सबसे निडर रियलिटी शो, लॉक अप: बदमाश जेल अत्याचारी खेल के भव्य लॉन्च के बाद, हाल ही में मुंबई में बड़ी धूमधाम से, स्ट्रीमिंग दिग्गज ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर ने अब सबसे नाटकीय व रोमांचकारी रियलिटी शो के धमाकेदार ट्रेलर का राजधानी शहर, नयी दिल्ली में अनावरण किया है। वे घरेलू स्ट्रीमिंग दिग्गजों की विरासत से सामग्री का एक और प्रगतिशील व निर्बाध अंश लॉन्च कर रहे हैं। बहुप्रतीक्षित ट्रेलर को कनॉट प्लेस के पीवीआर प्लाजा में ओटीटी डिसरप्टर व कंटेंट जरीना एकता आर कपूर, निडर मेजबान कंगना रानावत, करण बेदी, सीईओ- एमएक्स मीडिया और जुल्फिकार खान, सीईओ- ऑल्ट बालाजी की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। लॉक अप सभी सामग्रियों के साथ एक आकर्षक कैप्टिव रियलिटी शो होने का वादा करता है जो आपको अपनी सीट से बांधे रखेगा।

### अच्छे के लिए टीम बनाना




वे कहते हैं कि विरोधी आकर्षित करते हैं, और इस साल एक सर्वाधिक रोमांचक निर्देशक-अभिनेता सहयोग के एक साथ मिलकर सामने आने से बढ़कर कोई दूसरा सच नहीं हो सकता है। लेखक-निर्देशक-निर्माता नंदिता दास ने कपिल शर्मा के साथ टीम बनाई, जिसे एक अभूतपूर्व अवतार में दिखाया गया, क्योंकि वह एक फूड डिलीवरी पहुंचाने वाले की भूमिका में सामने आते हैं। कपिल के साथ शाहाना गोस्वामी भी होंगी, जो उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट और नंदिता दास इनिशिएटिव्स द्वारा किया जा रहा है। इस महीने के अंत में शूटिंग के लिए जाने वाली फिल्म की पृष्ठभूमि उड़ीसा का शहर भुवनेश्वर है।

दास कहती हैं, ''फिल्म में वही दिखाने की कोशिश की गई है जो आम लोगों की नजरों से छिपा रह जाता है। और इसके लिए कास्ट और क्रू परस्पर मेल खाते हुए एक साथ आए हैं। एक दिन मेरी स्क्रीन पर कपिल शर्मा आए! मैंने उनका शो नहीं देखा था, लेकिन मैं उन्हें पूरी तरह से आम आदमी का प्रतिनिधित्व करते हुए देख सकती थी, भले ही वह अब वैसे नहीं हैं! मुझे यकीन है कि वह अपनी स्वाभाविक बेबाकी से स्वयं समेत सभी को हैरान कर देंगे। मैं अद्भुत अभिनेत्री और व्यक्तित्व शाहाना के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्सुक हूं। और समीर (नायर) में मुझे एक सच्चा निर्माता साथी मिला है।'' कपिल शर्मा कहते हैं, ''मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं, इसलिए नहीं कि मैं एक फिल्म कर रहा हूं, बल्कि इसलिए कि मैं नंदिता दास की फिल्म कर रहा हूं।''

# टी-20 विश्व कप के लिए टीम तैयार: द्रविड़

## ●हम सभी खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं

**भाषा**। कोलकाता



**सही** संयोजन तैयार करना मुश्किल हो सकता है और इसके लिए कोई निर्धारित फार्मूला नहीं है लेकिन भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि वह और कप्तान रोहित शर्मा इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप के लिए टीम संयोजन को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं।

यूएई में पिछले साल खेले गए विश्व कप में भारत के ग्रुप चरण से बाहर होने के रवि शास्त्री की जगह कोच पद संभालने वाले पूर्व कप्तान द्रविड़ की पहली बड़ी परीक्षा आस्ट्रेलिया में होगी। द्रविड़ ने कहा कि वह और रोहित जानते हैं कि विश्व कप में टीम संयोजन क्या होना चाहिए। द्रविड़ ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे और रोहित तथा चयनकर्ताओं और प्रबंधन के बीच इसको (टीम संयोजन) लेकर स्पष्ट तस्वीर है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसका कोई तय फार्मूला है लेकिन हम टी-20 विश्व कप के लिए संयोजन और संतुलन को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। हम इसी के इर्द गिर्द टीम को तैयार कर रहे हैं और खिलाड़ियों के कार्यभार को संतुलित कर रहे हैं।

द्रविड़ ने कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए हमें कैसा कौशल चाहिए उसको लेकर हमारी राय स्पष्ट है जिसके आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने कोई निश्चित मानदंड तय नहीं किए हैं लेकिन हम सभी को उचित मौका देना चाहते हैं। भारत के कुछ खिलाड़ी चोटिल होने तो कुछ विश्राम दिए जाने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए और द्रविड़ ने कहा कि पूरी प्रक्रिया सभी खिलाड़ियों (बैक अप) को तैयार रखने से जुड़ी है।

उन्होंने कहा कि हम जिस दौर में जी रहे हैं उसमें यह आसान नहीं है। मुझे नहीं लगता कि इसकी कोई समय सीमा है जब आप यह कह सको कि यह टीम तय है। द्रविड़ ने कहा कि हम स्वयं को केवल 15 खिलाड़ियों तक सीमित नहीं करना चाहते हैं। हम खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं जब तक हम विश्व कप खेलने के लिए जाएं हमारे कुछ खिलाड़ियों को कम से कम 10-15-20 मैचों का अनुभव हो।

उन्होंने कहा कि इससे रोहित को उनके साथ खेलने, उन्हें अपनी मनमाफिक स्थिति में गेंदबाजी सौंपने का मौका मिलेगा लेकिन संतुलन बनाए रखने के लिए हमें किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में कुछ बैक अप भी चाहिए।

द्रविड़ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन का पूरा समर्थन किया जो श्रृंखला में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

उन्होंने कहा कि इशान को उनकी क्षमता, प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। यहां तक कि रुतुराज गायकवाड़ और आवेश खान का भी हम एक मैच के आधार पर आकलन नहीं कर रहे हैं। वे इसलिए यहां हैं क्योंकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और वे इसके हकदार थे।

## ऋद्धिमान साहा अपनी स्थिति को लेकर स्पष्टता का हकदार था : कोच

**कोलकाता**। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ इस बात से आहत नहीं हैं कि ऋद्धिमान साहा ने अपने भविष्य को लेकर उन दोनों के बीच हुई बातचीत का खुलासा कर दिया क्योंकि उनका मानना है कि यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज सच्चाई और स्पष्टता का हकदार था। साहा को हाल में भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने मीडिया से कहा कि पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद द्रविड़ ने उन्हें आपसी बातचीत में संन्यास लेने पर विचार करने की सलाह दी थी। द्रविड़ ने कहा कि साहा से बात करने के पीछे उनका इरादा यह सुनिश्चित करना था कि उन्हें यह स्पष्ट तौर पर पता हो कि टीम में उनकी स्थिति क्या है और उन्हें इसका पछतावा नहीं है। द्रविड़ ने कहा कि मैं वास्तव में आहत नहीं हूं। मैं साहा तथा भारतीय क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों और योगदान का बहुत सम्मान करता हूं। मेरी बातचीत इसी संदर्भ में थी। मुझे लगता है कि वह सच्चाई और स्पष्टता के हकदार हैं। साहा ने भारत की तरफ से 40 टेस्ट मैच खेले हैं। इस 37 वर्षीय विकेटकीपर को श्रृंखला के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया। वह रणजी ट्राफी में भी नहीं खेल रहे हैं। द्रविड़ ने कहा कि वह आगे भी खिलाड़ियों से इस तरह की स्पष्ट बातचीत जारी रखेंगे भले ही उन्हें यह रास आए या नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातचीत मैं लगातार खिलाड़ियों के साथ करता हूं। मैं यह उम्मीद भी नहीं करता कि मैं खिलाड़ियों के बारे में जो कुछ कहता हूं वे हमेशा उससे सहमत होंगे। द्रविड़ ने कहा किआप खिलाड़ियों के साथ कड़ी बातचीत कर सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप बातों को दबाकर रखें और बातचीत ना करें।

# वेस्टइंडीज को अपमानित महसूस नहीं करना चाहिए : कीरोन पोलार्ड

**भाषा**। कोलकाता

**वेस्टइंडीज** को टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में 0-3 में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन कैरेबियाई कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि उनकी टीम को अपमानित महसूस नहीं करना चाहिए क्योंकि भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में स्कोर लाइन उनकी टीम के जुझारूपन का संकेत नहीं है।

पोलार्ड ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हां हम 3-0 से हार गए, लेकिन खिलाड़ियों ने जुझारूपन दिखाया। मुझे नहीं लगता हमें अपमानित महसूस करना चाहिए। हम हार से खुश नहीं हैं। हम मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के पास दूसरे टी-20 मैच में जीत का बहुत अच्छा मौका था जब रोवमैन पावेल और निकोलस पूरन ने आक्रामक अर्धशतक जमाए थे। भारत ने हालांकि भुवनेश्वर कुमार की शानदार गेंदबाजी से वापसी की और आठ रन से जीत दर्ज की। पोलार्ड ने कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीत और हार के बीच के मामूली अंतर का पता चलता है। इससे गेंदबाजी या बल्लेबाजी में गलतियों के अंतर का पता चलता है। उन्होंने कहा कि आखिरी ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना ऐसा क्षेत्र हैं जिस पर हमें काम करने की जरूरत है। जहां तक पहले 15 ओवर की बात है तो हमें लगता है कि हम जैसा चाहते थे वैसा प्रदर्शन किया।

वेस्टइंडीज के लिए सबसे सकारात्मक पहलू विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन की फॉर्म में वापसी रही जिन्होंने तीन अर्धशतक जमाए तथा 61.33 की औसत से 184 रन बनाए। पोलार्ड ने कहा कि मेरा मानना है कि यह अच्छी श्रृंखला रही। खिलाड़ियों ने जिम्मा संभाला। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं और चीजों के व्यवस्थित होने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि निकोलस ने बेजोड़ प्रदर्शन किया। उसने निरंतरता दिखाई। वह युवा खिलाड़ी और हम चाहते हैं कि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन करे। वह अब भी सीख रहा है।

# आईसीसी टी-20 रैंकिग में शीर्ष पर पहुंचा भारत

**भाषा**। दुबई

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने से भारत सोमवार को आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत ने कोलकाता में रविवार को तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। इस शानदार प्रदर्शन से भारत टी-20 टीम रैंकिंग में इंग्लैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की भी इंग्लैंड के बराबर 269 रेटिंग है। भारत इससे पहले 2016 में नंबर एक पर पहुंचा था। वह तब दो महीने से थोड़ा अधिक समय तक शीर्ष पर काबिज रहा था। भारत और इंग्लैंड दोनों की 39 मैचों में 269 रेटिंग है लेकिन भारत के 10,484 अंक हैं जो कि इंग्लैंड (10474) से 10 अधिक हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार पाकिस्तान (रेटिंग 266), न्यूजीलैंड (255) और दक्षिण अफ्रीका (253) शीर्ष पांच में शामिल हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया (249) श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में 4-1 से जीत के बाद छठे स्थान पर बना हुआ है।

वेस्टइंडीज (235) सातवें नंबर पर है। उसके बाद अफगानिस्तान (232), श्रीलंका (231) और बांग्लादेश (231) का नंबर आता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई श्रृंखला से पहले भारत ने पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड को घरेलू मैदानों पर 3-0 से हराया था।

# पाक में स्पिन की चुनौती के लिए तैयार हैं लाबुशेन

**एपी**। ब्रिसबेन



**आस्ट्रेलिया** के मार्नस लाबुशेन का मानना है कि पाकिस्तान के आगामी दौरे पर अगर किसी चीज को लेकर उनकी टीम समस्या हो सकती है तो वह स्पिन गेंदबाजी का सामना करना है। पिछले महीने एशेज में इंग्लैंड को 4-0 से रौंदने के बाद आस्ट्रेलिया अब दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम है।

आस्ट्रेलिया की टीम हालांकि 24 साल के लंबे इंतजार के बाद पाकिस्तान का दौरा कर रही है और लाबुशेन को नहीं पता कि उन्हें स्पिन को लेकर किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका में जन्में लाबुशेन टेस्ट क्रिकेट में अपने मार्गदर्शक स्टीव स्मिथ के साथ शीर्ष के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल हैं। इसलिए हैरानी की कोई बात नहीं है कि इस बल्लेबाज ने स्मिथ से सलाह मशविरा किया और फिर अपने घर के पीछे बल्लेबाजी के अभ्यास के लिए स्पिन जैसी परिस्थितियां तैयार करने के लिए मैट पर एल्युमीनियम और धातु के टुकड़ों से ट्रैक तैयार किया। लाबुशेन ने इस अभ्यास विकेट का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है और लोगों ने तैयारी करने के उनके इस नए तरीके की सराहना की है। पाकिस्तान दौरे पर आस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैच, तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा।

## भूटिया ने गुवाहाटी में फुटबॉल मैदान की मांग करने वालों का समर्थन किया

**गुवाहाटी**। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने गुवाहाटी में फुटबॉल के मैदानों की मांग का समर्थन किया हैं। कई खिलाड़ियों ने इस मांग को लेकर यहां विरोध प्रदर्शन किया था। भूटिया ने ट्वीट किया कि यह देखकर दुख हुआ कि युवा और पुराने फुटबॉल खिलाड़ी अपने खेलने के लिए फुटबॉल के मैदानों को बचाने की मांग के साथ सड़कों पर उतर आए।

उम्मीद करता हूं कि असम सरकार उनकी मांगों को सुनेगी। राज्य भर के 500 से अधिक फुटबॉलरों ने रविवार को शहर में विरोध रैली में हिस्सा लिया। वे मांग कर रहे थे कि उन्हें कुछ मैदान उपलब्ध कराए जाएं जहां वे फुटबॉल खेल सकें। अखिल असम फुटबॉल खिलाड़ी संघ के अध्यक्ष हेम दास ने कहा कि गुवाहाटी में फुटबॉल खेलने के लिए एक भी फुटबॉल मैदान नहीं है।



इकाना स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले पहले टी-20 मुकाबले के लखनऊ पहुंची भारतीय टीम। टीम के सदस्य चौधरी चरण सिंह स्टेडियम से बाहर निकलते हुए। यह मैच दर्शकों के बगैर खेला जाएगा

## यूपी योद्धा और बेंगलुरू बुल्स सेमीफाइनल में

**बेंगलुरू**। यूपी योद्धा और बेंगलुरू बुल्स ने अपने एलिमिनेटर मुकाबले जीतकर प्रो कबड्डी लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रदीप नारवाल के 18 अंक की बदौलत यूपी योद्धा ने पहले एलिमिनेटर में पुणेरी पल्टन को 42-31 से हराया जबकि दूसरे एलिमिनेटर में बेंगलुरू बुल्स ने गुजरात जाइंट्स को 49-29 हराय। सेमीफाइनल में यूपी योद्धा का सामना बुधवार को लीग अंक तालिका में शीर्ष पर रहे पटना पाइरेट्स से होगा जबकि इसी दिन बेंगलुरू बुल्स की भिड़ंत दबंग दिल्ली से होगी। पहले हाफ के शुरुआती मिनटों में आठ अंक से पिछड़ने के बाद यूपी योद्धा ने जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नरवाल का नितीश कुमार (तीन अंक) और सुमित (पांच अंक) ने अच्छा साथ दिया। पुणेरी पल्टर के लिए असलम इनामदार ने सुपर 10 (10 अंक) बनाया लेकिन अन्य खिलाड़ियों से उन्हें जरूरी समर्थन नहीं मिला।

# प्रागननंदा ने विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया

**भाषा**। चेन्नई



**भारत** के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रागननंदा ने ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। प्रागननंदा ने सोमवार की सुबह खेली गई बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन को 39 चाल में हराया। उन्होंने इस तरह से कार्लसन के विजय अभियान पर भी रोक लगाई जिन्होंने इससे पहले लगातार तीन बाजियां जीती थी।

भारतीय ग्रैंडमास्टर के इस जीत से आठ अंक हो गए हैं और वह आठवें दौर के बाद संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। पिछले दौर की बाजियों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले प्रागननंदा की कार्लसन पर जीत अप्रत्याशित रही। उन्होंने इससे पहले केवल लेव आरोनियन के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इसके अलावा प्रागननंदा ने दो बाजियां ड्रा खेली जबकि चार बाजियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अनीश गिरी और क्वांग लीम के खिलाफ बाजियां ड्रा कराई थी जबकि एरिक हैनसेन, डिंग लिरेन, जान क्रिज़्स्टोफ डूडा और शखरियार मामेदयारोव से उन्हें हार झेलनी पड़ी थी।

कुछ महीने पहले नार्वे के कार्लसन से विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला हारने वाले रूस के इयान नेपोमनियाचची 19 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद डिंग लिरेन और हैनसेन (दोनों 15 अंक) का नंबर आता है।

# हार का क्रम तोड़ने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

**महिला वनडे**

**भाषा**। क्वींसटाउन

**श्रृंखला** जीतने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की कमियों को दूर करके इस दौरे में हार का क्रम तोड़ने की कोशिश करेगी। भारत को मेजबान न्यूजीलैंड से तीसरे मैच में तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी गंवा दी थी। पिछले 12 महीनों में भारतीय टीम की सीमित ओवरों की श्रृंखला में यह चौथी हार है। इससे पहले उसे दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के वर्तमान दौर में एकमात्र टी-20 में यदि बल्लेबाज नहीं चले तो वनडे मैचों में गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इससे न्यूजीलैंड की टीम ने बड़े लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिए। अब जबकि विश्व कप सामने है तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम को अगले दो मैचों में अपनी कमजोरियों से पार पाना होगा। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और तेज गेंदबाज मेघना सिंह की वापसी से टीम को मजबूती मिली है।

गेंदबाजी विभाग में केवल अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई। उन्होंने तीसरे वनडे में तीन विकेट निकालकर न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम थर्रा दिया था लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलने के कारण कीवी टीम इन झटकों से उबरने में सफल रही।

मेघना की वापसी के बाद भारत अगले दो मैचों में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा।

## भारत को डेनमार्क की कमजोरी का फायदा उठाना चाहिए: अमृतराज

**भाषा**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** टीम के पूर्व कप्तान आनंद अमृतराज का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यहां चार और पांच मार्च को होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के खिलाड़ियों की घास के कोर्ट पर कमजोरियों का फायदा उठाना चाहिए। डेविस कप फाइनल में पहुंचने वाली टीम का दो बार हिस्सा रह चुके अमृतराज ने दिल्ली जिमखाना क्लब के घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले मुकाबले में भारत को जीत का प्रबल दावेदार बताया।

अमृतराज ने कहा कि तथ्य यह है कि हमें घास (के कोर्ट पर) पर मैच आयोजित करने का मौका मिला है, इससे बड़ा फायदा होगा। डेनमार्क के खिलाड़ियों को धीमी गति वाले हार्ड कोर्ट और क्ले कोर्ट पर खेलने की आदत है। वे घास के तेज कोर्ट को पसंद नहीं करते है।

# बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक दो मार्च को

## ●सीके नायुडु ट्राफी और महिला टी-20 कराने पर लिया जाएगा फैसला

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की दो मार्च को होने वाली शीर्ष परिषद की वर्चुअल बैठक में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित की गई सीके नायुडु ट्राफी और महिला टी-20 का फैसला किया जाएगा और इसके साथ ही 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप की स्थानीय आयोजन समिति को गठित किए जाने की संभावना है।

अंडर-25 क्रिकेटरों के लिए सीके नायुडु ट्राफी और महिलाओं का सीनियर टी-20 टूर्नामेंट देश में कोविड-19 मामलों के बढ़ने के कारण पिछले महीने स्थगित कर दिए गए थे। रणजी ट्राफी को भी स्थगित किया गया था लेकिन संक्रमण की दर कम होने के बाद बीसीसीआई ने 17 फरवरी से इसका आयोजन करने का फैसला किया। इसके पहले चरण के मैच रविवार को समाप्त हुए। बैठक के 14 सूत्रीय एजेंडा में इन दोनों प्रतियोगिताओं के आयोजन पर फैसला करना शामिल है क्योंकि देश में अब कोविड-19 की स्थिति में काफी सुधार आ गया है।

एजेंडे में वनडे विश्व कप 2023 के लिए एलओसी का गठन भी शामिल है। पिछले साल महामारी के कारण भारत में टी-20 विश्व कप का आयोजन नहीं हो पाया था लेकिन बीसीसीआई अगले साल आईसीसी की एक अन्य प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए तैयार है। पिछले महीने धीरज मल्होत्रा के त्यागपत्र दिए जाने के बाद महाप्रबंधक खेल विकास की नियुक्ति पर भी फैसला किया जाएगा।

# अलकारेज ने श्वार्टजमैन को हराकर रियो ओपन जीता



**एपी**। रियो डी जेनेरियो

**स्पेन** के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-2 से हराकर रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय अलकारेज ने तीसरी वरीयता प्राप्त श्वार्टजमैन को एक घंटा 26 मिनट में शिकस्त दी। सातवीं वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी ने दो साल पहले रियो डी जेनेरियो में ही अपना पहला पेशेवर मैच जीता था जबकि पिछले साल उन्होंने क्रोएशिया के उमाग में अपनी पहली खिताबी जीत हासिल की थी। अलकारेज ने खिताब अपनी राह में शीर्ष वरीयता प्राप्त माटियो बेरेटिनी को क्वार्टर फाइनल में और फिर इटली के एक अन्य खिलाड़ी फैबियो फोगनिनी को सेमीफाइनल में हराया था।

## मुक्केबाजी में सुमित ने विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता को हराया

**नई दिल्ली**। भारतीय मुक्केबाज सुमित कुंदु (75 किग्रा) ने बुल्गारिया के सोफिया में 73वें स्ट्रेंड्जा मेमोरियल में टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता रूस के झामबुलात बिझामोव को हराकर शानदार शुरूआत की जबकि तीन अन्य भारतीय खिलाड़ियों को अपने पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। सीनियर स्तर पर अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सुमित ने रविवार को अपने प्रतिद्वंद्वी पर 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनके सामने यूक्रेन के अलेक्जेंडर खिज्नियाक की चुनौती होगी।

नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक), वरिंदर सिंह (60 किग्रा) और लक्ष्य चाहर (86 किग्रा) हालांकि अपने शुरुआती दौर में हार गए। नरेंद्र को स्पेन के अयूब गद्दा द्रिसी ने 3-2 से हराया।

# ऑबमाएंग की हैट्रिक, बार्सिलोना की बड़ी जीत

**स्पेनिश फुटबॉल लीग**

**एपी**। मैड्रिड

**बार्सिलोना** ने हाल में टीम से जुड़ने वाले पियरे एमरिक ऑबमाएंग की हैट्रिक की मदद से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में वेलेंसिया पर 4-1 गोल से बड़ी जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने ऑबमाएंग को हाल में आर्सनल से लिया था और इस खिलाड़ी ने अपनी नई टीम की तरफ से रविवार को अपना पहला गोल भी किया। ऑबमाएंग ने 23वें, 38वें और 63वें मिनट में गोल किए। बार्सिलोना की तरफ से अन्य गोल फ्रेंकी डि जोंग ने 32वें मिनट में किया।

इस जीत से बार्सिलोना फिर से चौथे स्थान पर पहुंच गया है जो कि चैंपियन्स लीग में जगह बनाने के लिए अंतिम स्थान है।

मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड पांचवें स्थान पर है। उसने एक अन्य मैच में ओसासुना को 3-0 से पराजित किया। बार्सिलोना शीर्ष पर चल रहे रीयल मैड्रिड से 15 अंक पीछे है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। दूसरे स्थान पर काबिज सेविला ने एस्पेनयोल से अपना मैच 1-1 से ड्रा खेला जिससे वह रीयल मैड्रिड से छह अंक पीछे हो गया है। रीयल मैड्रिड ने शनिवार को अलावेस को 3-0 से हराया था। तीसरे स्थान की टीम रीयाल बेटिस ने मालोर्का पर 2-1 गोल से जीत दर्ज की। इससे उसके और सेविला के बीच अब केवल पांच अंक का अंतर रह गया है।



हैट्रिक पूरी करने के बाद पियरे एमरिक ऑबमाएंग

## लेवानडोवस्की ने बायर्न को दिलाई बड़ी जीत



**बर्लिन**। बायर्न म्यूनिख ने रॉबर्ट लेवानडोवस्की और बोरुसिया डोर्टमंड ने मार्को रियुस के शानदार प्रदर्शन से जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में बड़ी जीत दर्ज की। लेवानडोवस्की ने दो गोल दागे जिससे बायर्न ने रविवार को खेले गए मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करके ग्रेटर फोर्थ को 4-1 गोल से हराया। दूसरी तरफ रियुस ने भी दो गोल किए जिससे डोर्टमंड ने बोरुसिया मोंगशेनलाबाख को 6-0 से करारी शिकस्त दी।

लेवानडोवस्की लीग में अब तक 23 मैचों में 28 गोल दाग चुके हैं। उनके शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने दूसरे स्थान की टीम डोर्टमंड पर छह अंक की बढ़त बरकरार रखी है। एक अन्य मैच में लीपजिग ने हेर्था बर्लिन को 6-1 गोल से शिकस्त देकर चौथा स्थान हासिल कर लिया जो कि चैंपियन्स लीग क्वालीफिकेशन का अंतिम स्थान है।

## एफआईएच प्रो लीग के लिए भुवनेश्वर पहुंची स्पेन की टीम

**भाषा**। भुवनेश्वर

**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता भारत के खिलाफ 26 और 27 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के दो चरण के मुकाबले के लिए स्पेन की पुरुष हॉकी टीम सोमवार को यहां पहुंच गई। इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ अपने दोनों शुरुआती मुकाबले गंवाने वाली दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन प्रो लीग के मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश में भारत आई है।

स्पेन के मुख्य कोच मैक्स केलडस ने कहा कि हम इंग्लैंड के खिलाफ हार को लेकर काफी चिंतित नहीं हैं। हमने अभी शुरुआत की है, हमने सिर्फ दो मुकाबले खेले हैं इसलिए मैं अभी जीतने या हारने को अभी अधिक तवज्जो नहीं दूंगा। अपने शुरुआती मुकाबलों में हम बेहद प्रतिस्पर्धी थे और भारत के खिलाफ हम अपने ब्रांड की हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे।